हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com
धनबाद, रविवार 06 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 185, मूल्य : 2 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

## हर झारखण्डी का अपना आवास
# अबुआ आवास

अबुआ आवास योजना
अंतर्गत

# 25 लाख+ परिवारों को आवास



बहुत तकलीफ में थे। मिट्टी का पूरा घर बारिश में टपकता था। मुझे फिर अबुआ आवास मिला। इसकी तीसरी किश्त मुझे मिल गयी है। जल्द मेरा घर भी बन जायेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी का बहुत-बहुत आभार, जोहार।

**उर्मिला देवी, हजारीबाग**

**8 लाख** आवास पर शुरू हुआ काम

**तीन कमरों** का पक्का मकान एवं रसोई घर का हो रहा निर्माण

**₹2 लाख** की सहायता राशि मिल रही प्रति आवास



PR No. 338157 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 185, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe

Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### जिला परिषद की बैठक में हंगामा, आक्रोशित जनप्रतिनिधि ने इंजीनियर पर फेंका बोतल

धनबाद।धनबाद जिला परिषद की बैठक में शनिवार को हंगामा हो गया।दरअसल इस बैठक में लक्ष्मी मुर्मू नामक जनप्रतिनिधि ने एक कार्यपालक इंजीनियर पर बोतल फेंक दिया।जिससे अधिकारी नाराज हो गए और उस मीटिंग को छोड़ कर चले गए।सभी अभियंता उनके इस हरकत का जोरदार विरोध कर रहा है।हालांकि, बोतल किस वजह से फेंकी गयी इसकी सपष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।दरअसल डीआरडीए का जिला परिषद में विलय को लेकर यह बैठक बुलाई गई थी। लेकिन बैठक के दौरान किसी बात को लेकर धनबाद की जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी मुर्मू की सामने बैठे अधिकारियों से किसी बात को लेकर बहस गई।बात यहां तक बढ़ गई कि बैठक में अधिकारियों से उनकी तू-तू मैं मैं हो गई। इस बीच आक्रोशित जनप्रतिनिधि लक्ष्मी मुर्मू ने सामने बैठे अधिकारी पर पानी का बोतल फेंक दिया। बैठक के एक जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने मामले को शांत करने कोशिश की, लेकिन शांत नहीं हुआ। वह बार बार मीटिंग में शामिल लोगों से शांत होने की गुहार लगा रही थी।इधर जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी मुर्मू के इस हरकत से इंजीनियर नाराज हो गए और बैठक का बहिष्कार कर सदन से उठ कर चले गए।बैठक के बाद भी बाहर का माहौल बिल्कुल गहमा गहमी थी।

### अवैध खनन मामले में सीबीआइ के साथ इडी को भी जांच करने का आदेश

रांची।झारखंड हाइकोर्ट ने धनबाद में अवैध खनन के मामले में सीबीआइ के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को भी पीइ दर्ज कर प्रारंभिक जांच करने का आदेश दिया है।अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि प्रारंभिक जांच आरोपों को सही पाए जाने के बाद नियमित प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच करें। न्यायालय ने सभी पुलिस अफसरों को प्रारंभिक जांच में सीबीआइ को सहयोग करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने अरूप चटर्जी की ओर से दायर रिट याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार द्वारा अपनाए गए रवैये पर तल्ख टिप्पणी की है।इस मामले में अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि सरकार इस बात पर आमादा थी कि अदालत कोई आदेश पारित नहीं कर सके।अदालत ने याचिका पर सुनवाई करने और फैसला सुरक्षित रखने के बाद राज्य सरकार की ओर से दायर आइ संख्या-10676 को गंभीरता से लिया है।अदालत ने इस मामले में कहा कि याचिका पर सुनवाई के बाद 24 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था।

### सीआईएसएफ कैंप में जवान ने लगाई फांसी

धनबाद।चिरकुंडा थाना क्षेत्र के लायकडीह स्थित सीआईएसफ कैंप में शनिवार को 24 वर्षीय जवान आकाश कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव पंखे से लटकता पाया गया। आकाश पंजाब के पठानकोट का रहने वाला था।वह एक माह पहले ही ट्रंसफर होकर लायकडीह आया था कैंप में रहने वाले साथी जवानों ने वारदात की सूचना चिरकुंडा थाना पुलिस को दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और जांच-पड़ताल के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी की चपेट में आई बाइक.....दो युवकों की मौत

रामगढ़। झारखंड के रामगढ़ में एक पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा गोला थाना क्षेत्र में हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना के बाद मृतकों के गांव में मातम छाया हुआ है। पुलिस ने बताया कि गश्ती वाहन के चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर मृतक युवक के पिता तीरु मांझी की लिखित शिकायत पर दर्ज की गई है। पुलिस शिकायत में तीरु मांझी ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे और उसके साथी की मौत पुलिस गश्ती वाहन द्वारा टक्कर मरने के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि हादसे के वक्त दोनों युवक बाइक पर सवार थे और गश्ती वाहन की चपेट में आ गए। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि घटना कैसे हुई और इसमें किसकी गलती थी।

### 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली(ईएमएस)। नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी ने महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में 22 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। एनआईए ने एक आतंकी साजिश मामले को लेकर एक्शन लिया है। इसमें कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। एनआईए को आशंका है कि हिरासत में लिए गए लोगों का कनेक्शन आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से है। महाराष्ट्र के मालेगांव, जालना और संभाजीनगर में एनआईए की छापेमारी के दौरान एटीएस की टीम भी मौके पर पहुंची है।

# एमजीएम मेडिकल कॉलेज के नये भवन और ओपीडी का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन



जमशेदपुर । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मानगो के डीमना एमजीएम मेडिकल कॉलेज में नव निर्मित अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कहा कि आज कोल्हान, पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस क्षेत्र के आम जनमानस को बेहतर स्वस्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 500 बेड का एक भव्य अस्पताल हमारी सरकार समर्पित कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों से टाटा शहर में अवस्थित अस्पताल जनता की सेवा में था, वर्षों पुराना होने की वजह से उसकी स्थिति जर्जर होती जा रही थी। ऐसे में राज्य सरकार के निर्णय के अनुरूप एक नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आज से कोल्हान की जनता की सेवा में रहेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज बाबा तिलका मांझी मैदान, मानगो, जमशेदपुर में आयोजित एमजीएम अस्पताल डिमना, मानगो के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन एवं ओपीडी का शुभारंभ कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही।

#### कोरोना संक्रमण काल में झारखंड ने पूरे देश को उपलब्ध कराया मेडिकल ऑक्सीजन

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आप सभी को याद होगा कि जब राज्य में मेरे नेतृत्व में यहां के आदिवासी-मूलवासियों की अपनी सरकार का गठन 2019 में हुआ था उस समय सरकार के गठन के चंद दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने पूरी दुनिया को अपने चपेट में ले लिया। अचानक केंद्र सरकार का आदेश के अनुसार लॉकडाउन का आदेश हुआ और वह ऐसा आदेश था, जिससे पूरा भारत देश जहां का तहां खड़ा रह गया। पूरा देश रुक सा गया। सभी लोग अपने-अपने घरों में बंद रहने के लिए मजबूर हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमसभी को यह गर्व होना चाहिए कि देश के लोगों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित करने का काम झारखण्ड ने किया। पूरे देश में मेडिकल ऑक्सीजन सप्लाई करने में झारखण्ड नंबर 1 रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकट परिस्थिति के समय हमारी सरकार ने ऑक्सीजन सप्लाई कर पूरे देश के लोगों की जान बचाने का काम करती रही।

#### रोटी, कपड़ा, मकान और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में हुए सकारात्मक कार्य

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार शुरुआती दिनों से ही यहां के लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में झारखंड के लोग दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए जाते हैं, इसलिए हमारी सरकार ने कानून बनाया कि यहां जो उद्योग लगेंगे उसमें 75% स्थानीय युवाओं को नियोजित करना होगा। इस कानून का लाभ यहां के नौजवानों को मिला भी। आजकल निजी क्षेत्र में हमारे युवक-युवतियों को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य की महिलाओं को सम्मान देने का काम कर दिखाया है। "झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" के तहत महिलाओं के खाते में आर्थिक सहयोग जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के तहत दो किस्त का हस्तांतरण कर दिया है। अब जल्द ही तीसरी किस्त दुर्गा पूजा में जाएगा, ताकि आपका त्योहार खुशी पूर्वक मनायी जा सके।

#### केंद्र सरकार 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए उपलब्ध कराए तो महिलाओं के खातों में भेजेंगे 3 लाख रुपए

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार की कोयला कंपनियों पास झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपया बकाया है। अगर यह पैसा केंद्र सरकार झारखंड को उपलब्ध करा दे तो राज्य सरकार इस स्थिति में होगी कि हर महिला के खाते में तीन-तीन लाख रुपया भेज सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जमशेदपुर में भी नया मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनाने का निर्णय लिया गया है, जल्द इसकी आधारशिला रखी जाएगी। आपकी सरकार लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यवस्थाओं को मजबूत करने के प्रयास में जुटी है। जमशेदपुर के मानगो और पारीडीह में भी फ्लाईओवर का काम चल रहा है। बहुत जल्द इसमें वाहनों का परिचालन जमशेदपुरवासी शुरू कर सके, इसका प्रयास किया जा रहा है।

#### राज्यवासियों को कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से लाभ प्रदान किया जा रहा है।

किसानों का 2 लाख रुपए तक का ऋण माफ किया गया। गरीब बिजली उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक का बकाया बिजली बिल माफ किया गया साथ ही 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त कर दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू करने का कार्य किया। यह योजना इतनी प्रभावकारी रही कि वर्तमान समय में सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को पेंशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

#### मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं की समस्याओं का होगा यथोचित समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिए हैं। मैं आप सभी छात्रों से कहना चाहूंगा कि यह बात हमारे कानों तक आज पहुंची है। आप आश्वस्त रहें, एक माह के अंदर आपकी समस्या का समाधान होना प्रारंभ हो जाएगा।


### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर

#### बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद

श्रीनगर(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के गुगलधार में लाइन ऑफ कंट्रोल पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। सेना और पुलिस ने दो आतंकियों को मार गिराया है। भारतीय सेना की चिनार कॉप्र्स ने बताया कि शुक्रवार को सेना और पुलिस को एक संदिग्ध एक्टिविटी दिखी। इसके बाद जॉइंट आपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए। उनके पास से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद मिले हैं। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भी शुक्रवार को गोलीबारी की सूचना मिली थी। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर किश्तवाड़ के चतरू गांव में ऑपरेशन शुरू किया था।

## बंगाल फिर शर्मसार......11 साल की बच्ची से बलात्कार फिर हत्या

#### गुस्साए ग्रामीणों ने थाने में आग लगा दी



कोलकाता (ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार और उसकी हत्या का मामला सामने आया है। चौथी कक्षा की छात्रा को ट्यूशन से लौटते समय अगवा किया गया। फिर बलात्कार कर हत्या कर दी गई। बाद में, ग्रामीणों ने नदी किनारे से लड़की का शव बरामद किया। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की, जिससे वे आक्रोशित हो गए। गुस्से में लोगों ने कुलतली पुलिस थाने में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने से इंकार किया, जो घटना के गंभीरता को दर्शाता है।

भाजपा नेता डॉ. सुकांत मजूमदार ने घटना की कड़ी निंदा कर कहा कि यह नाबालिग के साथ हुई घटना ममता बनर्जी के प्रशासन की विफलता को दिखाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन पूरी तरह से राजनीतिक हो चुका है और यह जतना की सुरक्षा में असफल हो रहा है। भाजपा नेता सुकांत ने कहा कि ममता बनर्जी ने एफआईआर के लिए छानबीन करने की सलाह दी थी, जो कि राज्य में बढ़ते बलात्कार और हत्या के मामलों की गंभीरता को बताता है। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने घटना पर प्रतिक्रिया देकर एक्स पर लिखा कि बंगाल में एक और दुखद घटना में कुलतली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कृपाखाली इलाके में एक 11 वर्षीय नाबालिग बच्ची का अपहरण कर बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि गुस्साए ग्रामीणों ने कुलतली पुलिस स्टेशन पर हमला किया, क्योंकि पुलिस ने शिकायत दर्ज करने से इंकार किया। भाजपा आईटी प्रमुख मालवीय ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक इसतरह के अपराध जारी रहने वाले है। उन्होंने कहा कि बंगाल में महिलाएं और लड़कियां असुरक्षित हैं, और इस समस्या को हल करने के लिए ममता बनर्जी को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। यह घटना राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को फिर से उजागर करती है, खासकर जब दुर्गा पूजा जैसे धार्मिक उत्सव चल रहे हैं।

### सीएम हेमंत सोरेन से अजयनाथ ने मेगा आइटी पार्क, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की मांग



**रांची**: झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उनके कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की. इसके बाद श्री शाहदेव ने मीडिया को जानकारी देते बताया कि हटिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मांगों को लेकर वे मुख्यमंत्री से मिलने गये थे. इनमें हटिया विधानसभा क्षेत्र में मेगा आइटी पार्क की स्थापना, रातू व नगड़ी प्रखंड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण और रांची सदर अस्पताल की तर्ज पर नगड़ी में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल निर्माण का मांग पत्र भी सौंपा. श्री शाहदेव ने बताया कि मेगा आइटी पार्क के निर्माण से राज्य के 2 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा. रोजगार सृजन के साथ ही राज्य की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी. नगड़ी व रातू प्रखंड में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी. इससे न सिर्फ वे शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे बल्कि आगे बेहतर भविष्य के निर्माण में सहायता मिलेगी.

### कांग्रेस जनसंवाद अभियान लक्ष्य कार्यक्रम बना मारपीट लक्ष्य कार्यक्रम

# जलेश्वर और रोहित समर्थकों के बीच नारे बाजी को लेकर मारपीट







बाघमारा। बाघमारा विधानसभा अंतर्गत श्यामडीह में शनिवार को कांग्रेस के जनसंवाद अभियान लक्ष्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शामिल हुए। इस मौके पर बाघमारा विधानसभा चुनाव में दावेदारी करने वाले प्रत्याशी और उनके समर्थक उपस्थित थे,कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक जलेश्वर महतो और कांग्रेस नेता रोहित यादव के समर्थकों के बीच नारेबाजी को लेकर विवाद बढ़ गया। जो कि मारपीट में तब्दील हो गया। घटना के दौरान लात-घूंसों का भी इस्तेमाल किया गया, जो कि पूर्व केंद्रीय मंत्री के सामने ही हुआ। इस झड़प ने कांग्रेस के 2024 विधानसभा चुनाव की तैयारी पर सवाल उठने लगे हैं।जिससे पार्टी में आंतरिक असंतोष की स्थिति स्पष्ट हो गई है। कार्यक्रम में प्रत्याशियों के समर्थक के नारेबाजी मारपीट ने गुटबाजी को सामने ले आया है।झारखण्ड में जल्द विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जायेगी।सभी राजनीतिक पार्टी अपनी तैयारी को तेज कर दी है।कांग्रेस पार्टी विधानसभा से बेहतर प्रत्याशी उतारने को लेकर जनसंवाद लक्ष्य कार्यक्रम कर आपसी एकता को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। एक-एक विधानसभा से कई कांग्रेस नेता दावेदारी कर रहे है। जो कॉग्रेस के लिये प्रत्याशी चयन में परेशानी का कारण बन गई है।

### करकेंद में जनसंवाद कार्यक्रम बाधित

पुटकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत करकेंद के नेहरू पार्क में कांग्रेस कमेटी के जनसंवाद कार्यक्रम में युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज ने जोरदार हंगामा किया और मंच पर खड़े होकर काफी भद्दी भद्दी गालियां देते हुए कार्यक्रम को बाधित किया।इस कार्यक्रम में शामिल होने कैमपैन कमेटी के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कांग्रेस सचिव प्रणव झा, अनुशासन समिति अध्यक्ष ब्रिजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह,सहित दर्जनों कांग्रेसी नेता मौजूद थे। जब कार्यक्रम संचालन समिति के द्वारा प्रदेश कैम्पेनिंग कमेटी के सदस्य मयूर शेखर झा को मंच पर स्वागत सम्मान और संबोधन करने हेतु कहा गया। तब अभिजीत राज खड़े होकर भद्दी भद्दी भाषा का प्रयोग करते हुए मयूर झा को संबोधन करने का विरोध किया और उनके सैकड़ों समर्थकों को मंच से खड़े होकर अपशब्द भाषा का प्रयोग किया।। जबकि संचालन समिति द्वारा सम्बोधित करने हेतु मयूर शेखर झा को नामित किया गया था।मयूर शेखर झा ने मंच पर कहां की वे कांग्रेस पार्टी और गांधीवादी विचारधारा को मानने वाले लोग हैं। वे कार्यक्रम में हंगामा नहीं चाहते हैं। मयूर शेखर झा ने कहा कि अगर हमारे सम्बोधित करने से अभिजीत राज को दिक्कत है तो मैं हंगामा ना





चाहते कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संचालन को लेकर मयूर शेखर झा को मंच से बाहर निकले ताकि आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी , राहुल गांधी, हेमन्त सोरेन के कार्यों को जन जन तक इस बैठक में पहुंचाया जा सकें।जिसके बाद मयूर शेखर झा के जाने के बाद सैकड़ों लोग कार्यक्रम में हंगामा को देखते हुए कार्यक्रम छोड़ निकल पड़े।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रवर्तन एजेंसियों के पदाधिकारियों संग बैठक की

पलामू(ईएमएस)।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में आयकर,उत्पाद,परिवहन,जीएसटी,बैंक,नारकोटिक्स आदि समेत विभिन्न परिवर्तन एजेंसियों के पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित की गयी।बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की कार्ययोजना तैयार की गयी।उन्होंने सभी संबंधितों को चुनाव के दौरान धन का अवैध इस्तेमाल रोकने से संबंधित निर्देशित किया इस हेतु अलर्ट मोड में रहने पर बल दिया।जिले में अवैध शराब का कारोबार शून्य करने को लेकर उत्पाद अधीक्षक व परिवहन पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही गयी।उन्होंने सभी को हर हाल में प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने में अपना योगदान देने की बात कही।उन्होंने सभी संबंधितों को युद्ध स्तर पर निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में काम करने पर बल दिया।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कांग्रेस मीडिया विभाग का किया विस्तार

रांची (ईएमएस)। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग को विस्तार दिया है।प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी ने बताया कि पार्टी के नीति, सिद्धांतों, कार्यक्रमों को मीडिया के माध्यम से जनता के समक्ष रखने हेतु मीडिया कमिटी में विस्तार करते हुए संजय पांडे एवं लाल किशोरनाथ शाहदेव को प्रदेश कांग्रेस का मुख्य प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। श्री मुंजनी ने आशा व्यक्त की है कि नेताद्धय संगठन के हित में नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# नव पदस्थापित आरओ एवं एआरओ के लिए निर्वाचन सदन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रमाणन कार्यक्रम का प्रारंभ




रांची(ईएमएस)।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को अधिक समय तक कतार में खड़ा न रहना पड़े इस उद्देश्य से मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास करना है। इस हेतु वोटिंग कंपार्टमेंट के अंदर चेन सिस्टम के आधार पर मतदाताओं के मतदान प्रक्रिया को पूर्ण कराना है। उन्होंने कहा कि इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखना है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न होने पाए। इसके लिए आवश्यक समयपुर्व तैयारियां होनी चाहिए ताकि अनावश्यक रूप से मतदाताओं को क्यू में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार नहीं करना पड़े। श्री कुमार नव पदस्थापित आरओ एवं एआरओ के लिए निर्वाचन सदन में आयोजित पांच दिवसीय, 5 से 9 अक्टूबर तक चलने वाले प्रशिक्षण सह प्रमाणन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।श्री कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में आरओ एवं एआरओ की अहम भूमिका होती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके कर्तव्यों से संबंधित सभी बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। पदाधिकारी इन दिशा निर्देशों का गहन अध्यन करते हुए इनका अपने कर्तव्य क्षेत्र में अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों की तैयारियों, केंद्रों पर उपस्थित व्यवस्था का निरीक्षण, वोटर स्लिप के ससमय सम्यक वितरण, बी एल ओ के स्तर पर की जाने वाली चुनाव पूर्व की तैयारियों आदि निर्वाचन से जुड़े विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में निर्वाचन संबंधी अप्रत्याशित सामान्य गलतियों तथा उनके निराकरण के उपायों पर विस्तृत रूप से चर्चा की।पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान राष्ट्रीय स्तर के मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न सत्रों में पदाधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित विषयों का क्रमवार प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसमें उन्हें निर्वाचन संबंधी विषयों यथा उम्मीदवारों की योग्यता एवं अयोग्यता, चुनाव चिन्ह आबंटन, नामांकन संबंधित निर्देश, आपराधिक पूर्ववृत्त, ई रोल, वल्नरेबलिटी मैपिंग, ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण, आदर्श आचार संहिता, व्यय प्रबंधन, स्वीप, पोलिंग पार्टी का व्यवस्थापन, पोस्टल बैलट, पेड न्यूज, एमसीएमसी, मतगणना आदि विषयों पर बिंदुवार प्रशिक्षण दिए जायेंगे।प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक गीता चौबे, एस एन जमील, सुनील कुमार ने अपने संबंधित विषयों पर निर्धारित सत्रानुसार श्रव्य–दृश्य मध्यम के जरिए रेखांकित किया।

### पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी की चपेट में आई बाइक, दो युवकों की मौत

रामगढ़ (ईएमएस)। झारखंड के रामगढ़ में एक पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा गोला थाना क्षेत्र में हुआ।रिपोर्ट के मुताबिक एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना के बाद मृतकों के गांव में मातम छाया हुआ है। पुलिस ने बताया कि गश्ती वाहन के चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर मृतक युवक के पिता तीरु मांझी की लिखित शिकायत पर दर्ज की गई है। पुलिस शिकायत में तीरु मांझी ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे और उसके साथी की मौत पुलिस गश्ती वाहन द्वारा टक्कर मरने के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि हादसे के वक्त दोनों युवक बाइक पर सवार थे और गश्ती वाहन की चपेट में आ गए। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि घटना कैसे हुई और इसमें किसकी गलती थी।दुर्घटना के बाद इलाके के लोगों ने पुलिस पर सवाल उठाए हैं और बेहद गुस्से में नजर आ रहे हैं।

### बीजेपी ने चुनावी पंच प्रण किया जारी,महिलाओं को हर महीने मिलेगी इक्कीस सौ रुपए देने की घोषणा

रांची(ईएमएस)।प्रदेश की जनता को भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पांच बड़े वचन दिए हैं जिसे पंच प्रण नाम दिया गया है। रांची में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बावरी, पार्टी के विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और लक्ष्मीकांत वाजपेई मौजूद थे। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पंच प्रण के तहत जिस पहली योजना का जिक्र किया वह है गोगो दीदी योजना। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 11 तारीख तक इक्कीस सौ रुपए दिए जाएंगे। दूसरी योजना का जिक्र करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य के सभी परिवारों को 500 रुपए में एलपीजी गैस सिलेंडर और पर्व त्योहार में दो सिलेंडर मुफ्त मिलेगा। उन्होंने बताया कि 5 वर्षों के अंदर युवाओं को 5 लाख रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा 2 लाख 87000 रिक्त पड़े सरकारी पदों को भी भरा जाएगा। भरती की प्रक्रिया को पहले कैबिनेट में ही शुरू की जाएगी। वर्ष 2025 के नवंबर महीने तक डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि बीए और एमए की पढ़ाई करने के बाद प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों को 2 वर्ष के लिए दो हजार रूपए का भत्ता दिया जाएगा।

### खूंटी में सरकार ने मईया सम्मान आभार यात्रा किया आयोजन, कल्पना सोरेन ने जमकर बोला हमला बीजेपी पर

खूंटी(ईएमएस)।खूंटी के उलिहातु में शनिवार को सूबे की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय और महिला व बाल विकास मंत्री बेबी देवी बिरसा ओड़ा में पूजा अर्चना कर बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात की। इसके पश्चात सायको गोलीकांड में शहीद अब्राहम मुंडू की प्रतिमा पर और किताहातू में शहीद गया मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।उलिहातु से लौटने के पश्चात खूंटी के कचहरी मैदान में मईया सम्मान योजना के लाभुकों से रूबरू हुई। कचहरी मैदान में बड़ी संख्या में खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आई महिलाओं को संबोधित किया और आभार जताया। तोरपा में महिला एवम बाल विकास मंत्री बेबी देवी और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने मईया सम्मान यात्रा सभा में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा की हेमंत सरकार किसी के आगे झुकने वाली सरकार नहीं है। डबल इंजन की सरकार ने झारखंड बनने के इतने वर्षों तक क्या किया। चुनाव आते ही गैस सिलेंडर का दम कम कर देंगे।

### भव्य राम मंदिर पूजा पंडाल में शुरू हुई मां की आराधना, राज्यपाल ने किया उद्घाटन

रांची(ईएमएस)।राजधानी रांची के पुराना विधानसभा स्थित मैदान में अयोध्या के श्री रामलला मंदिर के प्रारूप में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है। शनिवार को इस पंडाल का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया। उद्घाटन के साथ ही मां दुर्गा के दर्शन के लिए पंडाल का पट खोल दिया गया है। राज्यपाल ने सभी राज्यवासियों को नवरात्रि और दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे। इस दौरान उन्होंने राज्य की प्रगति के लिए प्रार्थना की। पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि इस पंडाल की लंबाई 170 फीट, चौड़ाई 120 फीट और ऊंचाई 120 फीट है जो झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा पंडाल है। भक्त 5 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक इस पूजा पंडाल का दर्शन कर सकते हैं।

### पशु मेला में अनुदानित दर पर पशुपालकों के बीच 53 दुधारू गायों एवं 11 जोड़ा बैल का वितरण

जामताड़ा(ईएमएस)।जामताड़ा जिले के पशुपालकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन के द्वारा आवश्यक पहल की जा रही है। इसी क्रम में कल समाहरणालय परिसर में दुधारू पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्नत पशुपालन,चारा,पशु पोषण,स्वच्छ दूग्ध उत्पादन, पशुओं में होने वाली बीमारी एवं उसका उपचार, पशु टीकाकरण सहित अन्य तकनीकी जानकारियां देकर पशुपालकों को जागरूक किया गया।जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ विद्यासागर ने कहा कि पशुपालन के माध्यम से भी जिले के किसान अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने में सफल हो सकते हैं।उन्होंने पशुपालकों को बेहतर ढंग से पशुपालन कर अच्छी आमदनी प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत जानकारियां दी और सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर पशुपालन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जिले में दूग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं।

### क्षेत्र का हो रहा सतत विकास : सांसद मनीष जायसवाल

हजारीबाग(ईएमएस)।हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में डीएमएएफटी मद से कई विकास कार्य हुए हैं।शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर लोगों को राहत पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।उक्त बातें सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में डीएमएफटी मद से दो विकास योजनाओं की आधारशिला रखने के दौरान कही।सांसद और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने संयुक्त रूप से सांढ़ गांव में करीब 2 करोड़ 93 लाख रुपए की लागत से दो सड़कों का शिलान्यास किया।इनमें दुफेड़वा आम में बैद्यनाथ महतो के घर से धमेंद्र प्रसाद के घर होते हुए श्मशान घाट तक पीसीसी पथ और चैता महतो के घर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय होते हुए जोधी महतो के घर तक पीसीसी सड़क शामिल है।इसके अलावा गोसाईं बलिया गांव में डीएमएफटी मद से एक करोड़ 70 हजार की लागत से उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाईं बलिया के उन्नयन हेतु विविध कार्य का शिलान्यास किया।वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने सांढ़ और गोसाईं बलिया गांव में दुर्गा मंडप पहुंच कर माथा टेका।

## गैस्ट्रोकॉन-24 कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ, डॉक्टरों ने दिये प्रेजेंटेशन, इंडोस्कोपी विधि से की गयी लाइव सर्जरी




रांची(ईएमएस)।इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी द्वारा शनिवार को रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस गैस्ट्रोकॉन-24 की शुरूआत हुई।कॉन्फ्रेंस में झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों से पेट व लीवर के सैकड़ों विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हुए। सम्मेलन के पहले दिन 20 से ज्यादा टॉपिक पर विभिन्न बीमारियों पर चिकित्सकों ने अपने प्रेजेंटेशन दिए।इस दौरान डिस्कशन सेशन का भी आयोजन किया गया। सम्मेलन में शामिल चिकित्सकों ने प्रेजेंटेशन से संबंधित सवाल भी पूछे। पहले दिन जिन मुख्य विषयों पर चर्चा हुई उसमें लीवर से संबंधित बीमारियां, पैनक्रियाज से संबंधित बीमारियां, इसोवेगस (खाने की नली) से संबंधित बीमारियों के बारे चर्चा की गयी।डॉ. अनिकेत कुमार ने बेसिक हेपेटोलॉजी टॉपिक पर व्याख्यान दिया।डॉ. रविश रंजन ने नॉन इनवेसिव मार्कर्स ऑफ लीवर फाइब्रोसिस के ऊपर, डॉ. चंदन कुमार ने सिरोसिस और इससे होने वाली समस्याओं पर प्रस्तुति दी। डॉ. अमिया रंजन ने सिरोसिस में हाइपोनेट्रेमिया बीमारी के कारण व उपचार के बारे जानकारी दी।रांची के डॉ. तापस साहू ने क्रिटिकल केयर इन एक्यूट पैनक्रिएटाइटिस के बारे बताया।उन्होंने बताया कि एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस अग्नाशय में अचानक होने वाली सूजन है, जो कई बार जानलेवा भी साबित हो सकती है।पित्ताशय की पथरी और अल्कोहल का भारी सेवन एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस के मुख्य कारण हैं।तेज पेट दर्द सबसे प्रमुख लक्षण है। खून की जांच और इमेजिंग टेस्ट, जैसे कंप्यूटेड टोमोग्राफ़ी से डॉक्टर को इलाज करने में मदद मिलती है। उन्होंने अपने प्रेजेंटेशन में बीमारी के उपचार के ऊपाय के बारे अपने अनुभव साझा किये।ऑर्गनाइजिंग को-चेयरपर्सन डॉ. जयंत घोष ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के दौरान ऑर्किड अस्पताल के ओटी से आधा दर्जन मरीजों की लाइव सर्जरी की गई।इसमें पित्त की नली में स्टोन,पैनक्रियाज में स्टोन, खाना घोटने में होने वाली दिक्कत की सर्जरी आदि बिना चीर-फाड़ के यानी एंडोस्कोपी विधि से सर्जरी की गई।सभी सर्जरी बाहर से आए एक्सपर्ट ने रांची के डॉक्टरों के साथ मिलकर की।जिससे यहां के डॉक्टरों को काफी नई तकनीक सीखने को मिली। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य है कि बाहर की एडवांस तकनीक यहां के डॉक्टर सीखकर खुद को डेवलप कर सके।

## जन संवाद अभियान लक्ष्य के तहत कांग्रेस कर रही है जनता से सीधा संवाद

### प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री समेत कई दिग्गज झोंक रहे हैं अपनी ताकत



रांची(ईएमएस)।कांग्रेस के चुनावी अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जनसंवाद अभियान-लक्ष्य 2024 के तहत कोल्हान प्रमंडल में जगन्नाथपुर विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के धनबाद,झरिया, बाघमारा में चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय हजारीबाग में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर पलामू प्रमंडल के रमना, बिशुनपुरा एवं मझियांव में विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उराँव दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सिमडेगा,कोलेबिरा में डॉक्टर प्रदीप कुमार बालमुचू द्वारा सभाओं के माध्यम से आम जनता के साथ संवाद किया गया।इस क्रम में जगन्नाथपुर विधानसभा में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमने हमेशा झारखंडियों के हितों की बात की है,इस चुनावी समर को जीतने के लिए धन कुबेरों की फौज झारखंड में विपक्ष द्वारा उतारा जा रहा है ऐसे व्यापारियों से सावधान रहने की जरूरत है।पिछली भाजपा सरकार ने झारखंड के जल जंगल जमीन का सौदा करने वालों के हित साधने के लिए भूमि सुधार कानून में बदलाव किया,लैंड बैंक की स्थापना की।झारखंड में स्थापित पावर प्लांट से बांग्लादेश को बिजली दी जाती है और बकाया के नाम पर झारखंड की बिजली काटी जाती है, ऐसे वोटो के सौदागरों को झारखंड से खदेड़ना होगा।आज देश में भाजपा की सरकार दो पूंजीपतियों अडानी और अंबानी के इशारे पर चलती है और उन्हीं के लिए बीजेपी झारखंड की सत्ता हथियाना चाहती है।हमारी गठबंधन सरकार किसानों का दो लाख रुपए ऋण माफ करती है और भाजपा किसानों पर गोलियां चलवाती है।महागठबंधन सरकार की मईंया सम्मान योजना सहित पूर्व से चली आ रही है योजनाओं के कारण भाजपा चुनावी मुद्दे नहीं बना पा रही है इससे उनके नेता हताश हो गए हैं।

# संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आर्ट 81 हेतु प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

रांची(ईएमएस)।संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए आर्ट 81 कार्यक्रम का 18 से 19 अक्टूबर को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में झारखण्ड की कलाकृति, संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य को चित्रकारी के माध्यम से मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन एवं सजग करने का कार्य किया जाएगा। वे शनिवार को आर्ट 81 कार्यक्रम के आयोजन हेतु चयनित स्थल जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची का भौतिक निरीक्षण कर रहे थे।उन्होंने कहा कि दो दिवस तक चलने वाले इस कला महोत्सव की संपूर्ण तैयारी ससमय पूरी करने की दिशा में रांची जिला प्रशासन एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में केवल झारखंड के ही नहीं अपितु अन्य राज्यों से भी चित्रकला के क्षेत्र के नामचीन कलाकार भाग लेने वाले है। साथ ही नए वोटरों को आकर्षित करने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों जैसे नुक्कड़ नाटक, रंगोली, भाषण आदि का भी आयोजन किया जाना है। इसके साथ ही मतदान के महत्व को मनोरंजक रूप में मतदाताओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से आरजे एवं लाइव म्यूजिक बैंड द्वारा कार्यक्रम का संचालन भी किया जायेगा।इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची सहित जिला निर्वाचन कार्यालय एवं मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा
कम्बाईन्ड विल्डिंग, जामताड़ा

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03/NREP .JMT/ UNTIED/ 2024–25 एवं (PR No- 337613 दि0–30.09.2024) को आंशिक संशोधन करते हुए परिमाण विपत्र विक्री की तिथि 04.10.2024 के स्थान पर दिनांक 14.10.2024 को अपराह्न 04: 00 बजे तक एवं परिमाण विपत्र प्राप्ति एवं खोलने की तिथि दिनांक– 16.10.2024 को अपराहन् 05.00 बजे तक की जाती है। अन्य सभी शर्त्ते यथावत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा

PR 338077 (NREP)24-25*D

## उपायुक्त ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

गुमला(ईएमएस)।जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी शनिवार को रायडीह प्रखंड स्थित नीचडुमरी गांव का दौरा कर गांव में स्थित स्कूल , निर्माणाधीन आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण किया।इसके साथ ही ग्रामीणों के साथ जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन करते हुए नागरिकों से उनके समस्याओं के विषय में जाना।जिसपर ग्रामीणों ने बताया की उनके गांव में जल मीनार बनाएं गए हैं परंतु उसका मशीन वर्तमान में खराब है जिसे मरम्मती की आवश्यकता है। उपायुक्त ने पीएचईडी विभाग को नए जल मीनार बनाने के निर्देश दिए, वहीं सड़क निर्माण के संबंध में उपायुक्त ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि सड़क निर्माण करने हेतु विभाग को प्रतिवेदन भेजी गई गई है जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली के संबंध में जानकारी दी की उनके ग्राम में सोलर पॉवर प्लांट लगाए गए है लेकिन बैट्री बैकअप नहीं देने के कारण पॉवर कुछ समय में ही बंद हो जाती है।वहीं ग्रामीणों ने उनके ग्राम अंतर्गत नेटवर्क कनेक्टिविटी की भी समस्या बताई जिसपर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को वहां नेटवर्क की व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु निर्देश दिए।इसके पश्चात उपायुक्त ने उक्त ग्राम अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया एवं अधूरे कार्यों को अविलंब पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।इसके अलावा ग्रामीणों ने अन्य कई समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा उपायुक्त ने एक एक कर सभी समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला परिषद कार्यालय, जामताड़ा

(आम सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चिचुरबिल फेरिघाट का नवम्बर 2024 से मार्च 2025 तक बन्दोवस्ती डाक द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए किया जाना है। डाक दिनांक –16.10.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से जिला परिषद कार्यालय (कम्बाईण्ड बिल्डिंग के पीछे), जामताड़ा में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा किया जायेगा। जिसका न्यूनतम डाक 63490/– (तिरसठ हजार चार सौ नब्बे) रूपये प्रतिमाह की दर से है। इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि को उपस्थित होकर नाजिर जिला परिषद जामताड़ा से 2000/– (दो हजार रूपये) का रसीद प्राप्त कर डाक में भाग ले सकते हैं।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, जामताड़ा।

PR.NO.338090 Rural Development(24-25):D

# जमीन घोटाला: ईडी कोर्ट ने 11 आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ाई




रांची,(ईएमएस)। ईडी कोर्ट ने बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद सहित 11 आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि 16 नवंबर तक बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए से कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के बाद कोर्ट ने भानु प्रताप प्रसाद, अंतु तिर्की, सद्दाम, अफसर अली, विपिन कुमार सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाह, हजारीबाग का कोर्ट कर्मी इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार की न्यायिक हिरासत अवधि अवकाश को देखते हुए छह सप्ताह बढ़ा दी है।इस मामले में जमानत पर चल रहे सीएम हेमंत सोरेन की ओर से हाजिरी दी गई। जबकि तीन आरोपित आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन एवं मनोज कुमार यादव व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश हुए। ईडी कोर्ट ने मनी लांड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी है।कोर्ट ने अगली पेशी 12 नवंबर तय की है। मामले में अगली तिथि को आरोपियों पर आरोप तय करने पर सुनवाई होगी। सभी को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। मामले में आलमगीर आलम, सचिव संजीव कुमार लाल, नौकर जहांगीर आलम, वीरेंद्र राम, आलोक रंजन, नीरज मित्तल, सहयोगी तारा चंद एवं राम प्रकाश भाटिया की पेशी की गई। जबकि गेंदा राम, राजकुमारी एवं मुकेश मित्तल ने हाजिरी लगाई।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन०आर०ई०पी०, जामताड़ा
कम्बाईन्ड विल्डिंग, जामताड़ा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/NREP.JMT/UNTIED/ 2024–25

1. निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.10.2024
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दि0–14.10.2024 को अप0 4:00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दि0–16.10.2024 को अप0 4:00 बजे तक
5 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दि0–16.10.2024 को अप0 5:00 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, जामताड़ा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, जामताड़ा।
8. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम सोनाथर टोला मधुबन में पुलिस लाईन–दक्षिणबहाल मुख्य पथ से बजरंग बली मंदिर होते हुए विनय मूर्मू के तक पी0सी0सी0पथ निर्माण। | 1631400.00 | 33000.00 | 5000.00 | एक माह |
| 2 | प्राथमिक विघालय कैरावनी मिशन में दो अतिरिक्त कमरा निर्माण । | 1450300.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 3 | ग्राम सीतामढी आश्रम में मॉडल सामुदायिक विकास भवन का निर्माण । | 739200.00 | 15000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 4 | जानूमडीह स्कूल से दुमदुमी लखन मूर्मू के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 2449800.00 | 50000.00 | 5000.00 | एक माह |

9. निविदा की शर्त्ते www.jamtara.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा।

PR.NO.338081 NREP(24-25):D

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंडियों के हितों की बात हमने हमेशा कीः केशव महतो कमलेश

रांचीः  कांग्रेस के चुनावी अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जनसंवाद अभियान-लक्ष्य 2024 के तहत कोल्हान प्रमंडल में जगन्नाथपुर विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के धनबाद,झरिया, बाघमारा में चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय हजारीबाग में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर पलामू प्रमंडल के रमना, बिशुनपुरा एवं मझिआंव में विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उराँव दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सिमडेगा,कोलेबिरा में डॉक्टर प्रदीप कुमार बालमुचु द्वारा सभाओं के माध्यम से आम जनता के साथ संवाद किया गया। इस क्रम में जगन्नाथपुर विधानसभा में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमने हमेशा झारखंडियों के हितों की बात की है,इस चुनावी समर को जीतने के लिए धन कुबेरों की फौज झारखंड में विपक्ष द्वारा उतारा जा रहा है ऐसे व्यापारियों से सावधान रहने की जरूरत है। पिछली भाजपा सरकार ने झारखंड के जल जंगल जमीन का सौदा करने वालों के हित साधने के लिए भूमि सुधार कानून में बदलाव किया,लैंड बैंक की स्थापना की।झारखंड में स्थापित पावर प्लांट से बांग्लादेश को बिजली दी जाती है और बकाया के नाम पर झारखंड की बिजली काटी जाती है, ऐसे वोटो के सौदागरों को झारखंड से खदेड़ना होगा। आज देश में भाजपा की सरकार दो पूंजीपतियों अडानी और अंबानी के इशारे पर चलती है और उन्हीं के लिए बीजेपी झारखंड की सत्ता हथियाना चाहती है। हमारी गठबंधन सरकार किसानों का 200000 ऋण माफ करती है और भाजपा किसानों पर गोलियां चलवाती है। महागठबंधन सरकार की मईंया सम्मान योजना सहित पूर्व से चली आ रही है योजनाओं के कारण भाजपा चुनावी मुद्दे नहीं बना पा रही है इससे उनके नेता हताश हो गए हैं।

## साईं बाबा मूर्ति मामला : कैसे होगा समस्या का समाधान

नई दिल्ली,(ईएमएस)। वाराणसी में साईं बाबा की मूर्तियों को करीब 14 मंदिरों से हटाए जाने के बाद एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया, जिसके बाद इस मामले को लेकर लगातार बयान आ रहे हैं। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने तो तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सवाल पूछा है कि जिन लोगों ने 4 से 10 साल पहले साईं बाबा की मूर्तियाँ स्थापित की थीं, क्या उन्हें यह नहीं पता था कि उनकी आस्था कभी अनास्था में बदल सकती है, जिससे मूर्तियाँ हटाई जा सकती हैं। इसके बाद लगातार बयान आ रहे हैं, जिन्हें लेकर बुद्धिजीवियों ने सवाल किया है, क्या इस तरह से समस्या का समाधान हो सकता है या मामले को राजनीतिक रंग देने के लिए यह सब किया जा रहा है? कुछ ने तो इसे आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखना शुरु कर दिया है। साईं बाबा मूर्ति मामले को लेकर जहां पक्ष और विपक्ष वाले बयान सोशल मीडिया से लेकर खबरों तक में आ गए हैं तो वहीं कहा जा रहा है कि क्या यह सब महाराष्ट्र के आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है और यह किसी प्रकार का षड्यंत्र तो नहीं है। इस मामले में माता विशालाक्षी देवी मंदिर के महंत राजनाथ तिवारी ने कहा है कि हमारे सनातन धर्म या किसी भी पौराणिक ग्रंथ में साईं बाबा का उल्लेख ही नहीं है। उनमा मानना है कि साईं बाबा एक फकीर हो सकते हैं, लेकिन उन्हें भगवान का दर्जा तो नहीं दिया जा सकता है। इसी के साथ महंत तिवारी ने उस व्यक्ति का समर्थन कर दिया जो कि मंदिरों से साईं बाबा की मूर्तियों को हटाने की पहल कर रहा है। उन्होंने कहा है कि अजय शर्मा जो साईं बाबा की मूर्तियों को देवालयों से हटाने का काम कर रहे हैं, वे सही काम कर रहे हैं।

उनके अनुसार, साईं बाबा की मूर्तियां देवालयों में होना ही नहीं चाहिए। वहीं मंगला गौरी मंदिर के पुजारी नरेंद्र कुमार पांडेय ने भी कुछ इसी तरह का बयान दिया है। उनका कहना है कि काशी खंड में कई सनातन और परंपरागत मंदिर हैं, जहां भगवान शंकर स्वयं प्रकट हुए। साईं बाबा भगवान नहीं हैं और हमारे यहां पंचदेव पूजन का विधान है, जिसमें विभिन्न देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा होती है। सवाल करते हुए पांडेय कहते हैं कि साईं बाबा के मंदिर में किस प्रकार से प्राण प्रतिष्ठा हुई, जिससे उनकी पूजा हमारे मंदिरों में हो रही है। इसके साथ ही मंदिरों के महंतों से उन्होंने आग्रह किया कि वे साईं बाबा की मूर्तियों को वहां से हटा दें। इन बयानों के बाद सवाल उठाया जा रहा है कि आखिर इस समस्या का समाधान किस तरह से निकाला जाए, ताकि टकराव की स्थिति भी न बने और काम भी हो जाए। मालूम हो कि साईं बाबा के प्रति आस्था रखने वालों ने भी इस संबंध में एकजुटता दिखाने और मुर्तियों को बचाने के लिए आगे आने का मन बनाया हुआ है। इसके लिए साईं भक्तों से शांति के साथ एकजुट होने का आग्रह किया जा रहा है।

## आलू,टमाटर के कारण शाकाहारी थाली मंहगी.......मांसाहारी हुई सस्ती

नई दिल्ली (ईएमएस)। घर की शाकाहारी थाली सितंबर में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत मंहगी हुई है, जबकि मांसाहारी थाली 2 प्रतिशत सस्ती हुई है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। शाकाहारी थाली की बढ़ी हुई लागत का कारण सब्जियों की कीमतों में हुई वृद्धि है। जहां प्याज की कीमत में सालाना आधार पर 53 प्रतिशत, आलू की कीमत में 50 प्रतिशत और टमाटर की कीमत में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, प्याज, आलू और टमाटर की कीमतें क्रमशः 53, 50 और 18 प्रतिशत बढ़ी हैं। प्याज और आलू की कीमतों में इजाफा कम आवक के कारण हुआ है, जबकि टमाटर के उत्पादन पर भारी वर्षा का प्रभाव पड़ा है, इससे कीमतों में उछाल दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में बताया, ब्रॉयलर की कीमत में कमी के कारण मांसाहारी थाली की लागत में पिछले साल की तुलना में कमी आई है। हमें उम्मीद है कि खरीफ की आपूर्ति बाजार में आने के बाद प्याज की कीमतों में मामूली सुधार होगा। आलू की कीमतों में भी गिरावट आने की उम्मीद है, हालांकि कम आपूर्ति के कारण टमाटर की कीमतें ऊंची बनी रहेंगी। दालों की कीमत, जो कि शाकाहारी थाली की लागत का 9 प्रतिशत है, पिछले वर्ष उत्पादन में कमी के कारण 14 प्रतिशत बढ़ गई। रिपोर्ट के अनुसार, ईंधन की लागत में 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले साल सितंबर में दिल्ली में 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत 903 रुपये से घटकर इस साल मार्च में 803 रुपये हो गई। ईंधन की लागत में आई इस गिरावट की वजह से थाली की लागत में और वृद्धि रुक गई। रिपोर्ट के अनुसार, मांसाहारी थाली में ब्रॉयलर की कीमत में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की अनुमानित गिरावट आई है। यह मांसाहारी थाली की कीमत का 50 प्रतिशत हिस्सा है।

### डॉ. आशा लकड़ा ने किया संवाद

रांचीःराष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने शनिवार को ओरमांझी प्रखंड में आम लोगों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यों की जानकारी दी । ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी पूछा कि अनुसूचित जनजाति के लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि संवाद के दौरान ग्रामीणों ने पानी की समस्या बताई। जमीन से संबंधित कई मामले भी सामने आए। मसना व सरना स्थल की घेराबंदी नहीं कराई गई है। इसके अलावा पेंशन, पीएम आवास से संबंधित कई मामले भी सामने आए। सूची में संबंधित लाभुकों का नाम दर्ज नहीं किया गया है।

### झारखंड सरकार को पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने मांग पत्र भेजा

ओरमांझी (मोहसिनआलम ):झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन क़ो रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने मांग पत्र के माध्यम से मांग किया हे कि प्रखंड और अंचलों में एवं सभी विभागों में कर्मचारी एवं पदाधिकारी की कमी जल्द दूर किया जाये,उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया है कि 1 अक्टूबर को मैं ओरमांझी प्रखंड और अंचल कार्यालय गया था,जहां जाने पर पता चला कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में कर्मचारियों की घोर अभाव है ओरमांझी के पूरे 18 पंचायत में महज दो अंचल कर्मचारी हैं,वीएलडब्लू एक भी नहीं है,पंचायत सेवक कई पंचायतों में नहीं है, हर विभाग का सुपरवाइजरों की कमी हैं, इसी तरह पूरे रांची जिले एवं पूरे झारखंड में यही स्थिति है, और विद्यालयों एंव महाविद्यालय में शिक्षकों की भी कमी है, जिसे मुख्यमंत्री भी जानते हैं और बराबर पदों को भरने की घोषणा करते रहे हैं, परंतु अभी तक यह पूरा नहीं हुआ है, काम का बोझ हर विभाग में बढ़ा हैं,उसके हिसाब से कर्मचारी पदाधिकारी नहीं है.मुख्य्मंत्री होने के नाते आप ने बहुत से जन सुविधा के लिए अच्छे कार्य कर रहे हैं उसी तरह जिला स्तर से प्रखंड स्तर तक जितने रिक्त स्थान है हर विभाग में उसको भरने का काम करें ताकि आम जनता को हो रही परेशानी ना हो सके, वहीं पूर्व सांसद ने मांग किया है कि जिस तरह अन्य कार्य तेजी से आपने किया है, उसी तर्ज पर इस कार्य में प्राथमिकता लाकर रिक्त स्थानों को भरने का काम करेंगे, जिससे आम जनता को लाभ हो और परेशानी नहीं होगी, इससे आपकी और सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

## 2047 तक पूरी तरह मेक इन इंडिया हथियारों को इस्तेमाल करेगी वायुसेना

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय वायुसेना 2047 तक अपने सभी सामान का उत्पादन भारत में ही करने पर विचार कर रही है। एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने इसकी जानकारी दी। वायुसेना दिवस से पहले वायुसेना प्रमुख ने बताया कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है, खासकर लद्दाख सेक्टर में और भारत भी एलएसी पर बुनियादी ढांचे की तैयारी कर रहा है।

विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भू-राजनीतिक तनावों और संघर्षों पर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि भविष्य की किसी भी सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए स्वदेशी हथियार प्रणालियों का होना महत्वपूर्ण है। एक प्रश्न के उत्तर में एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि रूस ने एस-400 मिसाइल प्रणाली की तीन इकाइयों की आपूर्ति कर दी हैं तथा उसने अगले वर्ष तक शेष दो इकाइयों की आपूर्ति करने का वादा किया है।

### स्वास्थ्य कर्मी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का करेंगे अभिवादन

रांची : झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ कल दिनांक 06 अक्टूबर 2024 दिन रविवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, झारखंड सरकार को आगामी विधान सभा चुनाव के पूर्व उनको शुभकामना देने के लिए राज्य भर के हजारों एमपीडब्ल्यू कल आवास में मिलने आयेंगे। महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह भी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर विगत दिनों जो भी कर्मचारियों की मांगे पूरी हुई है, उसके लिए आभार व्यक्त करेंगे। जो मांगे अब तक नही पूरी हुई उसकी जानकारी भी देंगे। झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन कुमार एवम महासचिव मंगल हेंब्रम ने कहा की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड सरकार से सभी राज्य भर के एमपीडब्ल्यू मिलने के लिए बेताब है, उन पर राज्यकर्मियों सहित सभी एमपीडब्ल्यूको भरोसा है। उम्मीद है की जो भी मांगे हैं खासकर एमपीडब्ल्यू के सृजित पद के विरुद्ध संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त करने के आदेश को विलोपित करते हुए सृजित पद के विरुद्ध सेवा नियमित रूप से लेने हेतु जो संचिका स्वास्थ्य विभाग से क्लियर होकर प्रशासी पदवर्ग हेतु गई हुई है वो अब अंतिम पड़ाव में है और कैबिनेट जाने हेतु तैयार है इसकी पूरी जानकारी राज्य भर के एमपीडब्ल्यू कर्मी कल मुख्यमंत्री को देंगे और मंत्रिपरिषद से फाइल को पास कराने हेतु गुहार लगाएंगे । कल राज्य के सभी जिलों से एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने और अभिवादन करने के लिए रांची स्थित उनके आवास पर जुटेंगे । इसकी जानकारी राज्य संघ के अध्यक्ष और महासचिव पवन कुमार और मंगल हेंब्रम ने समेकित रूप से दिया ।

### क्षतिग्रस्त पुलिया बड़ी दुर्घटना को कर रहा है आमंत्रित

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तुईयो पंचायत के ग्राम खैरा और चांदगढ़ के बीच क्षतिग्रस्त पुलिया किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। प्रखंड उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो ने इसको लेकर अधिकारियों से इसे दुरुस्त कराने कि मांग किया है। कहा है कि सड़क पर बनी पुलिया बारिश में टूट गया था।जो अब एक साइड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे भविष्य में इसके ढहने कि आशंका ग्रामीणों के द्वारा व्यक्त की जा रही है। उक्त सड़क विभिन्न गांवों को सरिया और तिलैया डैम को जोड़ती है।यह तस्वीर से साफ पता चलता है की पुलिया की स्थिति कितनी जर्जर हो चुकी है और टूटने की कगार पर है।

## मंत्री व विधायक ने दर्जनों विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



ओरमांझी(मोहसीनआलम):खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर स्वीकृत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत दर्जनों विकास योजनाओं का शिलान्यास शनिवार को किया गया.

जिसमें होचाई साहेदागढ़ा सदमा चौक से बुण्डू मायापुर होते हुए पोडेयाटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य लंबाई 7.550 कि.मी.का शिलान्यास शनिवार क़ो ग्रामीण कार्य विभाग ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग झारखण्ड सरकार के मंत्री डॉक्टर इरफ़ान अंसारी के कर कमलों द्वारा खिजरी विधायक राजेश कच्छप की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस के आलावा ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप के प्रयास से स्वीकृत 10 योजनाओं का शिलान्यास किया गया.

जिसमें मुख्य रूप से आनंदी से सवैया बागान भया चेपा टोली एंव काशी टोला से टांग टांग टोली तक 3 किलोमीटर सड़कका निर्माण,डहु मडई से कुल्ही मड़ई भाया बरवे तक पथ निर्माण,टुंडाहुली के मोचन गढ़ा पर का पुल निर्माण का शिलान्यास,उलातू भाया सियार टोली तक पथ का सुंदरीकरण, झिरी से चेतन बारी नाकवा टोली तक पथ निर्माण, कुरूम से चेतनबारी पथ निर्माण, पांचा प्रपांचा से मतातु तक पथ निर्माण, डहु गार्डवाल निर्माण का विधिवत पूजा पाठ कर एवं नारियल फोड़ व फीता काटकर किया गया.

इस दौरान मुख्य रूप से उप प्रमुख रिजवान अंसारी, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा,कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार,विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी, विधायक सलाहकार रामेश उरांव,सुरेश प्रसाद साहू, कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष रशीद अंसारी,हरिमोहन महतो,मुबारक अंसारी महिला मोर्चा कांग्रेस कि अध्यक्ष अनीता देवी,झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो,जेएमएम नेता मोहम्मद जहूर अंसारी,चंदरा मुखिया सीमा तिर्की,पूर्व मुखिया रामेश उरांव,रहीम अंसारी, प्रोफेसर शैलेंद्र मिश्र, हैदर अंसारी,मुखिया शिवनाथ मुंडा,मुखिया अनीता लिंडा,सरपंच रीना मुंडा,उज्ज्वल कुमार, रश्मि तिर्की, उमा देवी,सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल नेवरी में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

कांके(मोहसीनआलम): ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल नेवरी में शनिवार को स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल के 28 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया,और अपने अंदर छिपे प्रतिभा को निखारते हुए ड्राइंग पेपर में अपना कलाकृति को दिखाया,प्रतियोगिता में सभी छात्राओं ने प्रथम स्थान लाने के लिए कड़ी मेहनत की, प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम प्रथम स्थान पर वर्ग 2 के अकरम अंसारी, दूसरे स्थान पर वर्ग पांच के रजिया परवीन तथा तीसरे स्थान पर वर्ग 5 के साजिया परवीन रहे. विजेता प्रतिभागियों को स्कूल के निदेशक जीशान अख्तर ने मेडल पहनाकर तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, प्राइज मिलने से छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे, इस अवसर पर स्कूल के निदेशक जीशान अख्तर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिपेक्ष में हर क्षेत्र में बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सकता है, बस जरूरत है उनकी कला को निकालने की, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल आज शिक्षा संस्कार तथा बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी प्रतिभा स्कूल में होती है उस बच्चे नए-नए तरीके के प्रतिभा विकसित होती है, वहीं उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से बच्चों के बीच आत्मविश्वास बढ़ता है, हम शिक्षकों को आपकी जीवन को सही राह देने में सहायता मिल सके, इसी का प्रयास हमेशा हम लोग करते हैं, मौके पर स्कूल के वाइस प्रिंसिपल संगीता तिरु, शिक्षक शाहिल साईं, रुखसाना परवीन, हेमंत कुमार, परवेज होवारी,रेखा मेम सहित अन्य शिक्षक एवं छात्राएं मौजूद थे।

### संजय पांडे एवं लाल किशोरनाथ शाहदेव को प्रदेश कांग्रेस का मुख्य प्रवक्ता मनोनीत

रांचीः झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग का विस्तार किया गया। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी ने बताया कि पार्टी के नीति, सिद्धांतों, कार्यक्रमों को मीडिया के माध्यम से जनता के समक्ष रखने हेतु मीडिया कमिटी में विस्तार करते हुए संजय पांडे एवं लाल किशोरनाथ शाहदेव को प्रदेश कांग्रेस का मुख्य प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। श्री मुंजनी ने आशा व्यक्त की है कि नेताद्धय संगठन के हित में नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

### बेंगाबाद में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

गिरिडीह(ईएमएस)।अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से शनिवार को एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई।घटना बेंगाबाद थाना क्षेत्र के रतुआडीह गांव की है।बताया जाता है कि रतुवाडीह में फुटबॉल मैच का आयोजन था।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर रतुवाडीह की ओर जा रहा था।इसी क्रम में एक व्यक्ति ट्रैक्टर को रोककर उस पर सवार हो गया।फुटबॉल मैच के मैदान के समीप जैसे ही पहुंचा वह चलते ट्रैक्टर से उतरने लगे।इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रैक्टर के नीचे आ गया।ट्रैक्टर के चक्के से कुचलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 44 वर्षीय तुम्बा मरांडी के रूप में हुई. वह बुढ़ई थाना देवघर के सामपुर कर रहने वाला था।

### हिंदू धर्मयोद्धा" हिंदू समाज का प्रहरी होगा : स्वामी दिव्यानंद

रांची : नवरात्रि के द्वितीय तिथि श्री राम मंदिर,मेन रोड रांची में एक हिंदूवादी संगठन " हिंदू धर्मयोद्धा" का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम की आगाज सानिध्य में स्वामी दिव्यानंद जी महाराज के सानिध्य में "लोगो पोस्टर" का विमोचन करके शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू हिंदुत्व और सनातन के संरक्षण और संवर्धन को दृष्टिकोण पर रखते हुए संगठन की गतिविधि की जाएगी ज्ञातव्य है कि आए दिन विभिन्न आताताइयों विधर्मियों के द्वारा हिंदू धर्म का अपमान किया जा रहा है, आगे से किसी भी प्रकार का अपमान या हिंदुत्व पर प्रहार का प्रतिकार करने के लिए हिंदू धर्मयोद्धा के सदस्य योद्धा के रूप में एवं मातृ शक्ति शाखा हिंदू वीरांगना के रूप में निरंतर अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए तत्पर रहेंगे। स्वामी दिव्यानंद जी ने यह भी बताया, की दुर्गा पूजा के बाद संगठन का विस्तार कर लिया जाएगा। संगठन का थीम "धर्म रक्षति रक्षित" को अपने मन में यह भाव रखकर संगठन का स्लोगन "उत्तिष्ठ भारतः" रखा गया है, जिस प्रकार महाभारत काल में श्री अर्जुन के समक्ष धर्म संकट की स्थिति आ गई थी, फिर श्री कृष्ण ने उन्हें समझाया की धर्म युद्ध के लिए पार्थ अपना गांडीव उठाओ, ठीक उसी तरह वर्तमान समय में भी हिंदू सनातन समाज के समक्ष ऐसी स्थिति आ गई है, संगठन के योद्धा एवं वीरांगनाएं संविधान, संस्कृति एवं मर्यादा को दृष्टिकोण पर रखते हुए योद्धा निपटने के लिए तत्पर रहेंगे। स्वामी जी ने संपूर्ण हिंदू सनातन समाज से संगठन को नैतिक समर्थन प्रदान करने के लिए आग्रह भी किया और साथी यह आश्वासन भी दिया कि संगठन के सारे योद्धा हिंदुत्व की सेवा के लिए सदैव तक पर रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थापक के रूप में स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, मुरारी लाल गुप्ता, रवि दत्त बबलू, अभिषेक मद्धेशिया, ललित चौधरी, डॉक्टर महेंद्र राज, निलय सिंह, राजेश प्रसाद, मनीषा शर्मा, डॉ रूबी, शिला साहू, अनिता कुमारी एवं नूपुर कुमारी के साथ और भी गणमान्य जन उपस्थित थे।

### सड़क चौड़ीकरण को लेकर लोगों ने विधायक के साथ उपायुक्त से किया मुलाकात

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा में 4/6 लाइन सड़क चौड़ीकरण को लेकर प्रभावित लोगों ने विधायक अमित कुमार यादव के साथ हज़ारीबाग उपायुक्त से मुलाकात किया। हजारीबाग उपायुक्त से मिलकर विधायक ने बताया कि आपके आदेशानुसार एलिमेंट के मुताबिक मकान एवं संरचनाओं का मूल्यांकन करना था।वह अब तक नहीं हो पाया और बगैर फीता चलाएं कुछ प्रभावित लोगों को मुआवजा के नाम पर नोटिस भेज दिया गया है। प्रभावित लोगों को भेजे गये नोटिस में 4/6 लाइन का जिक्र किया गया है। जिसका मुआवजा राशि न देकर सहायता राशि 20 से 30 हजार रुपये भुगतान लेने का नोटिस में जिक्र है जबकि सरकार का नक्शा और एलाइनमेंट के अनुसार संरचनाओं का मूल्यांकन कर मुआवजा राशि देना है।

## जल,जंगल,जमीन बचाने के ऐतिहासिक नारो को भाजपा बदलने की कोशिश कर रही हैः विजय

रांचीः आदिवासी मूलवासी समाज के जल,जंगल,जमीन बचाने के ऐतिहासिक नारो को भाजपा (रोटी,बेटी,माटी) के नारे में गुम करने का षडयंत्र कर झारखंड के जल,जंगल,जमीन को लूटना चाहती है भाजपा उपरोक्त बातें आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने भाजपा के (रोटी,बेटी,माटी) के चुनावी नारे पर अपनी प्रतिक्रिया मे उक्त बाते कही l इन्होंने यह भी कहा कि *झारखंडी समाज के जल,जंगल,जमीन बचाओ के ऐतिहासिक नारो के जगह भाजपा चुनावी नया नारा ' रोटी, बेटी और माटी' चलाने की कोशिश में लगी है*। देश के प्रधानमंत्री एंव भाजपा के स्टार चुनाव प्रचारक के रुप मे मोदी जी ने हजारीबाग में 'रोटी,बेटी और मार्टी' के चुनावी नारे के साथ झारखंड में विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया है जो आदिवासी मूलवासी समाज जो जल,जंगल, जमीन बचाने के लिए आन्दोलनरत लोगो के लिए शुभ संकेत नही है । श्री नायक ने आगे कहा की इस नारे के पिछे एक षडयंत्रपूर्ण कूटनीति है जिसके तहत 'जल, जंगल, जमीन' के नारों को 'रोटी, बेटी और माटी' के नारे में विलुप्त कर देने का षडयंत्र है l इस नारे ने यह भी पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि झारखंड में संघर्ष दो विचारधाराओं के बीच है एक जल,जंगल, जमीन बचाने वाले है तो दुसरी ओर इन सम्पदाओं को लुटने वाले है । इन्होने यह



भी कहा कि जल, जंगल, जमीन आदिवासी- मूलवासी समाज का जीवन मरण का प्रश्न है और जिने का आधार भी है और उनकी स्पष्ट समझ है कि यदि यह बचा रहेगा तो उन्हें कभी भी किसी का मोहताज नहीं होना पड़ेगा. इसलिए सदियों से वे इसके लिए संघर्ष भी करते रहे हैं । सिदो,कान्हू,चांद,भैरव, फुलो,झानो,तिलका मांझी ,बिरसा मुंडा, बुदधु भगत और अन्य झारखंडी वीर शहीदों के नेतृत्व में चला आंदोलन' इसी संघर्ष को रेखांकित करता हैं । श्री नायक ने आगे कहा कि झारखंड अलग राज्य का आंदोलन भी जल, जंगल, जमीन और अपनी अस्मिता संस्कृति को बचाने का ही संघर्ष था. तपकारा, कोयलकारो, नेतरहाट में चल रहा फायरिंग रेंज के खिलाफ आंदोलन इसी बात को शाबित करता है कि झारखंड का मूल संघर्ष जल, जंगल, जमीन को बचाने का संघर्ष रहा है। क्योंकि इसी जल, जंगल, जमीन की बदौलत आदिवासी मूलवासी समाज कभी दुर्भिक्षा का शिकार नहीं होता। यदि यह बचा है और इस पर आदिवासियों मूलवासियों का अधिकार सुरक्षित है तो 'रोटी' का संकट उसके लिए कभी नहीं होगा । इन्होने भाजपा नेताओ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वैसे भी, बेटियों की सुरक्षा भाजपा क्या करेंगी जो बलात्कारियों को माला पहनाते हैं, वोट की टुच्ची राजनीति के लिए राम रहीम जैसे बलात्कारी को पेरोल पर जेल के बाहर भीतर करते रहते हैं, भारतीय महिला पहलवानों को ब्रजभूषण जैसे दुराचारी से बचाने के बजाय उसे बचाने के लिए एड़ी चोटी एक कर देते हैं। आदिवासी मूलवासी समाज में बेटियां बोझ नहीं मानी जाती। वैसे में संघ और भाजपा परिवार और उसकी राजनीतिक सत्ता बेटियों की सुरक्षा की बात करे, तो यह हास्यास्पद ही है। दरअसल, मोदी जी और उनकी भाजपा पार्टी 'रोटी, बेटी और माटी' के नारे से 'जल, जंगल, जमीन; के नैरेटिव को ही हमेशा के लिए दफन कर देना चाहती हैं । क्योंकि वे जानते है की जल, जंगल जमीन को बचाने का संघर्ष जब तक जारी रहेगा, तब तक वे इसे सौगात की तरह अपने कारपोरेट यारों अडाणी को हंसदेव जंगल जैसे दिये है वे झारखंड मे सारंडा जंगल कैसे दे पायेंगे. झारखंड में भाजपा की सारी मशक्कत झारखंड के जल,जंगल, जमीन को अपने कारपोरेट यारों अडाणी को कैसे दे इसी बात के लिए है ।

श्री नायक ने आगे यह भी कहा कि मणिपुर के आदिवासी अपनी अस्मिता के लिए लड़ रहे हैं। लद्दाख के आदिवासी छठी अनुसूचि के लिए शांतिमय संधर्ष कर रहे हैं। क्या झारखंड के आदिवासी पांचवी अनुसूचि को बचाने के लिए कटिबद्ध होंगे या 'रोटी, बेटी, माटी' के फरेब से भरे नारे में 'जल, जंगल, जमीन' को बचाने के लिए अनादि काल से चले आ रहे संघर्ष को भूल जायेंगे? इन्होने झारखंड के सभी दलित आदिवासी मूलवासी समाज से अपील किया की अभी मौका है कि वोट की चोट से भाजपा को इसका जवाब दें और जल, जंगल, जमीन' को बचाने के लिए अनादि काल से हमारे पूर्वजो के द्वारा किये जा रहे संघर्ष को गति दे।

### हिन्दी पखवाड़ा का समापन

रांचीः इंडियन बैंक के राँची अंचल कार्यालय में दिनांक 14 सितम्बर से 27 सितम्बर 2024 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाई गई। जिसके तहत 5 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।। सभी प्रतियोगिताओं में सभी स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पखवाड़ा अवधि के दौरान स्टाफ सदस्यों को अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया गया। अंचल प्रबंधक, राम स्वरूप सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 05.10.2024 को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचल के उप अंचल प्रबंधक विजेंद्र सिंह मलिक, सहायक महाप्रबंधक प्रभाकर कुमार सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे। अंचल कार्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अंचल प्रबंधक श्री राम स्वरूप सरकार द्वारा प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि से पुरस्कृत किया। उन्होने हिन्दी में कार्य करने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों को प्रेरित भी किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), ओम प्रकाश वर्मा द्वारा किया गया ।

### राज्य में हो स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालयः राजेश

रांचीःसरकार के अंतिम कैबिनेट (संभावित 8 अक्टूबर) बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ओबीसी समुदाय के हित में ओबीसी मंत्रालय का गठन करे।और राज्य में सबसे बड़े ओबीसी हितैषी नेता बनने का अवसर न खोए।

उपरोक्त बातें आज राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कही है। श्री गुप्ता ने कहा कि राज्य में ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का दो बार प्रयास हेमंत सोरेन की सरकार ने की बावजूद वह लागू नहीं हो सका। गठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार के पास एक स्वर्णिम मौका है वे यदि राज्य में एससी,एसटी और अल्पसंख्यक की तरह ओबीसी का भी स्वतंत्र मंत्रालय गठन करने का काम करते हैं। तो हेमंत सरकार ओबीसी के इतिहास में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। ज्ञात हो कि बिहार और महाराष्ट्र प्रदेश में ओबीसी का स्वतंत्र मंत्रालय गठित है।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## विदेशी बिकवाली, घरेलू खरीदारी से बैंक म्युचुअल फंड और एलआईसी संकट में

भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक अपना निवेश निकालकर मुनाफा वसूली करने में लग गए हैं। पिछले 5 दिनों में विदेशी निवेशकों ने लगभग 40000 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार से निकाल लिए हैं। इसके पहले भी विदेशी निवेशकों ने मुनाफा वसूली की है। विदेशी निवेशकों द्वारा चीन के शेयर बाजार में निवेश किया जा रहा है। भारत के शेयर बाजार से निवेशकों को पिछले 5 दिनों में लगभग 16.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। इसमें भारत के घरेलू छोटे निवेशक और भारतीय वित्तीय संस्थानों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। भारतीय शेयर बाजार की गिरावट को रोकने के लिए सरकार ने पूरी ताकत लगा दी है। बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों को शेयर बाजार में निवेश करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। म्युचुअल फंड 2 लाख करोड़ रुपए शेयर बाजार में निवेश कर के वर्तमान गिरावट को रोकने की तैयारी मे है। जिस तरह की वैश्विक स्थितियां बन गई हैं। भारतीय शेयर बाजार, अडानी समूह की कंपनियों के निवेश को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट, सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के ऊपर लगे आरोप, संसदीय समिति द्वारा जांच शुरू किए जाने, विपक्ष की जेपीसी की मांग को लेकर संसद सत्र के दौरान जो स्थिति बनी वह आगामी कुछ दिनों के बाद बन सकती है। ईरान, इजरायल, लेबनान, रूस और यूक्रेन के युद्ध को देखते हुए विदेशी बड़े निवेशक, भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकालकर अन्य शेयर बाजारों में निवेश कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में सोने और चांदी में निवेश किए जाने के कारण सोने के दाम भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में भारतीय बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम और म्युचुअल फंड का निवेश बड़ी मात्रा में शेयर बाजार में किया गया है। यह निवेश शेयर बाजार की आग में घी डालने जैसा है। यह सारा निवेश, मुनाफा वसूली के कारण शेयर बाजार में रुकने के स्थान पर और ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। पिछले दो सालों से विदेशी निवेशक भारत में खरीदी करते थे, और उस निवेश को चीन के शेयर बाजार में जाकर बेच देते थे। इस रणनीति के तहत विदेशी निवेशकों ने चीन के शेयर बाजार के जरिए भारी मुनाफा कमाया है। इसमें भारत के बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने भी इस रास्ते का इस्तेमाल किया है। जिसके कारण शेयर बाजार की गिरावट को रोक पाना अब संभव नहीं हो पा रहा है। कुछ आर्थिक विशेषज्ञों का यह भी कहना है, कि जिस तरह से अमेरिका में 2008 की मंदी आई थी। ऊसने सारी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था। 2008 की अमेरिकी मंदी को महामंदी का नाम दिया गया था। सितंबर 2008 में अमेरिका के लेहमन ब्रदर्स द्वारा की गई वित्तीय अनिमियतता के बाद दिवालिया होने का आवेदन देने से अमेरिका की सारी अर्थव्यवस्था एक ही झटके में ढह गई थी। अमेरिका के सैकड़ों बैंक एक-एक करके कुछ ही महीनो में दिवालियापन के शिकार हो गए थे। इसका असर सारी दुनिया के देशों में हुआ था। विश्व बैंक ने दुनिया के सभी केंद्रीय बैंकों को निर्देश दिए थे। वह डॉलर के साथ-साथ सोने में भी निवेश करें। ताकि दुनिया की अर्थव्यवस्था को कोई खतरा न पहुंचे। उसके बाद सारी दुनिया के देशों ने बड़े पैमाने पर सोना खरीदकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने एवं आयात निर्यात व्यापार को नियंत्रित रखने का प्रयास किया था। भारतीय शेयर बाजार में जिस तरीके की गिरावट देखने को मिल रही है। इसका असर भारत की वित्तीय संस्थानों में पड़ना तय है। जिसके कारण आर्थिक विशेषज्ञ यह कहने से नहीं चूक रहे हैं। जिस तरह की हालत अमेरिका में 2008 में हुई थी, उसी तरह के हालात भारत में 2024 को देखने को मिल रहे हैं। 1992 में जिस तरह से हर्षद मेहता ने शेयर मार्केट के माध्यम से जो गड़बड़ घोटाले किए थे, उसी तरह के आरोप हिडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए हैं। जिसके कारण दुनिया भर के निवेश भारतीय शेयर बाजार से अपनी दूरी बना रहे हैं। वहीं भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर बैंकों में शेयर गिरवी रखकर भारी कर्ज लिया है, जिसके कारण निवेशकों में भारी घबराहट देखने को मिल रही है।

## ये तो लड्डू जेहाद हो गया...?

**मुस्ताअली बोहरा**

---- आखिर क्यूं खामोश हैं धर्म ध्वजा उठाने वाला तबका
-- तिरूपति से लेकर अयोध्या तक वितरित हुआ है लड्डु

विश्व प्रसिद्ध तिरूपति बालाजी मंदिर में भोग लगाने और भक्तों को बांटे जाने वाले लड्डु में पशुओं की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल किए जाने के आरोप सामने आने से लाखों लोगों की आस्था पर आघात लगा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों और लैब रिपोर्ट को सही माना जाए तो इससे अधिक अनैतिक और अधार्मिक कुछ हो ही नहीं सकता। जिस लड्डु को भक्तों ने भगवान व्यंक्टेश्वर की कृपा और आशीर्वाद समझकर ग्रहण किया था उसमें सुअर और बीफ के मांस से निकाली गई चर्बी का इस्तेमाल हुआ है। इतना ही नहीं अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर तिरुपति मंदिर से एक लाख लड्डू अयोध्या पहुंचे थे। तिरूपति बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए हर रोज करीब 85 हजार से ज्यादा भक्त पहुंचते हैं। यानि लाखों लोगों ने मिलावट वाला लड्डु प्रसादम ग्रहण किया, एक तरह से लड्डु जेहाद हो गया। इस लड्डू में जानवरों की चर्बी की मिलावट की खबर ने देश भर के सनातनियों को सकते में डाल दिया है। इतना ही इस खबर के बाद देश के अन्य विख्यात मंदिरों में प्रसाद बनाने की प्रक्रिया, उसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री से लेकर वितरण तक की निरीक्षण-परीक्षण किया गया। इधर, लड्डु प्रसादम में मिलावट से लेकर रिपोर्ट सार्वजनिक होने तक के मामले में भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ये मामला आस्था के साथ राजनीतिक मसला बन गया है। एसएमएस लैब सर्विस की रिपोर्ट इसी साल जून महीने की है। मंदिर के प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी में जानवर की चर्बी के सबूत वाली लैब रिपोर्ट जुलाई में आ गई थी लेकिन सीएम चंद्रबाबू नायडू ने इसका खुलासा एक माह बाद किया। आखिर इस लेट-लतीफी की क्या वजह थी ये भी अहम सवाल है। सीएम नायडू के गंभीर आरोपों के बाद पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने भी मीडिया से कहा कि उनकी सरकार ने पिछले कई दशकों से मंदिर में होने वाली टेंडर की तय प्रक्रिया का पालन किया है। तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में मिलावट की बात सामने आने के बाद अभी तक महज राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों, जबानी जमा खर्च ही हुआ है और कोर्ट में अदालती कार्रवाई शुरू हुई है, इसके अलावा मंदिर के शुद्धिकरण हुआ है बाकी धर्म ध्वजा उठाने वालों का बड़ा तबका फिलहाल खामोश ही है। दक्षिणी भारत में मौजूद भगवान तिरुपति बालाजी का चमत्कारिक मंदिर देश-दुनिया में मशहूर है। भगवान विष्णु को समर्पित इस मंदिर की वास्तुकला और शिल्पकला देखने लायक है। ये मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरूपति के पास तिरुमला पर्वत पर स्थित है। भगवान तिरुपति बालाजी का मूल नाम श्री वेंकटेश्वर स्वामी है, जो खुद भगवान विष्णु हैं। इस मंदिर की ख्याति तिरुपति बालाजी के रूप में है और यहां भगवान विष्णु की पूजा होती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक भगवान श्री वेंकटेश्वर अपनी पत्नी पद्मावती के साथ तिरुमला में रहते हैं। भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान वेंकटेश्वर के कई नाम हैं। उन्हें भगवान कृष्ण का प्रतिरूप माना जाता है, इसलिए उन्हें गोविंद भी कहा जाता है। तिरुमाला पहाड़ी पर स्थित मंदिर के गर्भगृह के निर्माण और उसमें मूर्ति की स्थापना के समय को लेकर अलग अलग मत है। बुद्धिजीवी श्रद्धालु मंदिर के पांच हजार साल पुराना होने का दावा भी करते हैं, लेकिन 1100 साल पहले के पल्लव राजवंश के समय से मंदिर में पूजा-अर्चना होने का इतिहास में वर्णन है। माना जाता है कि जो भी भक्त सच्चे दिल से भगवान वेंकटेश्वर के सामने मनोकामना मानता है, उसकी हर इच्छा पूरी होती है। दुनिया भर में मशहूर और चमत्कारिक मंदिर के लड्डू में जो भगवान को भोग भी लगाया जाता था और फिर भक्तों को प्रसाद के तौर पर बांटा भी जाता था, ऐसे प्रसाद में जानवरों की चर्बी की मिलावट में न सिर्फ आस्था पर चोट की बल्कि कई संगीन सवाल खड़े कर दिए हैं। भले ही मिलावट की खबर फैलने के बाद मंदिर का शुद्धिकरण किया गया हो, शांति होमम और वास्तु पूजा की गई हो, पंचगव्य (गोबर, गौ मूत्र, दूध, घी, दही) से मंदिर को शुद्ध किया गया हो और महा शांति होमम किया गया हो लेकिन इससे अपराध कम नहीं हो जाता। आखिर जो लोग सात्विक जीवन जीते हुए मांसाहार से दूर रहते हैं, उन्हें अगर यह मालूम हो कि उन्होंने पशुओं और उसमें भी गाय-भैंस के मांस से बने घी के प्रयोग से बने प्रसाद का सेवन किया है, तो उनकी आस्था और विश्वास को कितनी ठेस पहुंची होगी। अब यह भी कहा जा रहा है कि जिन लड्डूओं को प्रसाद के रूप में बांटा जाता है, उनमें यह मिलावट नहीं थी बल्कि अन्य खाद्य पदार्थों में इसकी मिलावट की जाती थी। जानवरों के मांस से बने पदार्थों की चाहे किसी भी खाद्य सामग्री में की गई हो मामला तो संगीन है।

# पूजा के समय मांस का ऑनलाइन प्रचार है गलत

**संजय गोस्वामी**

अभी नवरात्र चल रहा लेकिन आजकल कुछ भी गूगल में सर्च कीजिये तो कभी ना कभी आपको गलत प्रचार जो लिशियस के मांस उत्पाद, गोदरेज चिकेन हलाल आदि मांस का प्रचार देखने को मिल जाता है इसमें अन्य कंपनियों द्वारा पता नहीं कहाँ से आ जाता है आमोज़ोंने यूपीआई से पे करें तो स्क्रैच कार्ड में मिल जाता है यह मांसहार का प्रचार नहीं तो और क्या है,यहाँ तक कि नेशनल एग कोऑर्डिनेसन कमिटी द्वारा महान क्रिकेटर श्री कपिल देव व राहुल द्रविड़ द्वारा अंडे पर प्रचार फिर से टीवी पर आने लगा कि सन्डे हो या मंडे रोज खाएं अंडे जिसकी मैं कड़ी निंदा करता हूँ और इसपर प्रचार नहीं हो सकता है क्योंकि ऐ नॉनवेज की श्रेणी मे है ऐसे चिकेन मटन का ऑनलाइन सेल का खूब प्रचार इंटरनेट पर आता है जो गलत है ऐ भगवान बुद्ध व महावीर की धरती है ऐसा नहीं होना चाहिए अंडा है क्या इसके बारे मे जानिए वेज अंडा नॉन वेज है ऐ मुर्गी के पेट मे पल रहा चूजा है विज्ञान पर ध्यान दे भारत के महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने ऐ सिद्ध कर दिया था कि पेड़ पौधा भी सजीव है अतः उसके फल पत्ती को खाया जा सकता है लेकिन तोड़ने की गलती मत कीजियेगा क्योंकि वो पर्यावरण की रक्षा करता है बढ़ते औद्योगिकरण व जनसंख्या वृद्धि के कारण ही असमय पृथ्वी का तापमान अचानक बढ़ गया है पेड़ इसे शील्ड करते हैं अतः पेड़ सजीव है लेकिन शाकाहारी मे आता है यदि ऐसा ना हो तो आदमी क्या खाएगा अतः फल, सब्जी,पत्ती दूध दही आदि सभी शाकाहार मे आते हैं किन्तु अंडा बिल्कुल नहीं क्योंकि ऐ मुर्गी का भ्रूण है और कई मुर्गीपालन के जरिये करते है लेकिन ऐ मांसहार की श्रेणी मे आता है क्योंकि केक मे अंडा के केक का कलर कोड ग्रीन नहीं होता है भ्रूण हत्या पाप है जो इसको नहीं मानते हैं ना माने लेकिन विज्ञान पर तो दुनिया विश्वास करती है एक हालिया अध्ययन के अनुसार दुनिया भर के लोगों ने वैज्ञानिकों पर भरोसा व्यक्त किया है, लेकिन वे अनुसंधान में सरकारों के हस्तक्षेप को लेकर चिंतित भी हैं। यह निष्कर्ष वैश्विक संचार संस्थान एडेलमैन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट ट्रस्ट बैरोमीटर का है जिसके लिए मेक्सिको से लेकर जापान तक 29 देशों के 35,500 से अधिक लोगों का सर्वेक्षण किया गया था।सर्वेक्षण के 75प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नवाचारों और नई प्रौद्योगिकियों सम्बंधित सही जानकारी प्रदान करने के लिए वैज्ञानिकों पर विश्वास जताया है। इतने ही प्रतिशत लोगों ने चाहा है कि वैज्ञानिक इन नवाचारों को पेश करने में स्वयं आगे आएं। इसके विपरीत, सही जानकारी देने के संदर्भ में लोगों ने पत्रकारों और सरकारी नेताओं पर क्रमशः 48प्रतिशत और 45.5 प्रतिशत ही भरोसा जताया है।हालांकि, अध्ययन में 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने देश में विज्ञान के राजनीतिकरण की बात कही है, जो राजनेताओं के हस्तक्षेप की ओर इशारा करता है।

विश्व स्तर पर 59 प्रतिशत का मानना है कि सरकारें और अनुसंधान वित्तपोषक एजेंसियां वैज्ञानिक प्रयासों पर अत्यधिक प्रभाव डालते हैं। ये आंकड़े भारत में 70 प्रतिशत और चीन में 75 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 60 प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है। यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण-आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास सम्बंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं?कई विशेषज्ञ इस रिपोर्ट को काफी महत्वपूर्ण बताते हैं जो कोविड-19 महामारी और कृत्रिम बुद्धि के उदय जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विज्ञान और नवाचार पर वैश्विक फोकस के साथ मेल खाती है। हालिया समय में दुनिया भर की सरकारें क्लस्टरिंग विश्वविद्यालयों से लेकर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने और नवीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की विभिन्न रणनीतियों की तलाश कर रही हैं। एक हालिया प्रस्ताव में चिकित्सा विज्ञान में एआई की बड़ी भूमिका की वकालत की गई है लेकिन नियामक सुधारों को भी आवश्यक बताया है। गौरतलब है कि इस पूरे मामले में सामाजिक विज्ञान एक ऐसे उपकरण के रूप में उभरा है जिसका उपयोग नहीं किया गया है। यूके एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज की एक रिपोर्ट में डेटा वैज्ञानिकों, अर्थशास्त्रियों, नैतिकतावादियों, कानूनी विद्वानों और समाजशास्त्रियों की विशेषज्ञता की चर्चा करते हुए नीति निर्माण में सामाजिक विज्ञान को जोड़ने पर जोर दिया गया है। इन क्षेत्रों के पेशेवर उभरती नई प्रौद्योगिकियों, आर्थिक मॉडलों और नियामक ढांचे की ताकत और सीमाओं का आकलन कर सकते हैं और उनमें निहित अनिश्चितताओं को भी संबोधित कर सकते हैं।यदि लोगों को लगता है कि विज्ञान का राजनीतिकरण हो चुका है और सरकारें बहुत अधिक हस्तक्षेप कर रही हैं, तो यह सिर्फ विज्ञान के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए भी समस्या है क्योंकि इससे लोगों के इस विश्वास में कमी आ सकती है कि सरकारें इन नवाचारों के लाभ उन तक पहुंचाएंगी और संभावित नुकसानों से बचाएंगी। ऐसे में वैज्ञानिकों को नवाचार के बारे में विश्वसनीय स्रोत बनने के अवसर का लाभ उठाना चाहिएअतः जिसे जो खाना है खाये उसमें मनाही नहीं है लेकिन गलत चीज का प्रचार भी ना करें नहीं तो रामदेव बाबा के प्रचार जैसा हाल हो जायेगा सही चीज बताने मे क्या हर्ज है मशरूम भी शाकाहारी नहीं है एक प्रकार का फंगस है जो एक मांस का ही अंश है लेकिन लोगों को खिलाने हेतु बाजार मे लाने मे मुनाफा के कारण नहीं बताया जाता जो गलत है क्योंकि खान पान का असर आपके खून में होता और विचार गलत हो जाता है जिससे अपराध बढ़ते हैं।

# विनाश का कारण बन सकती है उन्नत तकनीक

**चैतन्य भट्ट**

लेबनान में हजारों पेजरों और उसके बाद वाकी टाकी रेडियो , लैपटॉप और और सोलर उपकरणों में में एक साथ हुए धमाकों ने दुनिया को हिलाकर रख दिया है। इन धमाकों में 30 से ज्यादा मौतें हुईं और 3000 से ज्यादा लोग गंभीर रुप से घायल हैं। इसे आतंकी संगठन हिजबुल्ला के खिलाफ इजरायली सुरक्षा एजेंसी मोसाद का आपरेशन माना जा रहा है। तकनीक पर निर्भर व्यवस्थाएं चिंतित हैं। अगर यह संभव है तो जाने और कितना कुछ भी संभव होगा जिसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

नई तकनीकों के समंदर में गोते लगा रही युवा पीढ़ी तो शायद जानती भी न हो कि पेजर है क्या ? 80 के दशक में आया यह संचार माध्यम मोबाइल के आने से जल्द विदा हो गया। भारत में तो इसके आगमन प्रस्थान की भनक भी नहीं लगी। जीपीएस मोबाइल की तुलना में पेजर की बेहद बेसिक तकनीक इसकी ट्रैकिंग मुश्किल बनाती है। संभवतः इसीलिए इजरायली एजेंसियों द्वारा ट्रेस किए जाने से बचने के हिजबुल्ला ने इस पुरानी तकनीक पर निर्भर होना ठीक समझा। बहरहाल यह आश्वस्ति झूठी ही साबित हुई है।

धमाकों के पीछे पहली थ्योरी यह है कि इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल की फ्रीक्वेंसी हैकिंग से पेजर में लगी लिथियम बैटरी का टैंपरेचर बढ़ाकर ये धमाके किए गए। दूसरी थ्योरी के अनुसार हिजबुल्ला ने यह पेजर ताईवानी कंपनी गोल्ड अपोलो से खरीदे थे जिनकी बैटरी के साथ मोसाद ने विस्फोटक प्लांट कर दिए। एक संदेश ने विस्फोटक एक्टिवेट किया और हजारों पेजर एक साथ फट गए। हिजबुल्ला इस त्रासदी से उबर भी नहीं पाया था कि सैकड़ों वाकी-टाकी उपकरणों, लैपटॉप और यहां तक कि सोलर उपकरणों में भी ऐसे ही धमाके हुए।

ताजातरीन खबरें तो यह हैं कि एक बेहद खुफिया और सोचे समझे तरीके से इजराइल ने एक फर्जी कंपनी के माध्यम से यह पेजर खुद बनाकर गोल्ड अपोलो कंपनी को सप्लाई किए जो अंततः हिजबुल्ला के सदस्यों तक पहुंचे। हमास के सुप्रीम कमांडर इस्माइल हानियां की इजरायल के दुश्मन नंबर एक ईरान की राजधानी तेहरान में हुई हत्या भी तकनीक के दम पर ही संभव हुई थी।

इस घटना से उपजी चिंताएं भयावह हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई.ओ.टी.) तकनीक ने साईबर पहुंच को उपयोग की लगभग हर वस्तु तक पहुंचा दिया है। इस तकनीक से बिजली, मोटर वाहन, सुरक्षा और निगरानी, स्वास्थ्य प्रबंधन, कृषि, स्मार्ट होम और स्मार्ट सिटी जैसे बुनियादी ढाँचे को उन्नत किया जा रहा है। उपभोक्ता भी चाहता है कि दैनिक उपयोग की हर वस्तु हर वक्त उसकी पहुंच हो। कंपनियां इस कमजोरी का फायदा उठाकर हर उपभोक्ता उपकरण में यह तकनीक अपना रही हैं। कंपनियों को छुपा फायदा यह भी है कि उन्हें मार्केटिंग के लिए महत्वपूर्ण डाटा फ्री मिल रहा है जिसका उपयोग वे न सिर्फ खुद करती हैं बल्कि उसे बेचकर पैसा भी कमाती हैं। अनुमान है कि 2025 तक वैश्विक स्तर पर लगभग 11.4 बिलियन उपभोक्ता और 13.3 बिलियन इंटरप्राइजेज़ आई.ओ.टी. डिवाइस से युक्त होंगे और साईबर हमलों की पहुंच में होंगे।

इनमें मोबाइल, कार , स्मार्ट वॉच, हैल्थ मानीटर, फ्रिज, टीवी , एयर कंडीशनर समेत पेसमेकर जैसे बैटरी से चलने और शरीर के अंदर लगाए जाने वाले मेडिकल उपकरण भी शामिल हैं। पेजर धमाके बताते हैं कि ऐसे किसी भी उपकरण को बम में तब्दील करना संभव है। अधिसंख्य लोग मोबाईल से निकलने वाले घातक रेडिएशन के खतरे से अपरिचित होंगे। विभिन्न देशों में इस रेडिएशन लिए अलग-अलग सीमाएं तय हैं। क्या तकनीक के बल पर इस रेडिएशन को जानलेवा घातक स्तर तक बढ़ाया जा सकता है ? अगर हां तो यह खतरे की एक और घंटी है।

यूक्रेन युद्ध का प्रारंभिक अनुमान था कि ताकत के दम पर रूस इसे कुछ ही दिनों में खत्म कर देगा। सारे अनुमान गलत साबित हुए और लगभग दो साल का लंबा समय बीतने के बावजूद यह अब भी जारी है। पश्चिमी देशों द्वारा दिए गए उन्नत तकनीकी उपकरणों के दम पर यूक्रेन न सिर्फ युद्ध में बना हुआ है बल्कि उसने रुस जैसे ताकतवर देश को गहरा नुकसान भी पहुंचाया है। इजरायल की हमास तथा हिजबुल्ला जैसे आतंकवादी संगठनों के साथ चलने वाली लंबी लड़ाई भी तकनीक के प्रयोग से निर्णायक स्थिति में पहुंचती दिख रही है। जाहिर है, भविष्य के युद्ध सेनाओं और हथियारों नहीं बल्कि वातानुकूलित कक्षों में तकनीक के दम पर लड़े जाएंगे। साईबर हमलों की ऐसी श्रंखला युद्धों और आतंकवादी गतिविधियों तक ही सीमित नहीं रहेगी। ऐसे एक हमले से किसी भी देश की पूरी आर्थिक और जनोपयोगी व्यवस्था छिन्न-भिन्न कर उसे पंगु बनाया जा सकता है।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी न सिर्फ व्यक्तिगत बल्कि वैश्विक सुरक्षा की भी सबसे महत्वपूर्ण आधुनिक चुनौतियों में से एक है। राज्य विशेष या आतंकवादी समूह के हाथ में पहुंचकर ऐसी तकनीक कितनी विध्वंसक हो सकती है, सोच कर ही सिहरन होती है। बुनियादी ढांचे या सैन्य रसद नेटवर्क को नष्ट करने के लिए किया गया साईबर हमला कभी भी अंतरराष्ट्रीय संकट साबित हो सकता है। परमाणु अप्रसार संधि की तर्ज पर ऐसी अंतरराष्ट्रीय सहमति जरूरी है जो इसका नियमन करे। प्रयास हो तो रहे हैं मगर प्रगति धीमी है। अगर लेबनान में हुए धमाकों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस विषय पर और शीघ्रता से सोचने पर मजबूर किया तो यह त्रासदी से सबक सीखने की अच्छी बानगी होगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने देश को दिया सुरमा

( लेखक - राकेश अचल / ईएमएस )

| आज की पीढ़ी सूरमा के बारे में तो जानती होगी लेकिन उसे सुरमा के बारे में ज्यादा पता नहीं होगा। सुरमा का इतिहास बड़ा पुराना है। अक्सर पुराने जमाने में महिलाएं [ पुरुष भी ] सुरमा का इस्तेमाल अपनी आँखें आंजने यानि उन्हें खूबसूरत बनाने और निरोगी बनाने के लिए करते थे। सुरमा एके तरह का रसायन है। इसे आंजना भी एक कला है। संयोग से सुरमा को मुस्लिम समाज में बहुत तवज्जो दी गयी। अब तो बहुत कम लोग सुरमा लगते हैं ,क्योंकि एक तो ये हिन्दू-मुसलमान में बंट गया ,दूसरे आधुनिक विज्ञान ने इसकी फजीहत कर दी।

गोया कि हम उस ज़माने के लोग हैं जब सुरमा लगाने वाली स्त्रियों को बड़े सम्मान से देखा जाता था। लोगों के पास बाकायदा एक खूबसूरत डिबिया होती थी जिसे सुरमेदानी कहा जाता था। सुरमा लगाने के लिए धातु या कांच की सलाई हुआ करती थी। सुरमे की याद मुझे अचानक तब आई जब मुझे माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गयी एक टिप्पणी पढ़ने को मिली ,जिसमें कहा गया है कि - कोई भी व्यक्ति [जज भी ] भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकता है. यह देश की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है। माननीय अदालत को ऐसी तल्ख टिप्पणी अपने ही एक अधीनस्थ न्यायालय के माननीय जज द्वारा की गयी टिप्पणी पर करना पड़ी।

आपने शायद गौर न किया हो लेकिन आपको बताये देता हूँ कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के जज की टिप्पणी को संज्ञान में लिया है और फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, कोई भी व्यक्ति भारत के किसी भी क्षेत्र को पाकिस्तान नहीं कह सकता है। दरअसल, हाल ही में एक सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के जज जस्टिस वेदव्यासाचार्य श्रीशानंद ने बेंगलुरु के एक इलाके को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की थी। जस्टिस श्रीशानंद ने सुनवाई के दौरान एक महिला वकील पर असंवेदनशील और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। 20 सितंबर कोसुप्रीम कोर्ट ने मामले को संज्ञान में लिया और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से रिपोर्ट मांगी थी।

हाल ही में जस्टिस श्रीशानंद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक क्लिप में जज को मकान मालिक-किराएदारों के विवाद की सुनवाई के दौरान एक महिला वकील से यह कहते हुए देखा गया कि वो विरोधी पक्ष के बारे में बहुत कुछ जानती हैं। वो उनके अंडरगारमेंट्स का कलर भी आइडेंटिफाई कर सकती हैं। एक अन्य क्लिप में जज को बेंगलुरु के एक मुस्लिम बहुल इलाके को पाकिस्तान कहते हुए सुना गया।

आजाद भारत में ऐसी घ्रणित और लज्जास्पद टिप्पणियां करने वाले वेदव्यासाचार्य अकेले नहीं हैं। वेदव्यासाचार्य कि टिप्पणियां दरअसल उस समाज का प्रतिनिधित्व करतीं हैं जो आजादी के बाद भी देश में रह गए अल्पसंख्यकों को अपना मानने के लिए किसी भी सूरत में राजी नहीं हैं। ऐसी विचारधारा को राजनीतिक दलों ने हवा दी है। समाज में उन्होंने ही जहर घोला है और इतना ज्यादा घोल दिया है कि अब ये जहर देश की तमाम शिराओं से होता हुआ हमारी न्याय पालिका में भी प्रवेश कर गया है। जस्टिस वेदव्यासाचार्य तो एक उदाहरण भर है।वैसे भी केवल नाम वेदव्यास रखने से कोई वेदव्यास हो नहीं जाता। वो कुछ भी हो सकता है ,लेकिन वेदव्यास नहीं।

बहरहाल मुझे और आप सभी को देश कि शीर्ष अदालत का आभार मानना चाहिए कि उसने आपने अधीनस्थ न्यायालय के न्यायाधीश की टिप्पणी पर संज्ञान लिया। जस्टिस वेदव्यास यदि माननीय हाईकोर्ट के न्यायाधीश न होते तो मुमकिन हैकि उन्हें उनकी टिप्पणी के लिए निलंबित कर दिया जात। कारण बताओ नोटिस दिया जाता और बाकायदा कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती, लेकिन माननीय अदालतों कि एक मर्यादा होती है। उसकी लक्ष्मण रेखाएं होतीं हैं ,उन्हें आसानी से लांघा नहीं जा सकता।

ख़ुशी की बात ये है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने जस्टिस वेदव्यास के जरिये पूरे देश को ये संदेश दे दिया कि हर किसी को अपनी जबान काबू में रखना चाहिए। माननीय सर्वोच्च न्यायालय का ये निर्देश उन नेताओं के लिए ज्यादा लागू हो सकता है जो बात-बात में अपने ही नागरिकों को ही नहीं बल्कि प्रतिपक्ष के नेताओं तक को बात -बात में पाकिस्तान जाने कि नसीहत देने से नहीं चूकते। हमारे देश के नेता ही नहीं बल्कि सरकारके मंत्री तक किसी को भी देश का आतंकी नंबर वन कह सकते है। कह चुके हैं ,लेकिन दुर्भाग्य न सुनने वालों ने संज्ञान लिया और न किसी अदालत ने। अदालत भी आखिर किस - किसका संज्ञान ले ? यहां तो पूरे कुएं में भांग घुल चुकी है। लेकिन मुझे फिर भी यकीन है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय डरा दिया गया निर्देश संकीर्ण लोगों कि आँखों में पड़े जाले को काटने में सुरमे का काम करेगा।

बहुत कम लोगों को पता है कि काजल और सुरमा दो अलग-अलग चीजें है। दोनों आँखों को आंजती हैं। खूब सूरत और निरोगी बनाती है। सुरमा लगी आँखें जिसने देखी होंगीं वो उनकी खूबसूरती को समझ सकता है। सुरमा लगी आँखों कि खूबसूरती लफ्जों में बयां नहीं कि जा सकती । मैंने बचपन में अपने आसपास रहने वाली तमाम बूढी और जवान महिलाओं को अपनी आँखों में सुरमा आँजते देखा है

सुरमा पड़ते ही आँखे एकदम सुर्ख रू हो जातीं है। कुछ देर के लिए डबडबाती भी हैं लेकिन अश्कों को सलीके से दुपट्टे से पोंछ भी लिया जाता है और फिर आँखों में जो धार आती है उसके आगे तलवार की धार भी मौथरी पड़ जाये। गीतकारों ने हालाँकि सुरमा लगी आँखों को सुरमयी अँखियाँ कहने कि कोशिश की है। लेकिन इसके दो अर्थ निकलते हैं। पहला सुरमा लगी आँखें और दूसरा नशीली आँखें।

कमाल की बात ये है कि हमारी शीर्ष अदालत मौके-बेमौके समाज कि आँखों में सुरमा लगाता रहता है। शीर्ष अदालत के पास क़ानून की सुरमेदानी है। उसमें तरह-तरह का सुरमा होता है। कभी इसका असर होता है और कभी नहीं होता। लेकिन सुरमा का इस्तेमाल न समाज ने बंद किया है और न न्यायपालिका ने। आज यदि देश में बहुत कुछ खूबसूरत बचा है तो इसी सुरमे की वजह से ही ,अन्यथा एक पूरी जमात सब कुछ गुड़-गोबर करने पर आमादा है।

मुझे ये कहने में कोई हिचक नहीं है कि देश में यदि घर-घर श्री गणेश जी विराजते हैं तो समाज में जगह -जगह गोबर गणेश भी मिल जाते हैं। गणेश पूजा तक विवादों में घिर जाती है। जिस गणेश पूजा में प्रधानमंत्री कि मौजूदगी से माननीय सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशडीवाई चंद्रचूड़ विवादों में आये थे उन्हीं चंद्रचूड़ साहब की अध्यक्षता वाली बेंच ने इलेक्ट्रॉनिक युग में जजों के व्यवहार में बदलाव लाने का आह्वान किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस तरह के विवादों से अदालती कार्यवाही की लाइवस्ट्रीमिंग रोकने की मांग नहीं उठनी चाहिए। अदालत ने कहा, यह सुविधा लोगों के लिए महत्वपूर्ण हो गई है।

मजे कि बात ये है कि इस मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने उस कहावत को भी चरितार्थ किया है जिसमें कहा जाता है कि कोई अपनी मां को भट्टी नहीं कहता। माननीय अदालत ने जस्टिस वेदव्यासाचार्य को लगभग माफ़ करते हुए कहा है कि , सभी पक्षों, जजों, वकीलों, वादियों को यह पता होना चाहिए कि कार्यवाही उन दर्शकों तक पहुंचती है, जो अदालत के कैंपस से दूर बैठे हैं। इस तरह की टिप्पणियों के व्यापक प्रभाव के बारे में पता होना चाहिए। जजों के रूप में हम इस तथ्य के प्रति सचेत रहें कि प्रत्येक व्यक्ति के शुरुआती या बाद के अनुभवों के आधार पर पूर्वाग्रहों का एक समूह होता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कर्नाटक हाई कोर्ट के जज जस्टिस श्रीशानंद ने कहा कि 21 सितंबर को सुनवाई के दौरान उनके द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों को संदर्भ से हटकर दिखाया गया है। चूंकि जज ने अपनी टिप्पणी को अनजाने में कहा है, इसलिए यह समाज में किसी के लिए भी टारगेटेड नहीं थी।

बहरहाल अब इस मामले का पटाक्षेप हो चुका है इसलिए इसे यहीं छोड़ते हैं। इस बहाने मै अपने पाठकों से जरूर कहना चाहता हूँ कि जब-जब आँखों में जला-काला उतरता दिखाई दे तब-तब आँखों में काजल या सुरमा जरूर आंजना चाहिए। आँखों में रतौंधी का आना घातक है ,यहीं से अन्धेरा बढ़ता है और जो बाद में अंध भक्ति में बदल जाता है। जय सियाराम।

# नवरात्रि पर पूरा करें अपना संकल्प -श्री श्री रवि शंकर

हमारा मन संकल्प और विकल्प से भरा हुआ रहता है। शक्ति आपके संकल्प में निहित है और हर काम संकल्प से ही होता है। हाथ के उठने से पहले मन में संकल्प उठता है। कमजोर मन का संकल्प निष्प्रभावी होता है। जबकि साधना और ज्ञान से अपने मन को दृढ़ बनाने से हमारा संकल्प भी दृढ़ होता है। नवरात्रि के पहले तीन दिन तमो गुण, अगले तीन दिन रजो गुण और अंतिम तीन दिन सत्त्व गुण के लिए माने गए हैं। हमारी चेतना तमो और रजो गुण से होकर अंतिम तीन दिनों में सत्त्व गुण में खिलती है। फिर दसवें दिन को विजयदशमी के रूप में मनाकर इस ज्ञान के सार का सम्मान किया जाता है। संकल्प का एक अर्थ यह भी है कि अपनी चेतना को ब्रह्मांड में, अनंत में ले जाना और मन को वर्तमान क्षण में लाना। संकल्प में आप एक इच्छा करें और फिर उसे छोड़ दें और उस दिशा में बिना किसी आसक्ति के अपना काम करते रहें। ऐसा करते ही संकल्प साकार होता दिखने लगेगा। मान लीजिए कि आप बेंगलुरु से मुंबई जाना चाहते हैं। आप एक टिकट खरीदते हैं और लगभग दो घंटे की यात्रा करके मुंबई पहुँचते हैं लेकिन आप दो घंटे की समयावधि में यह नहीं जपते रहते कि, "मुझे मुंबई जाना है या मैं मुंबई जा रहा



हूँ।" यदि ऐसे करते रहे तो आप पागलखाने में भी जा सकते हैं! कभी-कभी इच्छा ज्वर का रूप लेकर, आपके लक्ष्य को अवरुद्ध कर देती है। ज्वर रहित इच्छा के साथ आपको यह विश्वास भी रखना होगा कि जो कुछ भी मेरे लिए अच्छा है, वह मुझे प्राप्त होकर रहेगा। भले ही कुछ समय के लिए ऐसा लगे कि यह आपके लिए सबसे अच्छा नहीं है लेकिन दीर्घकाल में जो आपके लिए सबसे अच्छा है, वही आपके साथ होगा। यहाँ पालन करने वाली मुख्य बातें हैं - साधना (आध्यात्मिक अभ्यास और आत्म-प्रयास), जागरूकता और ज्वर का त्याग है। आमतौर पर जब लोग अपनी आँखें बंद करते हैं और अपने भीतर जाते हैं, तो उन्हें ऐसे विचार आते हैं, 'यह ठीक नहीं है, वह ठीक नहीं है'। उन्हें हर चीज में दोष दिखाई देते हैं। वे न तो ध्यान कर सकते हैं, न ही शांत हो सकते हैं। क्रियाकलापों में लगे लोग ठीक इसके विपरीत करते हैं — काम करते समय "सब ठीक है", ऐसा सोचते हैं। इन दोनों दृष्टिकोणों पर हमें ध्यान देना चाहिए। जब आपको अपने भीतर जाना है तब निवृत्ति का दृष्टिकोण होना चाहिए – जो जैसा है ठीक है। जब आपको बाहर आकर काम करना है तब प्रवृत्ति में रहना होना चाहिए – कौन कौन सी चीजें हैं जिन्हें हमें ठीक करना है। ऐसा करने से आप छोटी-छोटी बातों में भी पूर्णता देखते हैं। जहाँ भी आपको अपूर्णता दिखती है वहाँ देखें कि आप कैसे उसे ठीक कर सकते हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मंदिरों से साईं मूर्ति हटाना उचित : शंकराचार्य

वाराणसी (ईएमएस)। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अवि मुकतेश्वरानंद सरस्वती ने काशी के सनातनी मंदिरों से साईं की मूर्ति हटाने को शास्त्र सम्मत बताया है, साथ ही सनातन रक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा की गिरफ्तारी पर रोश व्यक्त किया है। शंकराचार्य ने एक ऑडियो संदेश जारी करके अजय शर्मा का समर्थन किया है। शंकराचार्य ने कहा कि सनातनी मंदिरों में पुजारियों और प्रबंधको की ना समझी, लापरवाही और शिथिलता से लोभ, भय, अथवा अन्यान्य कारणों से ऐसी मूर्तियां स्थापित कर दी गई, जिनका सनातन धर्म शास्त्रों में ना तो उल्लेख है ना तो कोई उनकी पूजा की विधि है, और न तो उन्हें सनातन धर्मियों को उनसे किसी भी प्रकार की प्रेरणा मिलती है। शंकराचार्य ने कहा कि सनातनी अपने मंदिरों का शुद्धिकरण कर रहे हैं तो इसे किसी को क्या दिक्कत हो रही है। अगर कोई किसी का भक्त है तो अलग मंदिर बना कर उसमें उसकी पूजा करें,कोई मूर्ति तोड़कर फेंकी नहीं जा रही है।ज्ञात हो कि स्वामी अविमुक्तशवरनन्द जी बेबाक टिप्पणी के लिए जाने जाते हैं। इधर बीच कई स्थानों पर मंदिरो से साईं की मूर्ति को हटाने के चलते यह विवाद उत्पन्न हुआ है।

### नहीं आई किसान सम्मान निधि की किस्त, परेशानी का हल करेगी ये खबर

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त का इंतजार कर रहे करोड़ों किसानों के लिए खुशखबरी है। मोदी सरकार की ओर से किसानों के खाते में 18वीं किस्त की राशि शनिवार को जारी कर दी गई है। अगर आपके खाते में पीएम किसान के पैसे नहीं आए हैं तब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस तरह परेशानी हल हो सकती है। अगर आपने अपना बैंक अकाउंट आधार से लिंक नहीं कराया है, तब आपको पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा अगर आपने अपने बैंक अकाउंट की केवाईसी नहीं कराई है, तब आपके खाते में पीएम सम्मान निधि के पैसा नहीं आएंगे। इसके साथ ही किस्त न आने पर आप नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करके जानकारी हासिल कर सकते हैं।
पीएम किसान से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए आप टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 011-23381092 पर संपर्क कर सकते हैं। यहां आपको अपनी समस्या का समाधान मिल जाएगा।

#### ये है ईकेवॉयसी करने का आसान तरीका

सबसे पहले पीएम किसान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। होम पेज पर किसान सेक्शन में जाकर ईकेवॉयसी का ऑप्शन सेलेक्ट करें। अब आपको अपना 12 अंक का आधार नंबर डालना होगा।आधार नंबर डालकर सर्च ऑप्शन पर क्लिक करें। इसके बाद आपको अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। नंबर दर्ज करने का बाद आपके आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी जाएगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद सब्मिट बटन पर क्लिक करें।

### चुनाव से पहले शिंदे सरकार का बड़ा दांव, अहमदनगर अहिल्यानगर हुआ

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिंगुल बजाने से पहले महायुति की शिंदे सरकार ने बड़ा दांव चल दिया है। शिंदे सरकार के राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने अहमदनगर जिले का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी की घोषणा के कुछ घंटों बाद, शनिवार को इसके लिए एक अधिसूचना जारी की। जानकारी के मुताबिक, इंदौर की 18वीं सदी की शासक अहिल्याबाई होल्कर, जो इसी जिले की रहने वाली थीं, के सम्मान में महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले का नाम अब आधिकारिक तौर पर बदलकर अहिल्यानगर किया है। गौरतलब है कि जिले का नाम बदलने के फैसले की घोषणा सबसे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की थी। मई 2023 में अहिल्याबाई होल्कर की 298वीं जयंती के मौके पर अहमदनगर में कार्यक्रम को संबोधित कर सीएम शिंदे ने श्रद्धेय मराठा रानी के नाम पर जिले का नाम बदलने के राज्य के फैसले की पुष्टि की, जिनका जन्म अहमदनगर जिले के चोंडी गांव में हुआ था। मार्च 2024 में महाराष्ट्र सरकार ने अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के प्रस्ताव को मंजूरी देकर इस अंतिम मंजूरी के लिए केंद्र के पास भेज दिया, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। इस बीच, यह ध्यान रखना उचित है कि वर्तमान विकास ने तीसरी बड़ी बार चिह्नित किया है जब राज्य में जिले का नाम बदल दिया गया है। सितंबर 2023 में, महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद और उस्मानाबाद राजस्व प्रभागों का नाम बदलकर क्रमशः छत्रपति संभाजीनगर और धाराशिव राजस्व प्रभाग करने की अधिसूचना जारी की।

### पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी की चपेट में आई बाइक, दो युवकों की मौत

रामगढ़ (ईएमएस)। झारखंड के रामगढ़ में एक पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा गोला थाना क्षेत्र में हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना के बाद मृतकों के गांव में मातम छाया हुआ है। पुलिस ने बताया कि गश्ती वाहन के चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर मृतक युवक के पिता तीरु मांझी की लिखित शिकायत पर दर्ज की गई है। पुलिस शिकायत में तीरु मांझी ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे और उसके साथी की मौत पुलिस गश्ती वाहन द्वारा टक्कर मरने के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि हादसे के वक्त दोनों युवक बाइक पर सवार थे और गश्ती वाहन की चपेट में आ गए। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि घटना कैसे हुई और इसमें किसकी गलती थी। दुर्घटना के बाद इलाके के लोगों ने पुलिस पर सवाल उठाए हैं और बेहद गुस्से में नजर आ रहे हैं। पीड़ित परिवार न्याय की मांग कर रहा है, और पुलिस इस मामले की गहन जांच करने का आश्वासन दे रही है।

### विवादित ज़ाकिर नाइक के 'एक्स' हैंडल पर भारत में रोक

नई दिल्ली (ईएमएस)। विवादित इस्लामिक उपदेशक और भारतीय कानून के तहत भगौड़े घोषित ज़ाकिर नाइक के एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर भारत में रोक लगा दी है। इस निर्णय के पीछे कानूनी कार्रवाई करने की मांग का जिक्र किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप उनकी उपस्थिति अब भारत में संभव नहीं होगी। नाइक के एक्स हैंडल पर यह सूचना दी गई है कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के चलते भारत में उनकी पहुंच प्रतिबंधित कर दी गई है। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय सरकार उनकी गतिविधियों पर नज़र रखकर उन्हें नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठा रही है। इसके पहले, भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी नाइक की पाकिस्तान यात्रा पर प्रतिक्रिया दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारतीय क़ानून के अनुसार भगौड़े नाइक का पाकिस्तान में गले लगाकर उच्च स्तर पर स्वागत किया गया है। यह बहुत निराशाजनक और निंदनीय है, लेकिन यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

### बढ़ते तनाव के बीच सोने में बंपर निवेश, कीमतें आसमान पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच सोने की कीमतों में उछाल जारी है। इस सप्ताह सोने में निश्चित उछाल देखने को मिला है। ईरान-इजरायल संघर्ष के कारण सोने की ऊंची कीमतों के साथ अधिक खरीद के बावजूद खरीदारों की स्थिति बरकरार रही। शनिवार को सोने की कीमतों में मामूली बढ़त देखी गई। शनिवार सुबह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत 7,785.3 रुपये प्रति ग्राम थी। यह शुक्रवार के मुकाबले 120 रुपये की वृद्धि को दिखाती है। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत 7,138.3 रुपये प्रति ग्राम थी, जो कि शुक्रवार से 110 रुपये ज्यादा थी। बाजार जानकार ने कहा, मध्यपूर्व में तनाव के बीच, सोना अक्सर सुरक्षित निवेश का विकल्प बन जाता है, जबकि कच्चे तेल की कीमतें आपूर्ति में बाधा आने की चिंता से तेजी से प्रतिक्रिया करती हैं। जानकार ने कहा, अनिश्चितता से सोना खरीदने की बढ़ती मांग बढ़ रही है, क्योंकि लोग पीली धातु को सुरक्षित निवेश मानते हैं। इसके साथ ही, ऊर्जा बाजार मे भी तेल की कमी की अटकलें लगाई जा रही हैं, जिससे सोना और तेल दोनों ही वैश्विक जोखिम का संकेत बन गए हैं। व्यापार विश्लेषकों का अनुमान है कि ब्याज दरों में निरंतर नरमी से सोने के खरीदारों की रुचि बनी रहेगी। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने की कीमत 0.2 प्रतिशत गिरकर 2,649.69 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

# जम्मू-कश्मीर में परिणाम से पहले पांच विधायकों का नामाकंन

#### कांगेस नाराज

जम्मू (ईएमएस)। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन से पहले पांच विधायकों के नामांकन का कड़ा विरोध कर कदम को लोकतंत्र और संविधान के मूल सिद्धांतों पर हमला करार दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गृह मंत्रालय की सिफारिश के आधार पर उपराज्यपाल (एलजी) इन सदस्यों को नामित करने वाले है। यह प्रक्रिया जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन के बाद पहली बार लागू होगी। इस अधिनियम को 26 जुलाई, 2023 को संशोधित किया गया था। एलजी द्वारा पांच सदस्यों को मनोनित करने के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा की संख्या 95 सदस्यों की हो जाएगी, जिससे सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 48 सीटों तक बढ़ेगा। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य प्रवक्ता रविंदर शर्मा ने कहा, हम जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन से पहले उपराज्यपाल द्वारा पांच विधायकों के नामांकन का विरोध करते है। इस दौरान उनके साथ जेकेपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष रमन भल्ला भी मौजूद थे। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि बीजेपी को पता है कि उसके पास



सरकार बनाने के लिए जरूरी संख्या नहीं होगी, इसलिए पांच विधायकों को मनोनित करके वह जनादेश में हेरफेर करने का प्रयास कर रही है।
कांग्रेस नेता शर्मा ने कहा, संवैधानिक ढांचे के तहत उपराज्यपाल को मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के अनुसार, एलजी के पास पांच विधायकों को नामित करने की शक्ति है, जिसमें कश्मीरी पंडितों (केपी) और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर (पीओजेके) के शरणार्थियों का प्रतिनिधित्व शामिल है।
कांग्रेस नेता शर्मा ने नामांकन प्रक्रिया नई सरकार के कार्यभार संभालने और मनोनित पदों के लिए उम्मीदवारों की सिफारिश करने के बाद ही शुरू होनी चाहिए। उन्होंने पीओजेके शरणार्थियों, केपी और अन्य अल्पसंख्यकों के लिए विधानसभा में पर्याप्त प्रतिनिधित्व का वादा करने, लेकिन उसे पूरा करने में विफल रहने के लिए भी भाजपा की आलोचना की।
उन्होंने कहा, सिक्किम विधानसभा में बौद्ध समुदायों के लिए सीटें आरक्षित हैं। पीओजेके शरणार्थियों के लिए बीजेपी ने आठ सीटें रिजर्व करने की बात कही थी, लेकिन सिर्फ एक सीट दे रही है।

## जजों की सुरक्षा को लेकर पंजाब पुलिस पर की गई टिप्पणी वापस ली

### एक व्यक्ति ने स्वर्ण मंदिर में जज के सुरक्षा अधिकारी की बंदूक छीन ली थी

जालंधर,(ईएमएस)। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने जजों की सुरक्षा में पंजाब पुलिस के बजाए हरियाणा और चंडीगढ़ पुलिस को तैनात करने के मामले में की गई टिप्पणी को वापस ले लिया है। कोर्ट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सुरक्षा में निश्चित रूप से चूक हुई है। पंजाब पुलिस को एक निष्पक्ष पुलिस बल से बदलने के पहले के निर्देश पूरी तरह से जज और इस न्यायालय द्वारा महसूस किए गए खतरे की आशंका को ध्यान में रखते हुए जारी किए थे। बता दें कि 22 सितंबर को एक व्यक्ति ने स्वर्ण मंदिर में हाईकोर्ट के जज के निजी सुरक्षा अधिकारी (पीओएस) की बंदूक निकाली और जज को नुकसान पहुंचाने के इरादे से स्वर्ण मंदिर के प्रवेश द्वार की ओर




भाग गया। पीओएस ने उसका प्रयास विफल कर दिया और उसके बाद हुई उस हाथापाई में उस बदमाश ने खुद को गोली मार ली।
मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायाधीश अनिल खेतरपाल ने कहा कि यह अदालत इस प्रारंभिक चरण में यह निष्कर्ष निकालकर थोड़ा आगे बढ़ गई है कि पंजाब पुलिस की ओर से निश्चित रूप से सुरक्षा में चूक हुई लेकिन इस अदालत का पंजाब राज्य के पुलिस कर्मियों की प्रतिष्ठा या ईमानदारी पर कोई आक्षेप लगाने का कोई इरादा नहीं था।
बता दें 22 सितंबर को जस्टिस एनएस शेखावत दर्शन स्वर्ण मंदिर गए थे। इस दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात लोग वहां पर मौजूद थे। इस दौरान अचानक एक व्यक्ति आया और उसने एएसआई की पिस्तौल छीन ली। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, उसने खुद को गोली मार ली। आनन फानन में सुरक्षा में मौजूद लोगों ने जज को घेर लिया। जैसे ही यह मामला मीडिया में आया तो पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने खुद संज्ञान ले लिया था।
इस मामले में पुलिस ने तीन एफआईआर दर्ज की। इनमें एक एफआईआर स्वर्ण मंदिर मामला, दूसरा युवक द्वारा सुसाइड करने से जुड़ी है, तीसरी एफआईआर उनकी गाड़ी रोकने संबंधी थी।

## तेलुगु सिनेमा के अभिनेता राजेंद्र की बेटी का निधन

नई दिल्ली,(ईएमएस)। तेलुगु सिनेमा के जाने माने अभिनेता राजेंद्र प्रसाद की बेटी गायत्री का शनिवार को निधन हो गया। गायत्री को सीने में दर्द की शिकायत के बाद शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक राजेंद्र प्रसाद की बेटी को शुरू में गैस्ट्रिक प्रॉब्लम हुई और बाद में उन्हें हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि,उन्हें करीब 12:40 बजे दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनका निधन हो गया।
रिपोर्ट्स के मुताबिक राजेंद्र प्रसाद उस समय किसी फिल्म के सेट पर मौजूद थे जब उन्हें अपनी बेटी गायत्री की तबीयत के बारे में पता चला। उनकी बेटी 38 साल की थीं। गायत्री का अंतिम संस्कार हैदराबाद में किया जाएगा।
गायत्री के परिवार में उनकी बेटी साई तेजस्विनी हैं। साई ने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया है। गायत्री के निधन से परिवार सदमे में



है। राजेंद्र प्रसाद के एक बेटा और एक बेटी है। उन्होंने पहले बताया था कि उनकी बेटी गायत्री ने लव मैरिज की थी जिसके बाद वह कुछ समय तक उससे नाराज रहे। बाद में वह मान मान गए। देवारा अभिनेता जूनियर एनटीआर ने एक्स पर परिवार के प्रति अपनी संवेदना जताते हुए लिखा-राजेंद्र प्रसाद की बेटी गायत्री मुझे बहुत प्रिय थी। उनकी मृत्यु की खबर सुनना मेरे लिए और भी दुखद है।

## 38 साल बाद जम्मू-कश्मीर में लौटेगा क्रिकेट लीजेंड्स लीग में स्टार खिलाड़ी लेंगे भाग

श्रीनगर,(ईएमएस)। श्रीनगर का बख्शी स्टेडियम अब लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के लिए तैयार हो गया है, और बुधवार से इसमें टूर्नामेंट खेला जाएगा। इस स्टेडियम की शुरुआत के साथ ही 38 साल बाद कश्मीर घाटी में क्रिकेट की वापसी होगी जिसे लेकर क्रिकेट प्रेमी काफी खुशी हैं। इस क्षेत्र ने अब तक केवल दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेज़बानी की है। पहला 1983 में और दूसरा 1986 में। 1989 में उग्रवाद के कारण स्थिति खराब होने के बाद से यहां क्रिकेट मैचों का आयोजन नहीं हुआ।
एलएलसी के अंतिम चरण में 9 अक्टूबर से सात क्रिकेट मैच खेले जाएंगे, जिसमें क्रिस गेल, सुरेश रैना, इरफान पठान, मार्टिन गुप्टिल, रॉस टेलर और इयान बेल जैसे महान क्रिकेट खिलाड़ी शामिल होंगे। लीग के सह-संस्थापक रमन रहेजा ने कहा कि पिछले 40 सालों में कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का आयोजन नहीं हुआ है, और यह एक ऐतिहासिक अवसर है।




1983 में भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला अंतरराष्ट्रीय मैच और 1986 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा मैच खेला गया था। दोनों ही मैच में भारत को हार मिली थी। उस समय की स्थिति को याद करते हुए रहेजा ने कहा कि इसका उद्देश्य 20 से ज्यादा देशों के क्रिकेटरों को घाटी में लाना है। लीग की शुरुआत से पहले कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हुआ है, जिससे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को आकर खेलने में कोई चिंता नहीं रही। रवि शास्त्री, जो 1986 में श्रीनगर में खेले गए मैच को याद करते हैं, ने कहा कि इस बार लोगों की उत्सुकता और युवाओं को दिग्गजों को देखने का अवसर मिलेगा।
श्रीनगर में एलएलसी के अंतर्गत तीन लीग मैच, तीन एलिमिनेटर या क्वालीफायर और 16 अक्टूबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। रहेजा ने कहा कि उन्होंने इस लीग का विचार 2022 में तब रखा जब उन्होंने देखा कि रिटायर होने के बाद भी कई खिलाड़ी खेल में सक्रिय रहना चाहते हैं। इस लीग के जरिए वे पूर्व क्रिकेटरों को छोटे शहरों में लाकर प्रशंसकों की क्रिकेट के प्रति रुचि को पूरा कर सकें।

## अब्दुल्ला ने लगाया अफवाहों पर विराम भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं

श्रीनगर (ईएमएस)। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष और पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उनकी पार्टी सरकार बनाने के लिए भाजपा से कोई गठबंधन नहीं करेगी। अब्दुल्ला ने कहा, ''हम भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। चुनाव में जो मत हमें मिले हैं वे भाजपा के खिलाफ हैं। मुस्लिमों को वे मुश्किल में डालते हैं, उनकी दुकानों, मकानों, मस्जिदों और विद्यालयों पर बुलडोजर चलाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक भी मुस्लिम को प्रतिनिधित्व नहीं दिया, इतना ही नहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। नेकां अध्यक्ष ने कहा, ''मेरा मानना है कि हमारे लोग भाजपा के लिए मतदान नहीं करने वाले है। अगर वे (भाजपा के नेता) सोचते हैं कि सरकार बना लेने वाले हैं, तब वे ख्याली दुनिया में हैं। नेकां ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने को लेकर उनकी पार्टी 'इंडिया' गठबंधन के सदस्यों के अलावा किसी



के संपर्क में नहीं है। अब्दुल्ला की ओर से यह सफाई उस समय आई है जब कयास लगाए जा रहे हैं कि नेकां जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने के लिए भाजपा के साथ पिछले दरवाजे से बातचीत कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, जो भी भाजपा के साथ जाएगा, वह समाप्त हो जाएगा।'' नेकां और महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने राशिदी को भाजपा का मोहरा और एजेंट करार दिया है। अब्दुल्ला से आने वाले एग्जिट पोल की संभावनाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि वे कभी उनपर भरोसा नहीं करते। उन्होंने कहा, ''मतदान हो चुका है। नेकां अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री उम्मीदवार के बारे में कहा कि इसका फैसला चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद होगा। उन्होंने कहा, ''हम जल्दबाजी कर रहे हैं। पहले परिणाम देखेंगे, फिर बैठकर तय करेंगे कि मुख्यमंत्री कौन होगा।'' अब्दुल्ला ने कहा, ''भले ही आपके पास पूर्ण बहुमत हो, आप यह नहीं कह सकते कि कौन क्या होने जा रहा है, क्या हो रहा है। मैं तब तक इंतजार करने जा रहा हूं जब तक सभी बक्से (ईवीएम) खुल नहीं जाते और वोटों की गिनती नहीं हो जाती, हमें पता चल जाएगा कि कोई कहां खड़ा है।

# कांग्रेस को लगाता हैं अंग्रेज देकर गए इसलिए शासन हमेशा हमारा : पीएम मोदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। महाराष्ट्र के वाशिम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि और पशुपालन से संबंधित कई पहलों का शुभारंभ किया। इसी दौरान पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त भी जारी की। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा कि नवरात्रि के पावन मौके पर मुझे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करने का अवसर मिला। महाराष्ट्र की डबल इंजन सरकार यहां के किसानों को दोहरा लाभ दे रही है। पोहरादेवी के आशीर्वाद से मुझे अभी लाड़की बहन योजना की लाभार्थियों की मदद करने का मौका मिला है, यह योजना नारी शक्ति का सम्मान बढ़ा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश सरकार ने इस पूरे समुदाय को अपराधी घोषित कर दिया था, लेकिन



आजादी के बाद बंजारा समुदाय की देखभाल करना और उन्हें उचित सम्मान देना देश की जिम्मेदारी थी। तब कांग्रेस की नीतियों ने समुदाय को मुख्यधारा से अलग रखा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जिस परिवार ने कांग्रेस पार्टी को संभाला, उसकी मानसिकता शुरू से ही विदेशी थी। अंग्रेजी सरकार की तरह यह कांग्रेस परिवार भी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को अपने बराबर नहीं समझता। उन्हें लगता है कि भारत पर सिर्फ एक ही परिवार का शासन होना चाहिए, क्योंकि यह अधिकार उन्हें अंग्रेज देकर गए थे।
पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र के किसानों ने कई दशकों से बहुत बड़ा संकट झेला है। विपक्ष पर वार कर उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सरकार ने किसानों को गरीब और बदहाल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जब तक महाअघाड़ी सरकार थी, उनके पास सिर्फ दो एजेंडे थे। पहला, किसानों से जुड़ी परियोजनाओं को रोकना और दूसरा, इन परियोजनाओं के पैसे से भ्रष्टाचार करना। हम केंद्र से परियोजनाओं के लिए पैसा भेजते थे, लेकिन उनके लोग पैसा खा जाते हैं। हर चुनाव से पहले झूठे वादे करना कांग्रेस का एजेंडा है। महाराष्ट्र में भी कांग्रेस और महाअघाड़ी सरकार ने कई योजनाओं को बंद कर दिया था।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर शहरी-नक्सलियों का शासन चल रहा है। उन्हें लगता है कि अगर हम सब एक हो जाएंगे, तब देश को बांटने का उनका एजेंडा फेल हो जाएगा। हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी निकटता से खड़ी है जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई थी। एक कांग्रेस नेता पर इसका सरगना होने का संदेह है। कांग्रेस युवाओं को नशे की ओर धकेल कर मिलने वाले पैसे से चुनाव लड़ना चाहती है। मैं आप सभी को बंजारा विरासत म्यूजियम की बधाई देता हूं। जिसे किसी ने नहीं पूछा, उसे मोदी पूजता है। हमारे बंजारा समाज ने भारत के सामाजिक जीवन में, भारत की निर्माण यात्रा में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा कि हमारे बंजारा समाज ने कितने ही संत दिये, जिन्होंने भारत की आध्यात्मिक चेतना को असीम ऊर्जा दी। पीढ़ी दर पीढ़ी, सैकड़ों-हजारों वर्षों से ये समुदाय भारत की संस्कृति और परम्पराओं को सहेजता और संवारता आया है। उन्होंने कहा कि एनडीए की केन्द्र सरकार ने ही घुमंतू और अर्ध घुमंतू समुदाय के लिए कल्याण बोर्ड का गठन भी किया। इस समाज की संस्कृति को सही पहचान मिले, इस दिशा में भी बीजेपी और एनडीए सरकारें लगातार काम कर रही है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### चार परीक्षाओं का परिणाम घोषित

दुमकाःसिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय द्वारा शनिवार को कुल चार परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमें बी.पी.टी. सेमेस्टर- 1 (बैकलॉग) परीक्षा 2023, बी.पी.टी. सेमेस्टर- 1 परीक्षा 2023, सत्र 2022-26, बी.एस-सी. एम.एल.टी. प्रथम वर्ष परीक्षा 2023, सत्र-2022-25 एवमं बी.फार्मा. सेमेस्टर- 1 परीक्षा 2023, सत्र 2022-26 शामिल है। उक्त परीक्षाओं में क्रमशः 100%, 75% 100% तथा 70.59% परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

### अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर दस दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दुमकाःबाल विकास परियोजना कार्यालय दुमका के तत्वावधान में शनिवार को "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" योजना के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कोरिया दुमका में अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दस दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दुमका अमर कुमार के मार्गदर्शन एवं विद्यालय की प्राचार्या की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यक्रम में जहां एक ओर जिला समाज कल्याण कार्यालय से जिला परियोजना प्रबंधक ज्योत्सना हेंब्रम ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकते हुए बच्चियों का लालन-पालन सही तरीके से हो तथा उनकी पढाई अवश्य हो, इन्हें आगे बढने का अवसर दें। बालिकाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ रही है,बेटा बेटी में अंतर नहीं कर दोनों को समान अवसर दें। उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम एवं निषेध की चर्चा करते हुए कहा की बेटी की शादी 18 वर्ष के बाद और लड्के की शादी 21 वर्ष के बाद करें। अगर बाल विवाह होने की जानकारी हो तो उसकी सूचना इन नंबरों पर अवश्य दें ताकि उसे रोका जा सके। वहीं दूसरी ओर प्रखंड समन्वयक सुजाता कर्ण ने बाल लिंगानुपात को सही करने एवं बेटियों की शिक्षा सुनिश्चित करने तथा उनके सुरक्षा-संरक्षा के उद्देश्य से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना चलाया जा रहा है ,इसके लिए सबसे पहले तो महिलाएं/बालिकाएं अपने साथ होने वाले हिंसा को पहचाने और उसे रोकें। इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है, साथ ही उनके सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कानूनी प्रावधान किया गया है। इस कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिका अन्य सभी छात्राओं की भागीदारी रही।

### पर्यटन स्थल मसानजोर में भीषण सड़क हादसा, एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

दुमकाः जिले के विख्यात पर्यटन स्थल मसानजोर में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है एवं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताते चलें कि आज शनिवार की शाम दुमका - सिउड़ी मुख्यपथ के मसानजोर डैम के ढलान पर दो ट्रकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई।दुर्घटना में एक ट्रक के चालक मुजम्मल अली की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, वही उप चालक जहांगीर अली गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल उपचालक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीश्वर में प्राथमिक इलाज के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नदिया नंद मंडल ने उसे दुमका रेफर कर दिया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार धान लदे ट्रक के चालक एवं उप चालक को हल्की चोट लगी हैं। गौरतलब है कि पर्यटन स्थल मसानजोर के ढलान पर आएं दिन दुर्घटना होती रहती है लेकिन मसानजोर पुलिस उदासीन बनी रहती है। ढलान पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए मसानजोड़ पुलिस ने कोई उपाय नहीं किए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां ट्रैफिक पुलिस तो नहीं है परन्तु स्थानीय पुलिस अगर सजगता से काम करें तो दुर्घटना को रोका जा सकता है।इस ख़तरनाक स्पाट पर एक होमगार्ड तक की तैनाती नहीं की गई है। बताया कि अगर ढलान के उपर और नीचे पुलिस बल की तैनाती रहेगी तो काफी हद तक दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सकता है।

### शिकारीपाड़ा प्रखंड के 31 गांव किए जाएंगे पीएम आदिवासी आदर्श ग्राम योजना के तहत विकसित

दुमकाःशिकारीपाड़ा में प्रधानमंत्री आदिवासी आदर्श ग्राम योजना के तहत गांवों के समग्र विकास के उद्देश्य से आईटीडीए, दुमका के परियोजना निदेशक रवि जैन के मार्गदर्शन में सनमत टीम (कमल नयन सिंह, रुपेश कुमार, रेहान खान, बृजेश कुणाल हेम्ब्रम, अनिमा निलम एक्का) ने शनिवार को शिकारीपाड़ा प्रखंड के आसनबनी गांव का दौरा किया। टीम के साथ बीडीओ एजाज आलम, शिकारीपाड़ा सीओ कपिल देव ठाकुर और गांव के वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान गांव के विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं और संभावनाओं पर चर्चा की गई। मौके पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल प्रबंधन और आजीविका के मुद्दे प्रमुख रहे।अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आदर्श ग्राम योजना के तहत गांव को सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी और गांव के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। अवसर पर सनमत टीम ने ग्रामीणों को योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए बताया कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य गांवों को आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है। दौरे का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कार्य योजना तैयार करना था। गांव के विकास के इस प्रयास से आसनबनी के निवासियों में नई उम्मीद जगी है। अधिकारी और सनमत टीम ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि यह योजना ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस पूरे मामले पर शिकारीपाड़ा बीडीओ एजाज आलम ने बताया कि शिकारीपाड़ा के 31 गांवों का इस योजना के तहत सर्वांगीण विकास किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार योजनाओं का चयन होगा। उन्होंने बताया कि प्रति गांव 20 लख रुपए की निधि प्राप्त हुई है।

### बांग्ला भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने पर समिति ने जताया पीएम एवं त्रिपुरा के मुख्यमंत्री का आभार

दुमकाःएक दशक की लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार केन्द्र सरकार ने बांग्ला को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने की स्वीकृति दे दी है। अब सूबे के नवोदय विद्यालयों में बंगाली छात्र को बांग्ला भाषा साहित्य का एक बिषय पढ़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही केंद्र सरकार के बजट में बांग्ला भाषा के विकास के लिए आवंटन उपलब्ध कराया जायेगा। सूबे के एक भाषाई संगठन ने केंद्र सरकार के इस पहल की सराहना की हैं। बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति के प्रदेश सचिव गौतम चटर्जी ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री एवं उस राज्य के बांग्ला अकादमी के सचिव कृष्ण कुसुम पाल के पहल के परिणाम की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया हैं। बताते चलें कि पीएम मोदी की अगुवाई में बीते गुरुवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बांग्ला समेत मराठी,पाली,प्राकृत एवं असमिया भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने को मंजूरी दी गई है।

### शीतांशु खलखो ने किया विभिन्न पूजा पंडालो का निरीक्षण

दुमकाःदुर्गा पूजा के महापर्व को ध्यान में रखते हुए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुमका नगर परिषद के प्रशासक शीतांशु खलखो ने विभिन्न पूजा पंडालो का निरीक्षण किया। नगर परिषद के सफाईमित्र को सख्त निर्देश दिया की जल्द से जल्द साफ-सफाई किया जाए। साथ ही लाइट को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया । प्रशासक ने दुर्गा पूजा के अवसर पर दुमका के लोगों से अपील की लोगों को साफ़ सफ़ाई और नगर में स्थापित स्ट्रीट लाइट या पानी से संबंधित किसी भी समस्या के लिए नगर परिषद कार्यालय में सम्पर्क करे उनका समाधान त्वरित गति से किया जाएगा। सीतांशु ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा में रात्रि भी सफाई मित्र पूजा पंडाल में साफ सफाई करेंगे। साथ ही नगर परिषद के द्वारा पानी की टैंकर की व्यवस्था की जाएगी। साफ सफाई पूजा पंडाल कमेटी को नगर परिषद के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।नगर परिषद के असिस्टेंट टाउन प्लानर कुमार प्रियम, सिटी मैनेजर सुमित प्रशांत सोरेन, प्रशांत भारती ,जतिन कुमार, विकास संथालिया एवं पूजा कमेटी के सदस्य आदि मौजूद थे।

## पॉलिथीन हटाओ - पर्यावरण बचाओ पर कार्यशाला का आयोजन




दुमकाःलायंस क्लब दुमका सं.प. के तत्वावधान में लायंस सेवा सप्ताह के तहत सिदो कान्हू उच्च विद्यालय के सभागार में पॉलिथीन हटाओ-पर्यावरण बचाओ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी छात्र एवं छात्राओं को पॉलिथीन के उपयोग से होनेवाले नुकसान एवं हानियां पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में सभी वक्ताओं ने विस्तृत रूप से जानकारी दी। क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ.अमिता रक्षित ने बतया की गर्भावस्था के दौरान पॉलिथीन में पैक खाद्य पदार्थों के सेवन का सीधा असर गर्भाशय में शिशुओं के विकास पर पड़ता है, हमें पॉलिथीन के इस्तेमाल से बचना चाहिए और लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। क्लब के जनसंपर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा ने कहा पॉलिथीन में मौजूद रसायन मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। पॉलिथीन के संपर्क में आने से कैंसर, हार्मोनल समस्याएं और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। लायन डॉ मनोज कुमार घोष ने कहा पॉलिथीन कचरा जलाने से कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे विषैली गैस उत्सर्जित होते हैं जिसे स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा असर पड़ता है। एम जे एफ लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा ने कहा पॉलिथीन नष्ट न होने के कारण यह भूमि की उर्वरक क्षमता को खत्म कर रहा है और भूजल स्तर को घटा रहा है इसका प्रयोग सांस और त्वचा संबंधी रोगों के साथ ही कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। लायन प्रदीप्तो मुखर्जी ने कहा पॉलिथीन का प्रयोग पर्यावरण के लिए नासूर बन गया है ऐसे में पॉलिथीन स्वंय और दूसरे को भी उपयोग न करने दें जुट एवं कपड़े का थैला का इस्तेमाल करें। लायन सुनीता मुखर्जी ने बताया की प्लास्टिक की बोतल में गर्म दूध का सेवन बच्चों को नुकसान पहुंचता है। क्लब के सचिव लायन चन्दन कुमार साह ने बताया पॉलिथीन को जलाने से निकलने वाला धुआ ओजोन परत को नुकसान पहुंचा रहा है जो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा कारण है। कार्यक्रम का संचालन क्लब के जन-सम्पर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन लायन सुनील कुमार साहा ने किया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ. अमिता रक्षित, लायन रमण कुमार वर्मा, लायन डॉ. मनोज कुमार घोष, एम जे एफ लायन डॉ. अखिलेश कुमार सिन्हा, लायन प्रदीप्तो मुखर्जी, लायन सुनीता मुखर्जी, लायन सुनील कुमार साहा, लायन चन्दन कुमार साह, लायन सतीश कुमार, लायन मधुकर दत्ता। सिदो कान्हू उच्च विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं सैकड़ो की संख्या में छात्र एवं छात्राएं के अलावे क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### दहेज प्रताड़ना तीन मामले दर्ज

इन्दौर (ईएमएस) घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना के तीन अलग अलग मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राची कश्यप उम्र तीस साल निवासी छत्रीबाग की शिकायत पर पति गौरव, रेणुका, धर्मपाल सभी निवासी केशव नगर मुंधवा पुणे महाराष्ट्र के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है तो खजराना थाना पुलिस ने बीस वर्षीया तसलीम की शिकायत पर पति रेहान, रफीक, फेमिडा बी, सोहिल, गुल अफरोज व मंताशा के खिलाफ दहेज और मारपीट का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उसे 2022 से मारपीट कर दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उधर दहेज प्रताड़ना के एक और मामले में महिला थाना पुलिस ने यमुना उर्फ जमुना भट्ट उम्र अड़तीस साल निवासी ब्रह्मबाग कॉलोनी की शिकायत पर पति वैभव उर्फ ऋषि भट्ट, सतीश भट्ट।

## वेलकम होटल में ब्लास्ट, 1 की मौत 8 घायल

### गैस पाईपलाईन टेस्टिंग के दौरान हादसा



जबलपुर,( ईएमएस)। तिलवारा थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन होटल में ब्लॉट होने से एक श्रमिक की मौत हो गई. जबकी सात घायल हो गये, घायलो को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के संबंध में सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलवारा रोड पर वेलकम नाम की एक होटल का निमार्ण हो चुका है. यहां गैस पाईप लाईन बिछाई गई थी, समझा जा रहा है कि पाईप लाईन की टेस्टिंग के दौरान नाईटरोजन गैस का प्रेसर बढ़ने से चेम्बर में बलास्ट हो गया. उसके बाद यहां हड़कंप मच गया. बताया गया है कि एक श्रमिक की मौके पर ही मौत गई, जबकी 8 लोग घायल हो गये. घटना की सूचना मिलने पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गये. वहीं फायर बिग्रेड का अमला भी मौके पर पहुंचा, जहां आग पर काबू पाया गया. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

#### 1 की मौत, 8 घायल

हादसे में नासिक निवासी 22 वर्षीय जागृति भवसेर पिता भवसेन लिब्बू की मौत हो गई है. वहीं घायलों में अभिषेक सिंह नेगी पिता राजेन्द्र सिंह नेगी, पैडुल, उत्तराखंड; श्याम सिंह पिता उदय सिंह श्रीकृष्णा नगर पलोई, राजस्थान; भूपेन्द्र कुमार पिता बलवंत राम वगलेश्वर, उत्तराखंड; अनिल कुमार पिता रोहितेश्वर जैनिस,जिला जांधम; सोहम भवगिरिया पिता प्रसाद भवगिरिया, जिला छिन्दवाड़ा, मध्य प्रदेश; पुनित पिता राजवीर सिंह जिला आगरा,नित्यानंद पिता जीएन गुप्ता कुशी नगर, उत्तर प्रदेश; सोनम पिता प्रसाद भवरिया, परासिया, जिला छिन्दवाड़ा शामिल हैं.

#### मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने तिलवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन होटल में हुई सिलेंडर विस्फोट की घटना में मृतक के परिजनों को 4 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की । वहीं सीएम अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मामले की जांच करें, वहीं यह सुनिश्चित करें की भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति न हो.

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बनेगा देश का शीर्ष राज्य : उप मुख्यमंत्री

जबलपुर,( ईएमएस)। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिये तेजी से हो रहे कामों का जिक्र करते हुये कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार के प्रयास स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को देश का शीर्ष राज्य बनाने के हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क, बिजली, पेयजल और सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व गति से काम हुये हैं। कृषि के क्षेत्र में प्रदेश सात वर्षों से देश का सिरमौर बना हुआ है । उप मुख्यमंत्री शुक्ल यहाँ मझौली में 10 करोड़ रुपये से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नये भवन के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार का कोई भी काम दिखावे के लिये नहीं होता बल्कि सरकार की हर योजना और कार्यक्रम जनता को सीधे लाभ पहुँचाने वाले होते हैं। उन्होंने आयुष्मान योजना का जिक्र करते हुये कहा कि लाखों गरीबों ने अच्छे अस्पतालों में अपना निःशुल्क उपचार कराकर को इस योजना लाभ उठाया है। आयुष्मान कार्डधारियों को अपने उपचार के लिये अब किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता, उनका इलाज सरकार करा रही है। शुक्ल ने बताया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अब 70 वर्ष से अधिक की आयु के प्रत्येक बुजुर्ग को आयुष्मान योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। इसके दायरे में इनकम टैक्स चुकाने वाले और सेवा निवृत्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी आयेंगे। अमीर या गरीब का कोई भेद नहीं रहेगा, सभी वर्ग के सत्तर वर्ष आयु के बुजुर्ग इस योजना के लाभार्थी होंगे।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विधायक अजय विश्नोई की मांग पर पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 100 बिस्तर के अस्पताल में उन्नयन एवं इसे सिविल अस्पताल दर्जा देने की तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी के नए भवन के निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नये बने चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक स्टॉफ की पदस्थापना भी जल्द की जायेगी। शुक्ल ने कहा कि सरकार के प्रयास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का इस सीमा तक उन्नयन करने के हैं कि लोंगों को उपचार के लिये जिला अस्पताल जाने की जरूरत ही न पड़े।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन के भूमिपूजन समारोह में सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष तिवारी रानू, जनपद पंचायत मझौली की अध्यक्ष मती विद्या चौरसिया, नगर परिषद मझौली की अध्यक्ष मती क्षिप्रा चौरसिया, जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह एवं नगर परिषद कटंगी के अध्यक्ष अमिताप साहू भी मौजूद थे।

## स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में 15 दिवसीय 'हिंदी उत्सव' समारोह का समापन

भोपाल (ईएमएस)। स्कोप ग्लोबल स्किल विश्वविद्यालय के मानविकी एवं उदार कला संकाय द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर पंद्रह दिवसीय 'हिंदी उत्सव' का आयोजन किया गया जिसका समापन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता की विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अजय भूषण ने और मुख्य अतिथि के रूप में दुष्यन्त कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय की सचिव श्रीमती करुणा राजुरकर शामिल हुयी। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ टीना तिवारी, संकाय प्रमुख, मानविकी एवं उदार कला संकाय ने सभी अतिथियों का स्वागत एक पौधा प्रदान करके किया और कहा की हिन्दी का विकास तभी संभव है जब हम सभी उसमें समन्वित प्रयास करें।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती करुणा राजुरकर, सचिव, दुष्यन्त कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय ने कहा कि हमें हिन्दी को रोचक अंदाज में पढ़ाने की जरूरत है। अपने शिक्षक जीवन को याद करते हुए उन्होंने बताया कि वो कैसे रामचरित मानस को गाकर पढ़ाया करती थी और बच्चे उससे बहुत प्रभावित होते थे और उनके सीखने की ललक बढ़ गई थी। उन्होंने बच्चों की कविता पाठ की प्रशंसा करते हुए कहा कि कविताओं में अलग-अलग प्रकार के रस छुपे हुए रहते हैं, हमें उन्हें समझकर उसी भाव के अनुसार कविता का पाठ करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु डॉ. अजय भूषण ने कहा कि हमें हमारे जीवन में हिन्दी को अधिक-से-अधिक शामिल करने की जरूरत है और वह दिन ज्यादा दूर नहीं जब हिन्दी और हिंदुस्तान को पूरी दुनिया प्रशंसा के भाव से देखेगी। उन्होंने छात्रों को हिन्दी की गतिविधियों से ज्यादा से ज्यादा जुड़ने की अपील की और सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में कुल सचिव, डॉ सीतेश कुमार सिन्हा ने भी बच्चों के द्वारा की गई भागीदारी की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उन्हे हिन्दी के प्रति जागरूक बने रहने सलाह भी दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन और धन्यवाद ज्ञापन सुश्री विशाखा राजुरकर राज ने किया।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद
सदर अस्पताल परिसर, कोर्ट मोड़, धनबाद–826001
फोन नम्बर–9431711098
ई–मेल cs.dhanbad@gmail.com

अल्पकालीन ई–निविदा शुद्धी सूचना

इस कार्यालय के द्वारा Selection of Agency for Providing Manpower in Dhanbad Surgency, Dhanbad Jharkhand हेतु Online निविदा आमंत्रित किया गया है। प्रकाशित अल्पकालीन ई–निविदा PR 338049 Health Med Edu and Family Welfare (24-25) D में मांगी गई वांछित कागजात की छाया प्रति, अग्रधन एवं शपथ पत्र मूल में हाथों हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से अन्तिम तिथि भुलवश दिनांक– 22.10.2023 के संध्या 05:00 बजे लिखा गया है। शुद्ध रूप से 22.10.2023 के स्थान पर 22.10.2024 अन्तिम तिथि पढ़ा जाय।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद

PR 338116(Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D

## निगम द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का विश्व बैंक एवं एडीवी के दल ने किया निरीक्षण

### पृथक्कीकृत कचरा संग्रहण, परिवहन और निष्पादन की प्रणाली की सराहना की

### निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने विश्व बैंक एवं एडीवी के दल को बायो सीएनजी

### टोरिफाइड चारकोल संयंत्र, एंटीग्रेटेड कमांड सेंटर आदि की जानकारी दी




भोपाल(ईएमएस)। वर्ल्ड बैंक एवं एशियन डव्लपमेंट बैंक (एडीवी) के दल ने नगर निगम भोपाल द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों तथा उनके प्लांटों का निरीक्षण किया। वर्ल्ड बैंक एवं एडीवी के दल ने सीएंडडी प्लांट थुंआखेड़ा, गारबेज ट्रांसफर स्टेशन, एंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, महौली दामखेड़ा सीवेज प्लांट जाकर कार्यों का अवलोकन किया और प्रोसेसिंग और कंट्रोलिंग सिस्टम की जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने विश्व बैंक एवं एडीवी के दल को कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से वाहनों की ट्रेकिंग सिस्टम, रूट एवं मॉनीटरिंग एवं 400 टन गीले कचरे से बायो सीएनजी तथा 400 टन सूखे कचरे से टोरिफाइड चारकोल प्लांट की योजना की जानकारी दी। विश्व बैंक एवं एडीवी के दल ने पृथक्कीकृत कचरा संग्रहण, परिवहन और निष्पादन की प्रणाली और सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल की सराहना की तथा निगम की कार्यप्रणाली, राजस्व वसूली, कचरा उपभोक्ता प्रभार की बारीकियों को समझा। निरीक्षण के दौरान नगरीय प्रशासन संचालनालय एवं निगम के अधिकारी मौजूद थे।

वर्ल्ड बैंक एवं एशियन डव्लपमेंट बैंक (एडीवी) के 06 सदस्यीय दल ने शनिवार को नगर निगम भोपाल द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों तथा उनके प्रोसेसिंग प्लांटों का निरीक्षण किया। वर्ल्ड बैंक एवं एडीवी के दल ने सीएंडडी प्लांट थुंआखेड़ा, गारबेज ट्रांसफर स्टेशन, एंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, महौली दामखेड़ा सीवेज प्लांट जाकर कार्यों का अवलोकन किया और प्रोसेसिंग और कंट्रोलिंग सिस्टम की जानकारी प्राप्त की। विश्व बैंक एवं एडीवी के दल ने 100 टन सीएंडडी वेस्ट प्लांट में पेविंग ब्लाक सहित बनाई जाने वाली सामग्री तथा गारबेज ट्रांसफर स्टेशन में गीले एवं सूखे कचरे एवं सेनेटरी वेस्ट, पृथक्कीकरण, संग्रहण एवं परिवहन एवं निष्पादन की प्रणाली समझी।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने विश्व बैंक एवं एडीवी के दल को कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में वाहनों की ट्रेकिंग सिस्टम, रूट एवं मॉनीटरिंग की प्रक्रिया से अवगत कराया और गीले एवं सूखे कचरे, सेनेटरी कचरे का अलग-अलग एकत्रीकरण, पृथक्कीकरण तथा परिवहन एवं निष्पादन की जानकारी दीं। निगम आयुक्त श्री नारायन ने 400 टन गीले कचरे से बायो सीएनजी तथा 400 टन सूखे कचरे से टोरिफाइड चारकोल संयंत्र की योजना की जानकारी दी। निगम आयुक्त श्री नारायन ने स्वच्छता एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किये गये नवाचार की एक बुकलेट भी भेंट की। विश्व बैंक एवं एडीवी के दल ने पृथक्कीकृत कचरे का संग्रहण, परिवहन और निष्पादन की प्रणाली और सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल की सराहना की।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
तृतीय तल्ला, नयासमाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड– 815301

ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :–28/2024-25/RWD/EE/GIRIDIH दिनांक :– 04.10.2024 ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/GIRIDIH/72/2024-25 | ग्राम पंचायत भरखर से उरदांगो पक्की सड़क से लेकर करमगोडा आदिवासी टोला तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.650 कि0मी0) | 1,81,97,900.00 | एक करोड़ इक्यासी लाख संतानवे हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–18.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड– 815301
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह

PR 338131(REO)24-25*D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, बोकारो

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –10/2024–25

1.विज्ञापन दाता का नाम एंव पदनाम :–कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, बोकारो।
2.परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समयः–14/10/2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :–15/10/2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एंव समय :–15/10/2024 को अपराह्न 3.30 बजे तक।
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1)कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, बोकारो के कार्यालय में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। (2) अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल हजारीबाग के कार्यालय में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
6. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :– (1)भवन प्रमण्डल, बोकारो। (2)अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग।
7. कार्यो की विवरणी :–

| कं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उप विकास आयुक्त, बोकारो का जीर्णोद्धार कार्य। | 28,98,450.00 | 5000.00 | 58000.00 | तीन माह |
| 2 | उपायुक्त आवास बोकारो का जीर्णोद्धार कार्य। | 27,74,100.00 | 5000.00 | 55500.00 | तीन माह |

नियम एवं शर्ते सूचना पट्/www.prdjharkhand.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, बोकारो

PR 338142(Building)24-25*D



नेपल्स इटली में सीरी ए - नेपोली बनाम कोमो - स्टेडियो डिएगो अरमांडो माराडोना, सॉकर फुटबॉल मैच के दौरान नेपोली के स्कॉट मैकटोमिने कोमो के इग्नेस वान डेर ब्रेम्प के साथ एक्शन में।

# भारत-बांग्लादेश टी20 सीरीज का पहला मैच आज

### दोनों टीमों ने टी20 फॉर्मेट के 14 मैच खेले, भारत ने 13 जीते



नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश टीमें 6 अक्टूबर यानी रविवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेंगी। यह श्रृंखला भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले टी20 विश्व कप में दोनों टीमों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें भारत ने बांग्लादेश को 50 रन से हराया था। अब तक, भारत और बांग्लादेश टी20 फॉर्मेट के 14 मैच खेल चुके हैं। भारत ने 13 जीते हैं, जबकि बांग्लादेश को सिर्फ एक जीत हासिल हुई है। यह एकमात्र जीत बांग्लादेश ने तीन नवंबर 2019 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हासिल की थी, जब उन्होंने भारत को 7 विकेट से हराया था।

इस श्रृंखला से पहले भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी खेली गई, जिसमें भारत ने बांग्लादेश का 2-0 से सीरीज जीत ली है। टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी रोहित शर्मा ने की और कानपुर टेस्ट में भारत ने बारिश के कारण तीन दिन का खेल प्रभावित होने के बावजूद दो दिनों में ही मैच जीत लिया। टी20 सीरीज में भारत की कप्तानी सूर्यकुमार यादव संभालेंगे, जो कि इस प्रारूप में एक युवा और गतिशील बल्लेबाज हैं। इस सीरीज में मयंक यादव को पहली बार टीम में शामिल किया गया है, जो तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। भारत को इस बार बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बांग्लादेश भारत के खिलाफ अपनी एकमात्र जीत को दोहरा सकेगा या नहीं।

भारत की टी20 टीम इस प्रकार है- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

बांग्लादेश की टी20 टीम- नजमुल हुसैन (कप्तान), तनजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, लिटन दास, जाकिर अली, मेहदी हसन मिराज, मेहदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

### कप्तान हरमनप्रीत ने कहा- हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला

## महिला टी20 विश्व कपः पहले ही मैच में भारत को न्यूज़ीलैंड ने 58 रनों से हराया

### पहली हार से हरमनप्रीत कौर को लगा धक्का, कहा- हमने ऐसी उम्मीद नहीं की थी...



दुबई,(ईएमएस)। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के पहले ही मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड टीम ने भारत को 58 रनों से हराया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस हार पर निराशा जताई और स्वीकार किया कि उनकी टीम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 102 रन पर आउट हो गई, और एक भी खिलाड़ी 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा कि हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला लेकिन हमें भरोसा है कि टीम आगे बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने पिच या लक्ष्य को हार का कारण नहीं बताया और कहा कि 160-170 रनों का पीछा करने की क्षमता उनकी टीम में है, लेकिन लगातार विकेट गिरने से ऐसा संभव नहीं हो पाया। अब भारतीय टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ़ अपना दूसरा मैच खेलेगी। हरमनप्रीत को उम्मीद है कि उनकी टीम इस मैच में वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि यह टीम और बेहतर करने में सक्षम है। यह शुरुआत उम्मीद के मुताबिक़ नहीं थी, लेकिन हमें अब आगे बढ़ना होगा। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने अपनी जीत और टीम के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे अपनी टीम पर गर्व है। भारत जैसी विश्व स्तरीय टीम के खिलाफ़ ऐसा प्रदर्शन करना शानदार है।

## एक हार से रुक नहीं सकते..... पूरा टूर्नामेंट बाकी

### बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का बयान

दुबई (ईएमएस)। भारतीय मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा है कि भारतीय टीम को महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड से मिली हार को पीछे छोड़कर आगे बढ़ाना होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को शुक्रवार को कीवी टीम के खिलाफ 58 रन से हार का सामना करना पड़ा। अब, भारतीय टीम अपने अगले मैच में रविवार को पाकिस्तान का सामना करेगी। रोड्रिग्स ने कहा, हमें मैच को भूलकर आगे बढ़ना होगा क्योंकि यह विश्व कप है। हम एक मैच की हार पर अटके रह सकते हैं। उन्होंने कहा, हम एक प्रक्रिया का पालन कर एक बार में एक मैच पर पूरा ध्यान दे रहे ताकि अपना 100 प्रतिशत दे सके। हम जानते हैं कि अब हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा है। जेमिमा ने कहा कि अगर टीम अपनी प्रक्रिया पर कायम रहती है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है, तब वे मैच जीतने में सफल हो सकते हैं।रोड्रिग्स ने अफसोस व्यक्त किया कि उन्हें उम्मीद थी कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करेगी, लेकिन ऐसा नहीं कर सकी। वे (न्यूजीलैंड) दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरे थे। लेकिन दुर्भाग्यवश उनका फायदा नहीं उठा पाए। लेकिन यह टूर्नामेंट अभी खत्म नहीं हुआ है, और हमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ खेलना होगा।उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने पर कहा कि इससे उन्हें कोई खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा, लेकिन उन्हें खेद है कि वह साझेदारी बनाने के लिए क्रीज पर ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। मैं किसी भी नंबर पर खेलने के लिए तैयार हूं। मुझे यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि कुछ विकेट गिरने के बाद हम अच्छी साझेदारियां निभाएं। जेमिमा का यह सकारात्मक दृष्टिकोण निश्चित रूप से टीम के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे आगे के मैचों में अपनी ताकत दिखाने का प्रयास करेंगी।

## कीवी बल्लेबाज अमेलिया हुई रन आउट, अंपायर ने वापस बुलाया

### भारतीय कप्तान ने जताई नराजगी, अंपायरों से हुई तीखी बहस

दुबई,(ईएमएस)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच महिला टी20 विश्व कप 2024 के पहले ही मैच में एक विवादास्पद क्षण देखने को मिला, जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कीवी बल्लेबाज अमेलिया केर को रन आउट न देने के फैसले पर नाराजगी जाहिर की । हरमनप्रीत की दोनों अंपायरों से तीखी बहस हुई, जिससे खेल कुछ देर रुका रहा। भारतीय टीम के कोच अमोल मजूमदार भी थर्ड अंपायर के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करते नजर आए। दीप्ति शर्मा की ओवर की अंतिम गेंद पर केर ने शॉट खेला और एक रन पूरा किया। दूसरे रन के लिए दौड़ते समय, हरमनप्रीत ने गेंद को विकेटकीपर रिचा घोष की ओर फेंका, जिससे रिचा ने गिल्लियां बिखेर दीं लेकिन उस समय केर क्रीज के अंदर नहीं पहुंची थीं। भारतीय कप्तान ने आउट की अपील की, और केर पवेलियन जाने लगीं लेकिन अंपायर ने केर को वापस बुला लिया, यह बताते हुए कि गेंद डेड थी क्योंकि दीप्ति अपना ओवर पूरा कर चुकी थीं। अंपायर का यह फैसला हरमनप्रीत को समझ नहीं आया, और उन्होंने मैदान पर अंपायरों से बहस की।इस विवाद के बाद अमेलिया केर ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सकीं। अगले ही ओवर में, रेणुका ठाकुर ने केर को श्रेयांका पाटिल के हाथों कैच करा दिया। अमेलिया केर ने 22 गेंदों पर 13 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 160 रन बनाए। अनुभवी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, उन्होंने 33 गेंदों पर 50 रन पूरे किए। ओपनर सूजी बेट्स ने 27 रन बनाए, जबकि जॉर्जिया प्लीमर ने 34 रन की पारी खेली। ब्रूक हॉलीडे ने भी 16 रन बनाए। भारत की ओर से रेणुका ठाकुर ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए, लेकिन इस विवाद ने मैच की गति को प्रभावित किया।

## रसेल, पूरन और हेटमायर बाहर, श्रीलंका के खिलाफ नई टी20 टीम की घोषणा

### वेस्टइंडीज चयनकर्ताओं ने युवाओं पर दिखाया भरोसा



सेंट जोंस (ईएमएस)। आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन, शिमरोन हेटमायर और अकील होसेन ने निजी कारणों से बाहर होने का विकल्प चुना है, क्योंकि वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए एक नई टी20 टीम की घोषणा की है। उनकी अनुपस्थिति में, टीम दांबुला में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में नई प्रतिभाओं और वापसी करने वाले चेहरों को आजमाएगी, जो टीम की गहराई और बहुमुखी प्रतिभा का आकलन करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।सबसे उल्लेखनीय वापसी इसमें सलामी बल्लेबाज एविन लुईस की है, जिन्होंने अंतिम बार 2022 में टी20 विश्व कप में इंडीज का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी वापसी बल्लेबाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिन्हें श्रीलंकाई दौरे के लिए एकदिवसीय टीम में भी शामिल किया गया है। लुईस के साथ ब्रैंडन किंग भी शामिल हैं, जो एक और वापसी करने वाले खिलाड़ी हैं, जो इंजरी से उबर चुके हैं, जिसकी वजह से वे टी20 विश्व कप और 2024 कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) से बाहर हो गए थे।रसेल और अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में, वेस्टइंडीज ने दो नए चेहरों पर दांव लगाया है। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर टेरेंस हिंड्स और एंटीगा और बारबुडा फाल्कंस के शमर स्प्रिंगर का नाम शामिल है। दोनों खिलाड़ियों ने 2024 सीपीएल सीजन के दौरान प्रभावित किया, जिसमें हिंड्स ने टीकेआर के लिए डेथ बॉलर के रूप में शानदार प्रदर्शन किया और स्प्रिंगर स्पिनर के दबदबे वाले टूर्नामेंट में फाल्कन्स के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे। स्प्रिंगर की धीमी-गेंद की विविधता और लगातार प्रदर्शन ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई, और स्प्रिंगर से श्रीलंका की धीमी पिचों पर एक मूल्यवान संपत्ति बनने की उम्मीद है।रोवमैन पॉवेल टी20 टीम के कप्तान हैं, जबकि रोस्टन चेस उपकप्तान नियुक्त किए गए है। चेस, जिन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज के साथ एक केंद्रीय अनुबंध हासिल किया है, अनुभव और बहुमुखी प्रतिभा लाते हैं, विशेष रूप से स्पिन विभाग में, जहां वे फ्रंटलाइन स्पिनर गुडाकेश मोती का साथ देने वाले है। बाएं हाथ के फिंगर स्पिनर मोती टीम के प्राथमिक स्पिन विकल्प हैं, लेकिन चेस और अन्य ऑलराउंडरों को भी श्रीलंका की परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए बुलाया जाएगा। कोच डेरेन सैमी, जो अब सिस्टम में बदलाव के बाद चयन पैनल का नेतृत्व करते हैं, ने प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद टीम पर भरोसा जताया। सैमी ने क्रिकेट वेस्टइंडीज के बयान में कहा, श्रीलंका का दौरा हमें अपनी गहराई का परीक्षण करने और विभिन्न परिस्थितियों में खिलाड़ियों का आकलन करने का मौका देता है, खासकर कई वरिष्ठ खिलाड़ियों के चोट से आराम और पुनर्वास की आवश्यकता सहित विभिन्न कारणों से बाहर रहने के कारण।

उन्होंने कहा, हमें श्रीलंका के खिलाफ मजबूती से प्रतिस्पर्धा करने की टीम की क्षमता पर भरोसा है। शेरफेन रदरफोर्ड, जो व्यक्तिगत कारणों से 2024 सीपीएल से चूक गए थे, को भी एक प्रमुख फिनिशर के रूप में टीम में शामिल किया है, जबकि आंद्रे फ्लेचर को लुईस और किंग के पीछे रिजर्व ओपनर के रूप में शामिल किया है। जॉनसन चार्ल्स, जिन्होंने सीपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था, सेंट लूसिया किंग्स के साथ 360 डिग्री बल्लेबाज के रूप में खुद को फिर से स्थापित करने के बावजूद चयन से चूक गए। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के लिए आराम देने के बाद तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ टीम में वापस आ गए हैं, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय, जिन्हें अक्सर डेथ ओवर विशेषज्ञ के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, टीम में जगह नहीं बना पाए। सत्रह वर्षीय ज्वेल एंड्रयू ने पल्लेकेले में तीन मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की वनडे टीम में जगह बनाई है। वह वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सबसे कम उम्र के वेस्टइंडीज खिलाड़ी बन सकते हैं, केवल डेरेक सीली और गैरी सोबर्स ने 17 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के लिए अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया है।

वेस्टइंडीज टी 20 टीमःरोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेस (उप-कप्तान), फैबियन एलन, एलिक एथनाज़, आंद्रे फ्लेचर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर शामिल है।

वेस्टइंडीज वनडे टीमःशाई होप (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, एलिक एथनाज़, कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, हेडन वॉल्श जूनियर शामिल है।

## भारत और श्रीलंका के बीच हो सकता है डब्यूटीसी फाइनल

मुम्बई (ईएमएस)। इस बार भारत और श्रीलंका की टीमों के बीच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) के इस तीसरे संस्करण का फाइनल हो सकता है। भारतीय टीम पहले दो संस्करण में उपविजेता रही थी। पहली बार उसे न्यूजीलैंड जबकि दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। इस बार जहां भारतीय टीम बांग्लादेश पर जीत के साथ ही अंक तालिका में नंबर एक स्थान के साथ ही फाइनल की दावेदार है जबकति श्रीलंका भी ऑस्ट्रेलिया को टक्कर देती दिख रही है। भारतीय टीम का अभी जीत प्रतिशत 74.24 है और उसे फाइनल में पहुंचने 8 में से 3 मैच ही जीतने होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत 62.5 है और उसे 7 में से 4 मैच जीतने होंगे। श्रीलंका का जीत प्रतिशत 55.56 है और उसे 4 में से 3 मैच जीतने हैं। इंग्लैंड का जीत प्रतिशत 42.19 है और वह दौड़ से बाहर हो गयी है। वहीं द. अफ्रीका का जीत प्रतिशत 38.89 है और उसे 6 में से 5 मैच जीतने होंगे। न्यूजीलैंड का जीत प्रतिशत 37.50 है और उसे अपने 6 में से सभी 6 मैच जीतने होंगे। आंकड़े साफ हैं कि श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया ही फाइनल में भारत से भिड़ने वाली दूसरी टीम होने की संभावनाएं हैं। भारत को अभी 8 में से 3 टेस्ट जीतने जरूरी है। ये लक्ष्य टीम न्यूजीलैंड को 3 टेस्ट मैच की घरेलू सीरीज में ही हराकर ही हासिल कर सकता है। जबकि श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका से 2 तो ऑस्ट्रेलिया से सिर्फ एक ही टेस्ट जीतने की जरूरत है। श्रीलंका इसलिए भी पसंदीदा है क्योंकि घरेलू धरती पर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज घरेलू मैदान पर खेलनी है। डब्लयूटीसी फाइनल की रेस से अभी , इंग्लैंड, बांग्लादेश, पाकिस्तान और विंडीज जैसी टीमें बाहर हो चुकी है हालांकि ये अन्य टीमों के लिए बाधा जरुर बन सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका को बांग्लादेश दौरे पर जाना है। इस सीरीज में अगर वह हारती है तो पूरी तरह से बाहर हो जाएगी। वहीं इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड से 3 टेस्ट खेलने है। अगर न्यूजीलैंड एक टेस्ट हारा या ड्रा रहा तो वह फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा।

## मूडी ने हार्दिक की फिटनेस और प्रदर्शन पर सवाल उठाये

हैदराबाद (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व मुख्य कोच टॉम मूडी ने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या सहित कुछ खिलाड़ियों को आईपीएल में करोड़ों रुपये के स्लैब में रखे जाने पर सवाल उठाये हैं। मूडी ने पंड्या की फिटने पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब आपको एक बड़ी रकम दी जाती है तो आपको मैच विजेता होना चाहिये और ये भूमिका नियमित रूप से निभानी चाहिये। इस प्रकार से मूडी ने साफ तौर पर हार्दिक की फिटनेस और प्रदर्शन पर सवाल उठाया। बीसीसीआई ने हाल ही में आईपीएल को लेकर नियमों में बदलाव करते हुए कहा था कि एक फ्रेंचाइजी छह खिलाड़ियों को साथ रख सकती है। इनमें दो खिलाड़ियों को 18 करोड़ रुपए की स्लैब में रखा गया है जबकि कुछेक को 14 करोड़ रुपए मिलेंगे। एक खिलाड़ी को 11 करोड़ मिलेंगे। इसी स्लैब पर मूडी ने आपत्ति जतायी है।मूडी ने कहा कि मेरे अनुसार 18 करोड़ की स्लैब में जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी आने चाहिये। साथ ही सवाल किया कि जब आप हार्दिक पंड्या के साथ उन सभी क्षेत्रों का आंकलन करते हैं, तो सवाल उठते हैं कि वह 18 करोड़ का

## सीपीएल 2025 और 2026 फाइनल के लिए मेजबानों की घोषणा



त्रिनिदाद (ईएमएस)। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) ने पुष्टि की है कि 2026 में बारबाडोस का प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा। साथ ही, गुयाना का प्रोविडेंस स्टेडियम 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा। यह लगातार चौथा साल होगा, जब गुयाना फाइनल का आयोजन करेगा।

यह घोषणा तब की गई जब गुयाना अमेजन वारियर्स ने 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफ़ान अली ने उपलब्धि पर गर्व कर कहा कि उन्हें 2025 के फाइनल की मेज़बानी को लेकर बेहद खुशी है। उन्होंने कहा, गयाना अमेज़न वारियर्स को शुभकामनाएं, क्योंकि हम लगातार दो बार फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। अन्य सभी टीमों के लिए भी शुभकामनाएं। हमें यह खुशी हो रही है कि गयाना सीपीएल 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा।

सीपीएल क सीईओ पीट रसेल ने दोनों मेजबान देशों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने गयाना और बारबाडोस की सरकारों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देकर कहा, गयाना और बारबाडोस पिछले 12 सालों से सीपीएल के लिए अद्भुत साझेदार रहे हैं। यह घोषणा वास्तव में रोमांचक है कि वे क्रमशः 2025 और 2026 में फाइनल के लिए मेजबान होगा।

बारबाडोस रॉयल्स, जिन्होंने 2019 में अपना आखिरी खिताब जीता था, के पास अब 2026 में अपने घरेलू धरती पर तीसरा खिताब जीतने का मौका होगा। मैदान पर, गयाना अमेज़न वारियर्स ने दूसरे क्वालीफायर में बारबाडोस रॉयल्स पर शानदार जीत के साथ अपने खिताब की रक्षा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। मोईन अली, रहमानुल्लाह गुरबाज और शाई होप के तेजतर्रार योगदान के चलते वारियर्स ने रॉयल्स द्वारा दिए गए 149 रनों के लक्ष्य को महज 15 ओवर में हासिल कर लिया। अब वॉरियर्स का सामना 6 अक्टूबर को सेंट लूसिया किंग्स से होगा।

## प्रसिद्ध निशानेबाज़ मनु भाकर ने किया पहली बार मतदान

झज्जर (ईएमएस)। ओलंपिक 2024 में दो ब्रॉन्ज़ मेडल जीतने वाली प्रसिद्ध निशानेबाज़ मनु भाकर ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान पहली बार मतदान किया। एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद मनु भाकर ने युवाओं से मतदान की अहमियत को समझने की अपील की।मनु ने कहा, "मतदान करना एक बड़ी ज़िम्मेदारी है। इस देश के युवा होने के नाते, हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अपने मत का सही उपयोग करें और जिसे हम बेहतर नेता मानते हैं, उसे वोट दें। हमारे छोटे-छोटे क़दम ही हमें ऊंचाइयों तक ले जाते हैं।" मनु भाकर ने पहली बार मतदान के अनुभव को साझा करते हुए कहा, "पहली बार वोट डालना मेरे लिए बहुत रोमांचक था। हमें सोचना चाहिए कि हमारा प्रतिनिधि कौन हो, और वही निर्णय हमें देश के बेहतर भविष्य की ओर ले जाएगा।" उनकी यह अपील विशेष रूप से उन युवाओं के लिए प्रेरणादायक है जो पहली बार वोट डाल रहे हैं। भाकर ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उनके एक-एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होता है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मददगार हो सकता है। उनका उत्साह और जिम्मेदारी का अहसास यह दर्शाता है कि युवा पीढ़ी अपने भविष्य के प्रति कितनी जागरूक है।




बार्सिलोना में लुई वुइटन कप नौकायन फाइनल के दौरान ब्रिटेन बनाम इटली स्पर्धा में इनिओस ब्रिटानिया के बेन ऐंसली, चालक दल के सदस्य और आईन्योज़ के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिम रैटक्लिफ, लूना रोसा प्रादा पिरेली टीम के खिलाफ राउंड 11 और फाइनल जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुआ।

## ट्रिस्टन स्टब्स ने शतक जड़कर टीम को दिलाई शानदार जीत

नई दिल्ली (ईएमएस)। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़कर टीम को शानदार जीत दिलाई। अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में हुए मैच में स्टब्स ने 81 गेंदों में नाबाद 112 रन बनाकर प्रोटियाज को 50 ओवर में 343/4 के स्कोर तक पहुंचाया। आयरलैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 162 रन बना सकी और मैच 174 रनों से हार गई। स्टब्स ने मैच के दौरान आक्रामक खेल दिखाया, जिसमें उन्होंने 8 चौके और 3 छक्के लगाए, और उनका स्ट्राइक रेट 138.27 रहा। उन्होंने वियान मुल्डर के साथ मिलकर 92 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इस शतक के साथ, स्टब्स के अब 6 वनडे मैचों में 57 की औसत से 228 रन हो चुके हैं, जिसमें इस श्रृंखला में 2 मैचों में 191 रन शामिल हैं। पिछले मैच में भी उन्होंने अर्धशतक बनाया था। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी अच्छी रही। रिकल्टन ने 39 गेंदों पर 40 रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा फिर से रिटायर्ड हर्ट हो गए। बावुमा ने 39 गेंदों पर 35 रन बनाए। रासी वैन डेर डुसेन और काइल वेरिन ने पारी को आगे बढ़ाया, जहां रासी ने 39 गेंदों पर 35 रन बनाये।

वेरिन ने 64 गेंदों पर 67 रनों की पारी खेली, जिससे टीम का स्कोर 343 तक पहुंचा। वियान मुल्डर ने भी 34 गेंदों पर 43 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही। कप्तान पॉल स्टर्लिंग केवल 5 रन बना सके, जबकि एंड्रयू ने 1 रन और कर्टिस ने 14 गेंदों पर 17 रन बनाये। विकेटकीपर स्टेफन पहले ही गेंद पर पगबाधा होकर आउट हो गए। इसके बाद जॉर्ज ने 10 गेंदों पर 11 और मार्क एडेयर ने 30 गेंदों पर 21 रन बनाये। पुछल्ले बल्लेबाज गेविन ने 25 गेंदों पर 23 रन बनाये, लेकिन टीम अंततः 169 रन तक भी नहीं पहुंच पाई।



# कांग्रेस झूठ और लूट की राजनीति करती है : सैनी

## हरियाणा सीएम ने पत्नी के साथ पैतृक गांव में डाला वोट

चंडीगढ़,(ईएमएस)। हरियाणा में मतदान के बीच सीएम नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कांग्रेस पर मतदाताओं को धोखा देकर राज्य को लूटने की नीति अपनाने का आरोप लगाया है। सीएम सैनी ने मतदान के दिन पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस झूठ और लूट की राजनीति करती है और हरियाणा की जनता यह समझ चुकी है। सैनी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने मन बना लिया है, बीजेपी भारी बहुमत के साथ तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि बीजेपी की डबल इंजन सरकार ने दस सालों में विकास और लोगों के लिए बेहतरीन काम किए हैं और किसान उनकी सरकार की नीतियों से खुश हैं। हरियाणा के सीएम सैनी भी मतदान करने पहुंचे। वह अपनी पत्नी सुमन के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचे और अंबाला जिले के नारायणगढ़ स्थित अपने पैतृक गांव मिर्जा में अपना वोट डाला। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ जो शाम छह बजे तक चलेगा। सैनी कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा से चुनाव लड़ रहे हैं। वोट डालने से पहले सैनी ने अपने गांव में गुरु रविदास मंदिर और गुरुद्वारे में मत्था टेका।

इस बीच हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया कि कांग्रेस में अंदरूनी कलह है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के खेमे में निराशा का माहौल है, वहां अराजकता है। चुनावों से दो दिन पहले बीजेपी नेता अशोक तंवर के कांग्रेस में लौटने के बारे में पूछे जाने पर खट्टर ने कहा कि तंवर ने आया राम गया राम की राजनीति को पुनर्जीवित कर दिया है।



# 5600 करोड़ ड्रग्स मामला : वीरेंद्र बसोया के खिलाफ लुकआउट नोटिस

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में 5600 करोड़ रुपये के ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ करने के बाद पुलिस ने मामले के मास्टरमाइंड वीरेंद्र बसोया के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया है। बसोया विदेश में बैठकर ड्रग्स का कारोबार चला रहा है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी गैंग का भंडाफोड़ कर 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप पकड़ी थी। जांच के दौरान पता चला है कि कोकीन की खेप बसोया ने भेजी थी। मामले में एक अन्य आरोपी तुषार गोयल को गिरफ्तार किया है, जो बसोया का करीबी बताया जा रहा है। पुणे पुलिस ने 2023 में 3000 करोड़



रुपये की ड्रग्स पकड़ी थी, तब भी बसोया का नाम आया था। लेकिन इस बार बसोया का नाम एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट के मुख्य किरदार के रुप में सामने आया है। दिल्ली पुलिस अब उसकी तलाश में जुट गई है, ताकि बसोया को कानून के दायरे में लाया जा सके और इस बड़े नेटवर्क के अन्य सदस्यों का भी पता लगाया जा सके। बता दें कि मामले में तुषार गोयल को पुलिस ने पकड़ा है। तुषार 2022 तक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के आरटीआई सेल का चेयरमैन रहा है। गोयल की कांग्रेस से जुड़ी पृष्ठभूमि और ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़े तार ने इस मामले को संवेदनशील बनाते है। स्पेशल सेल की पूछताछ में गोयल ने बताया कि वह कांग्रेस के आरटीआई सेल का प्रमुख था। आरोपी गोयल ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर आरटीआई सेल चेयरमैन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस लिखा हुआ है। गोयल ने डिग्गी गोयल के नाम से भी एक प्रोफाइल बनाई हुई है। जांच के दौरान, कई कांग्रेस नेताओं के साथ गोयल की फोटो भी सामने आई है।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव : बूथ कैप्चरिंग की कोशिश और अनेक जगह हुई झड़प

### सुबह 11 बजे तक 22.70 फीसदी हुआ मतदान

चंडीगढ़,(ईएमएस)। हरियाणा में आज शनिवार को अंतिम चरण में 90 सीटों के लिए मतदान सुबह से ही जारी है। यहां सुबह 11 बजे तक 22.70 फीसदी मतदान हुआ है। मतदान शाम 06 बजे तक होना है, इससे पहले अनेक बूथों में छुट-पुट झड़प की शिकायतें मिली हैं, जबकि जुलाना में बूथ कैप्चरिंग की शिकायत भी मिली है।

हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए सुबह से जारी मतदान का प्रतिशत 11 बजे तक करीब 23 फीसदी रहा। शनिवार को अंतिम चरण का मतदान हो रहा है, इसमें अभी तक सबसे ज्यादा मतदान 27.94 फीसदी पलवल जिले में और सबसे कम मतदान पंचकूला जिले में दर्ज किया गया है। पंचकूला में 11 बजे तक मात्र 13.46 फीसदी ही मतदान हो पाया है। हरियाणा में मतदान संपन्न होने के साथ ही चुनाव परिणाम 8 अक्टूबर को आएगा। इसबीच हो रहे मतदान में अनेक जगहों से छुट-पुट झड़पों के समाचार हैं। इनमें प्रमुख रुप से भिवानी पोलिंग बूथ है, जहां झड़प होने की सूचना है। यहां पर भाजपा कार्यकर्ता ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हाथापाई करने के आरोप लगाए हैं। एक अन्य जानकारी अनुसार सोनीपत-पंचकूला में एक बूथ में ईवीएम मशीन खराब होने के कारण मतदान आधे घंटे विलंब से शुरु हो सका।

मतदान के बीच बड़ी खबर जींद के जुलाना से आई है, जहां पर बूथ कैप्चरिंग की शिकायत की गई है। जैसे ही बूथ कैप्चरिंग की जानकारी लोगों तक पहुंची वैसे ही यहां के भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी घटना स्थल पर पहुंच गए। उनके वहां पहुंचने का लोगों ने जोरदार विरोध किया और तभी कुछ लोगों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

# भायली में नाबालिग लड़की से गैंगरेप आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

वडोदरा (ईएमएस)| नवरात्रि के पावन पर्व पर वडोदरा से गैंगरेप की घटना सामने आई है| वडोदरा के भायली में अपने दोस्त के साथ बैठी एक नाबालिग लड़की के साथ दो अज्ञात शख्सों ने सामूहिक दुष्कर्म किया| घटना के वक्त आरोपियों का तीसरा साथी ने पीड़ित लड़की के दोस्त को पकड़ रखा था| शिकायत मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है| जानकारी के मुताबिक वडोदरा में नाबालिग पीड़िता रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अपनी दोस्त से मिली और उसके साथ स्कूटी पर बैठ कर भायली स्थित आशापुरा मंदिर चले गए| रात 12 बजे दो बाइक पर पांच लोग वहां पहुंचे इन दोनों के पास पहुंच गए और पीड़ित लड़की के साथ से अभद्र भाषा में बात की| जब दोनों ने इसका विरोध किया तो एक शख्स ने पीड़िता के दोस्त को पकड़ लिया और दो शख्सों ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया| जबकि अन्य बाइक सवार अन्य दो लोग घटना से पहले ही वहांसे चले गए थे| कुछ देर बाद स्थिति ठीक होने पर पीड़िता ने पुलिस को घटना की जानकारी दी| घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए| पुलिस के मुताबिक पीड़िता गरबा नहीं खेलती थी और ना ही उसने पारंपरिक गरबा ड्रेस भी पहनी थी| सुबह 4 बजे थाने में पीड़िता की काउंसिलिंग की| पीड़िता के मुताबिक वह बचपन के दोस्त से मिलने और बात करने गई थी| दोनों लोग रोड डिवाइडर पर बैठक बात कर रहे थे| तभी दो बाइक सवार पांच लोग उनके पास पहुंचे और अभद्र भाषा में बातचीत करने लगे| आरोपी हिन्दी और गुजराती दोनों भाषा में बात कर रहे थे|

इस घटना में पांच में से दो लोग पहले ही वहां से चले गए थे| फिलहाल इस मामले में फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए वडोदरा ग्रामीण और शहर पुलिस की विभिन्न शाखाओं द्वारा कार्रवाई की जा रही है|

# आज चेन्नई के मरीना बीच पर होगा भव्य एयर शो, वायुसेना के 72 जहाज लेंगे हिस्सा



नई दिल्ली : 92वां वायुसेना दिवस समारोह इस बार चेन्नई के मरीना बीच पर मनाया जा रहा है। 21 सालों में पहली बार, चेन्नई वायुसेना दिवस समारोह की मेजबानी करेगा। 06 अक्तूबर को होने वाला इस बार यह समारोह पहले से कहीं ज्यादा भव्य होगा। इस मौके पर मरीना बीच पर एक शानदार एयर शो के साथ भारतीय वायुसेना लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराने की भी कोशिश करेगी।

वायुसेना के मुताबिक, मरीना बीच पर होने वाले भव्य एयर शो में हिस्सा के लेने के लिए सुलूर, तंजावुर, तांबरम, अरक्कोणम और बेंगलुरु से भारतीय वायुसेना के 72 जहाज उड़ान भरेंगे, जो पूर्वी तट पर मिलेंगे। इस एयर शो में भारत का गौरव कहे जाने वाला स्वदेश में बना लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस के साथ-साथ राफेल, मिग-29 और सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटरजेट भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा होंगे। इसके अलावा सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम भी अपने हवाई करतब दिखाएगी। साथ ही, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड औऱ एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव एमके4 भी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा नौसेना के P8I और विंटेज डकोटा भी फ्लाईपास्ट में शामिल होंगे।

भारतीय वायुसेना रविवार को चेन्नई के मरीना बीच पर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी अपना नाम दर्ज कराने की कोशिश करेगी। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले दो घंटे के एयरशो में लगभग 15 लाख दर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है, ऐसे में वायुसेना को उम्मीद है कि एयरशो में इतनी बड़ी संख्या में दर्शकों के हिस्सा लेने से लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी नाम दर्ज कराकर इतिहास बनेगा। इस कार्यक्रम में एयर एक्सरसाइज के अलावा सागर, आकाश, एरोहेड, त्रिशूल, रुद्र और ध्वज जैसी फॉरमेशंस भी दिखाई जाएंगी।

पिछले कुछ सालों से भारतीय वायुसेना अलग-अलग शहरों में वायुसेना दिवस समारोह आयोजित कर रही है। पिछले साल प्रयागराज में और उससे पिछले साल चंडीगढ़ में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस साल चेन्नई में कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे वायुसेना की कोशिश है कि शो को जनता के करीब लाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग देश की हवाई क्षमताओं के साक्षी बनें। एयरशो की तैयारी के लिए, चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का हवाई क्षेत्र 8 अक्तूबर तक बीच-बीच में कुछ समय के लिए 15 मिनट से लेकर दो घंटे तक के लिए बंद रहेगा। इस दौरान कोई भी नागरिक विमान न तो लैंड करेगा और न ही टैक ऑफ करेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इंडिगो की बुकिंग सिस्टम में खराबी, यात्री हो रहे परेशान कई की फ्लाइट छूटी

नई दिल्ली (ईएमएस)। देशभर में एयरलाइन कंपनी इंडिगो की बुकिंग सिस्टम में खराबी आ गई, इसके बाद इंडिगो की उड़ान और ग्राउंड सेवाएं प्रभावित हुई हैं। बताया जा रहा है कि इंडिया में आई तकनीकी खराबी के कारण कई यात्री एयरपोर्ट पर फंसे रहे और अपनी फ्लाइट नहीं पकड़ सके। यही नहीं, कई यात्रियों को बुकिंग करने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इंडिगो ने अपने एक्स अकाउंट के द्वारा सेवाएं प्रभावित होने की जानकारी दी। इंडिगो ने कहा, हम वर्तमान में अपने नेटवर्क में अस्थायी रूप से सिस्टम स्लोडाउन का सामना कर रहे हैं, इससे हमारी वेबसाइट और बुकिंग सिस्टम प्रभावित हो रहा है। हमारे ग्राहकों को वेटिंग समय में वृद्धि का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें धीमी चेक-इन और हवाई अड्डे पर लंबी कतारें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हमारी एयरपोर्ट टीम हर किसी की सहायता करने और एक सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। आश्वस्त रहें, हम जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। इंडिगो ने कहा, हम इस दौरान यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं आपकी समझदारी और धैर्य के लिए हम आपकी सराहना करते हैं। वहीं, इंडिगो में आई तकनीकी खराब के बाद सोशल मोडिया पर कई यूजर्स ने प्रतिक्रियाएं दी। एक यूजर ने लिखा, नए विमानों में निवेश करना अच्छा है, लेकिन ग्राउंड सेवाओं में सुधार के बारे में क्या ख्याल है। अतिरिक्त काउंटरों की जरुरत है, बुजुर्गों को परेशान होते देखना परेशान करने वाला है। कृपया डीजीसीए इस पर ध्यान दें।

### जब गांव पहुंचे दस लोगों के शव तो मची चीख-पुकार, सब की आंखे नम

मिर्जापुर,(ईएमएस)। कछवां के कटका पड़ाव के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में वाराणसी के दो गांवों बीरबलपुर व रामसिंह गांव के लोगों को पता चला कि उनके गांव में दस लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई तो पूरा गांव घटना स्थल पर पहुंच गया। इस हादसे में किसी ने अपना लाल तो किसी ने भाई तो किसी ने अपना पति खोद दिया। इस भीषण हादसे ने कई परिवार उजाड़ गए हैं। बीरबलपुर गांव के रहने वाले कहैया कुमार की चार बेटियों गायत्री, सुमन, निशा व ऊषा में राकेश इकलौता पुत्र था। सड़क दुर्घटना में मृत दस लोगों का शव पोस्टमार्टम के बाद रामसिंहपुर व बीरबलपुर गांव पहुंचे। शव देखकर स्वजन के आंसू निकल पड़े। हर तरफ चीत्कार सुनाई दे रही थी। गांव में भारी भीड़ मौजूद थी। घटना से हर किसी की आंखें नम थीं। पुलिस की माने तो ट्रक चालक तेजगति से जा रहा था। संभावना जताई जा रही है कि उसे नींद आ गई होगी। इससे चलते ट्रक अचानक ट्रैक्टर में टक्कर मारते हुए उसके ऊपर चढ़ गया। घटना के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### रजनीकांत ने पीएम मोदी और फैंस को दिया धन्यवाद

चेन्नई,(ईएमएस)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत ने अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उनके स्वास्थ्य की चिंता करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, राजनेताओं, कलाकारों और शुभचिंतकों को धन्यवाद दिया है। बता दें साउथ के सुपर स्टार रजनीकांत 30 सितंबर को अचानक बीमार हो गए थे, जिसके बाद उन्हें चेन्नई के अस्पताल में भर्ती किया गया था। अब वह ठीक हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रजनीकांत ने लिखा मेरे प्रिय माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, मेरे स्वास्थ्य के बारे में आपकी देखभाल और चिंता और व्यक्तिगत रूप से मेरी जांच करने के लिए आपका हार्दिक धन्यवाद। रजनीकांत ने अपनी अगली फिल्म वेट्टैयन के साथी कलाकार अमिताभ बच्चन को उनकी चिंता करने के लिए व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद दिया और लिखा, मेरे प्रति आपके प्यार और इतनी गर्मजोशी भरी चिंता दिखाने के लिए अमिताभ बच्चन जी को धन्यवाद, वास्तव में यह छू गया। रजनीकांत ने तमिल भाषा में शेयर किए इस नोट में लिखा, मैं राजनेताओं, सिनेमा के सहकर्मियों, अपने दोस्तों और शुभचिंतकों का शुक्रिया करता हूं। मीडिया के लोगों का भी दिल से धन्यवाद। साथ ही उन सभी का धन्यवाद जिन्होंने मेरे लिए दुआएं की हैं। इसके साथ ही सबसे खास धन्यवाद मेरे फैन्स के लिए जिन्होंने मुझे सब कुछ दिया है।

### मुंबई हवाई अड्डा 17 से अस्थायी तौर पर रहेगा बंद

मुंबई, ! महाराष्ट्र के मुंबई में मानसून के बाद छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) की व्यापक रनवे रखरखाव योजना के तहत क्रॉस रनवे-आरडब्ल्यूवाई 09/27 और 14/32 आगामी 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक को अस्थायी तौर पर बंद रहेंगे। हवाई अड्डे पर रनवे को अस्थायी तौर पर बंद रखना मानसून के बाद उसकी मरम्मत और रखरखाव योजना के मद्देनजर किया गया है। सीएसएमआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस नियोजित बंद का प्राथमिक उद्देश्य जरुरी मरम्मत और रखरखाव कार्यों को पूरा करना है जो यह सुनिश्चित करेगा कि हवाई अड्डे की अवसंरचना वैश्विक मानकों को पूरा करती है। मानसून के बाद रनवे रखरखाव का यह वार्षिक कार्य परिशुद्धता और सावधानीपूर्वक की गई गतिविधियों का हिस्सा है, जो परिचालन निरंतरता और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करता है, इस प्रकार हवाई अड्डे के संचालन के मूल में यात्रि सुरक्षा पहले वाले दृष्टिकोण को अपनाता है। मानसून के बाद रनवे का निर्बाध संचालन और सुचारू निष्पादन तय करने के लिए प्रमुख हितधारकों के सहयोग से उड़ान कार्यक्रम को पहले ही समन्वित किया जा चुका है।

### गोदाम में लगी आग, लाखों का माल खाक किसी के हताहत होने की खबर नहीं

ठाणे,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के भिवंडी में एक गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही कम से कम छह दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के प्रयास में जुट गई। यह घटना राज्य में मुंबई-नासिक हाईवे के पास हुई। जानकारी के मुताबिक गोदाम में भारी मात्रा में हाइड्रोलिक ऑयल, कपड़े, प्लास्टिक और केमिकल मौजूद थे। आग में पूरा गोदाम जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारण अज्ञात है। किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना नहीं है। इससे पहले, ठाणे के वागले औद्योगिक एस्टेट में एक फैक्ट्री में 2 अक्टूबर की दोपहर को भीषण आग लग गई थी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग शाम 4 बजे लगी और सात दमकल गाड़ियां आग बुझाने में लगी। फैक्ट्री छुट्टी के कारण बंद थी, इसलिए किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन दमकल अधिकारियों ने फैक्ट्री को काफी नुकसान होने की पुष्टि की है।

### जमीन घोटाला: ईडी कोर्ट ने 11 आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

रांची,(ईएमएस)। ईडी कोर्ट ने बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद सहित 11 आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि 16 नवंबर तक बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए से कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के बाद कोर्ट ने भानु प्रताप प्रसाद, अंतु तिर्की, सद्दाम, अफसर अली, विपिन कुमार सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाह, हजारीबाग का कोर्ट कर्मी इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार की न्यायिक हिरासत अवधि अवकाश को देखते हुए छह सप्ताह बढ़ा दी है। इस मामले में जमानत पर चल रहे सीएम हेमंत सोरेन की ओर से हाजिरी दी गई। जबकि तीन आरोपित आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन एवं मनोज कुमार यादव व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश हुए। ईडी कोर्ट ने मनी लांड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी है। कोर्ट ने अगली पेशी 12 नवंबर तय की है। मामले में अगली तिथि को आरोपियों पर आरोप तय करने पर सुनवाई होगी। सभी को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है।


## जिला परिषद, धनबाद

पत्रांक– 1098 / जि0प0, धनबाद, दिनांक– 05.10.2024

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–7/2024-25/ZPDH/DHANBAD

| क्र | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | B.O.Q. मूल्य | अग्रधन राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 15वें वित्त आयोग (अनाबद्ध) मद | | | | |
| 1 | तोपचाँची | खेसमी पंचायत अन्तर्गत हटियाटॉड़ मेन रोड से हरिजन स्कुल तक 350 पीसीसी पथ निर्माण (2) जीतपुर पंचायत अन्तर्गत मिशन प्राईमरी स्कुल में पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन | 6,67,000 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 2 | तोपचाँची | लेदाटॉड़ पंचायत अन्तर्गत कामता सार्वजनिक स्थल में पेवर ब्लॉक का निर्माण (2) मतारी पंचायत अन्तर्गत सरस्वतीपुर पवन दास के घर से काली मन्दिर तक पीसीसी पथ निर्माण (3) रथटॉड़ कतरी नदी से शिव मन्दिर तक पीसीसी पथ निर्माण | 8,31,500 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 3 | टुण्डी | पुर्णाडीह पंचायत अन्तर्गत ग्राम कारीटॉड़ अशोक मंडल के घर के सामने से 100 फीट पीसीसी पथ निर्माण (2) टुण्डी पंचायत अन्तर्गत टुण्डी मेन रोड बजरंगबली मन्दिर से तिवारी बस्ती तक 150 फीट पीसीसी पथ निर्माण (3) रतनपुर पंचायत अन्तर्गत मधुरसा ग्राम कटचिरा अजीत टुडु निमटॉड़ मोड़ से कटचिरा कलभर्ट तक 150 फीट पीसीसी पथ निर्माण | 5,54,700 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 4 | टुण्डी | कदैया पंचायत अन्तर्गत पुराना दरगाह के सामने 20–15 फीट का शेड का निर्माण (2) बरवाटाड़ पंचायत के फलझर ग्रामीण पथ से काली मन्दिर तक 300 फीट पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन | 8,21,600 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 5 | पुर्वी टुण्डी | मैरानवाटॉड़ पंचायत अन्तर्गत दुम्मा गॉव के श्मशान घाट में शेड निर्माण (2) लटानी पंचायत अन्तर्गत ग्राम लटानी में शेड निर्माण | 9,20,200 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 6 | बाघमारा | फाटामहुल पंचायत अन्तर्गत शिव मन्दिर क सामने चबूतरा निर्माण (2) फाआमहुल पंचायत अन्तर्गत शहरधार तालाब बरगद के पेड़ के सामने चबूतरा निर्माण (3) महेशपुर पंचायत अन्तर्गत बरडार में चबूतरा निर्माण | 5,40,600 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 7 | बाघमारा | मोहलीडीह पंचायत अन्तर्गत हुसैनी के घर से लेकर माला सिंह के घर तक (500 लम्बा एवं 3–3 फीट चौड़ा) पेवर ब्लॉक अधिष्ठापन | 3,90,600 | 750 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 8 | बाघमारा | निचितपुर–1 पंचायत अन्तर्गत श्यामडीह मसुाम बाबा के बगल में कब्रिस्तान में शेड का निर्माण | 6,29,900 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 9 | बाघमारा | सिनीडीह पंचायत के सिनीडीह नदी में स्नानघाट निर्माण (2) फुलवारीटॉड़ पंचायत अन्तर्गत फुलारीटॉड़ शिव मन्दिर के समीप सामुदायिक भवन का निर्माण (3) मलकेरा दक्षिण पंचायत के दुर्गा मन्दिर के सामने पेवर ब्लॉक का निर्माण | 10,09,000 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 10 | धनबाद | दुबराजडीह पंचायत अन्तर्गत छोटन बाउरी के घर से पुछी बाउरी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण (2) दामोदरपुर पंचायत अन्तर्गत एस0के0 चौलिया के घर से लेकर सत्येन्द्र शर्मा के घर तक पीसीसी पथ निर्माण (3) सियालगुदरी पंचायत अन्तर्गत मस्जिद मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार | 4,57,700 | 750 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 11 | बलियापुर | कुसमाटॉड़ पंचायत के नुतनडीह बड़पाथर से चाहान तक पथ पर पेवर ब्लॉक अधिष्ठापन (2) भिखराजपुर पंचायत के अन्तर्गत पहाड़पुर ऑगनबाड़ी केन्द्र के सामने घाट में शेड निर्माण (3) भिखराजपुर पंचायत के रखितपुर गॉव के उपरबॉध बरवाडीह थान में शेड निर्माण | 10,86,000 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 12 | बलियापुर | बलियापुर पश्चिम पंचायत अन्तर्गत मुर्गी फार्म से दास टोला की ओर पीसीसी पथ निर्माण (2) बाघमारा पंचायत अन्तर्गत फुचा डोम के घर से कब्रिस्तान शेड की ओर पीसीसी पथ निर्माण | 7,13,000 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 13 | कलियासोल | सालुकचपड़ा पंचायत में बड़ा तालाब में घाट निर्माण (2) सिमुलदोन ग्राम में एक सामुदायिक भवन का निर्माण | 8,61,200 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक **14-10-2024**
2. ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक **21-10-2024** को **5 P.M.** बजे तक
3. निविदा खोलने कि तिथि एवं समय : दिनांक **23-10-2024** को **3:00 P.M.** बजे।
4. केवल ई–निविदा **(E-Tender)** ही स्वीकार की जायेगी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी : जिला अभियंता, जिला परिशद, धनबाद
6. ई–निविदा प्रकोश्ट का दूरभाश संख्या– **8789242462**
7. जिला परिशद, धनबाद के अन्तर्गत समुचित श्रेणी से निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग लेगें।
8. परिमाण विपत्र विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। यदि खाता बन्द कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
11. योजनाओं की विवरणी एवं अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–

PR 338107 Rural Development(24-25)D

जिला अभियंता जिला परिषद, धनबाद।

# डीसीएसपी धनबाद चैप्टर द्वारा आयोजित किया गया टीचर्स कॉन्फ्रेंस




धनबाद । टीचर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन डीसीएसपी धनबाद चैप्टर के द्वारा आयोजित किया गया । टीचर्स कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि वतौर जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद निशु कुमारी उपस्थित थी । मंच में बतौर अन्य अतिथि के रूप में सी,एस,बी,के पारुई, कंपनी सचिव, बीसीसीएल धनबाद, सी.एस. रितु रिटोलिया अध्यक्ष, धनबाद चैप्टर, सी.एस. देवेंनजय देवनाथ, सचिव, धनबाद चैप्टर भी मौजूद थे । उक्त कॉन्फ्रेंस में वक्ता के रूप में सी एस बी के पारुई ने कंपनी सचिव के कार्य एवं टीचर्स की भूमिका के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी । आगे उन्होंने बताया कि कंपनी सचिव, कॉरपोरेट गवर्नेंस के मुख्य स्तंभ है । सी एस रितु रिटोलिया अध्यक्ष, धनबाद चैप्टर ने कार्य के विशेषताओं के बारे में बताया । सी एस नीता मल्होत्रा ने बताया की एक टीचर की क्या भूमिका होती है, वे किस रूप में क्या काम कर सकते हैं, इसकी जानकारी दी । अंतिम वक्ता के रूप में सी एस राहुल राय पूर्व अध्यक्ष, धनबाद चैप्टर ने सी एस की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मंच का संचालन सी एस स्मृति अरोड़ा एवं तापस कुमार मजूमदार चैप्टर इंचार्ज ने किया । ज्ञात हो की उक्त कार्यक्रम में धनबाद, बोकारो, जामताड़ा से विभिन्न स्कूलों के शिक्षक भी मौजूद थे।

## अनाथ बच्चों के लिए डालसा की अनोखी पहल

### नवरात्र में पांच अनाथ गरीब बेटियों को पढ़ाई के लिए स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा गया



धनबाद, डालसा की पहल से नवरात्र के दौरान शनिवार को पांच अनाथ बेटियों को नया जीवन मिला। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार एवं धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत गठित स्पेशल टीम ने हिरापुर मध्य विद्यालय मे पढ रहे, पांच ऐसे नाबालिग बेटियों एवं चार नाबालिग लड़के को चिन्हित किया जो अत्यंत गरीब है 1 जिनके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है। वे अपने रिश्तेदारों के यहां रहते हैं और स्कूल के बाद दुकानो में काम करते हैं। स्पेशल टीम ने शनिवार को इसकी सूचना डालसा को दी।जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने फौरन इस सूचना पर कारवाई करने का आदेश सचिव डालसा राकेश रोशन को दिया। सचिव ने सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन उत्तम मुखर्जी,एवं हिरापुर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका को सभी चिन्हित 9 नाबालिगों के साथ डालसा कार्यालय में बुलाया ।मौके पर ही पांच नाबालिग बेटियों एवं चार नाबालिग बच्चों के सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार किए गए 1 अवर न्यायाधीश सह सचिव ने रेस्क्यू किए गए बच्चों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्पानशरसीप (प्रायोजन) योजना के तहत मिलने वाले चार हजार रुपए प्रत्येक माह 18 वर्ष की आयु तक , का भुगतान करवाने तथा उससे संबंधित सभी आवश्यक कार्रवाई कर तीस दिनों के अंदर रिपोर्ट करने का आदेश दिया । डालसा की इस पहल से सभी बच्चों को नया जीवन मिला 1 बच्चों ने कहा कि वह पढ़ाई लिखाई कर अधिकारी बनना चाहते हैं, परंतु माता-पिता के नहीं रहने व गरीबी के कारण वे लोग मायूस हो गए थे।आज उन्हें नया जीवन मिला है।

# स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड व सीआरवाई के सौजन्य से आयोजित किया गया स्वास्थ्य जांच कैंप

### 101 दिव्यांगों व अभिभावकों ने कराया निःशुल्क स्वास्थ जांच, प्राप्त किया दवा





धनबाद, नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में शनिवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और सीआरवाई के सौजन्य से एक निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। इस कैंप में सीएचसी धनबाद और 108 एंबुलेंस इमरजेंसी सर्विस की टीम भी मौजूद थी। कैंप में सभी दिव्यांग बच्चो के स्वास्थ्य की जांच फिजिशियन डॉक्टर आई. आलम के द्वारा की गई। जिसमे मौसम बदलने पर होने वाली बीमारी, सर्दी जुकाम, बुखार आदि की जांच की गई। जांच के बाद सभी बच्चो को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क मेडिसिन, विटामिन इत्यादि भी प्रदान की गई। सचिव, अनिता अग्रवाल ने बताया की पहला कदम में समय समय पर निःशुल्क हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया जाता रहा है1 जिससे बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर रह सके। हेल्थ चेक अप कैंप के लिए सचिव अनिता अग्रवाल तथा पूरे पहला कदम परिवार ने सिविल सर्जन धनबाद , स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, सीआरवाई और सीएचसी धनबाद के अमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो की इस मेडिकल कैंप में करीब 100 दिव्यांग बच्चो और उनके अभिभावकों ने स्वास्थ्य जांच कराकर दवा भी प्राप्त किया। सचिव अनिता अग्रवाल ने कोयलांचल संवाद अखबार के वरिष्ठ पत्रकार आर एन चौरसिया को बताया की इससे समाज के हर वर्ग के सहयोग से ये दिव्यांग बच्चे भी सामान्य जन की तरह समाज की मुख्य धारा से जुड़ने के काबिल हो सकेंगे।अनीता ने सभी सम्मानित जन से आग्रह किया की इन बच्चों के कदम से कदम मिला कर इन्हे आगे बढ़ने में मदद करे।

## मारवाड़ी महिला समिति सरायढेला शाखा ने नवरात्र पर किया नौ कन्याओं का पूजन



धनबाद, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति,सरायढेला शाखा की सदस्याओं ने नवरात्रि के अवसर पर एक सरकारी अस्पताल में जाकर नौ कन्याओं का पूजन किया और उन्हें बेबी बेडिंग सेट,मच्छादानी और दक्षिणा भेंट किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष, नीलिमा अग्रवाल, सचिव, मीतू तुलस्यान समेत संस्था की अन्य सदस्याएं उपस्थित थी।

# थैलेसीमिया बच्चों के परिजन और समाजसेवी ने रणधीर वर्मा चौक में दिया धरना




धनबाद, रंधीर वर्मा चौक के पास अंकित राजगढ़िया,समाजसेवी रवि शेखर थैलेसीमिया बच्चों और उनके परिजनों को लेकर बैठे धरने पर कुल 35 बच्चे उनके माता पिता समेत 100 लोग बैठे है 1 मांग पूरी नहीं हुई अब वह रात मे भी बैठेंगे 1 अंकित ने बताया कि थैलेसीमिया बच्चों की जीवन रक्षा हेतु दो मुख्य मांगों को रखा गया1 इसमे बच्चों के लिए दवाई और दे डे केयर सेंटर की मांग है 1थैलेसीमिया बच्चों उनके परिजन के साथ धरना देने पर मजबूर हुए हैंसमाजसेवी अंकित राजगढ़िया ने बताया कि वह 10 साल से हर जगह दे डे केयर सेंटर की मांग कर चुके हैं 1 लगातार बच्चे दवाई और जांच के अभाव मे मर रहे है 1 दे केयर सेंटर से कम मे वह नहीं मानेंगे 1 उन्होंने कहा की अब और नहीं सरकार को हमारी मांगे माननी होगी 1 साथ ही उन्होंने ग्रह भी बताया कि यह धरना शांति पूर्ण रहा और धरना को धनबाद की कई संस्थाओं ने समर्थन दिया है 1 रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष, समाजसेवी रवि ने बताया बच्चों की जीवन रक्षा करना सरकार का कर्तव्य है1 जब तक मांगी पूरी नहीं होगी हमारे आंदोलन इसी तरह चलते रहेगे 1 विधायक राज सिन्हा ने धरना दे रहें करीब 40 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए । राज सिन्हा नें कहा की थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की आवाज़ आगे तक पहुंचाऊंगा और जल्द इनको समस्या से राहत देने का हर संभव

# दुर्गोत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति बैठक में पूजा समितियों को प्रशासन ने दिया आवश्यक निर्देश

### डीजे पर पूरी तरह से रहेगा प्रतिबंध

### निर्देश का उल्लंघन होने पर डीजे कर लिया जाएगा जब्त, पूजा समिति का लाइसेंस भी कर दिया जाएगा रद्द

### विसर्जन के दौरान करना होगा निर्धारित रूट का पालन

### पंडालों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य, वॉलिंटियर्स को पूजा समितियां देंगी अलग पहचान



धनबाद। दुर्गा पूजा को लेकर शनिवार की संध्या न्यू टाउन हॉल में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर किसी भी पंडाल में तथा विसर्जन के समय डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इसका उल्लंघन होने पर डीजे जब्त कर लिया जाएगा, साथ ही संबंधित पूजा समिति का लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा। वहीं विसर्जन के दौरान सभी पूजा समितियों को जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट का अक्षरशः पालन करना होगा। किसी विशेष परिस्थिति में रूट में परिवर्तन करना पड़े तो इसकी सूचना संबंधित थाना एवं जिला प्रशासन को अनिवार्य रूप से देनी होगी। वहीं निर्धारित नदी या तालाब में ही प्रतिमा का विसर्जन करना होगा। उपायुक्त ने सभी पूजा समितियों से पंडाल में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अग्निशमन यंत्र लगाने, अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल की जानकारी रखने, फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट लेने और इलेक्ट्रीकल वायरिंग और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन ने सभी पूजा समितियों से सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा वॉलिंटियर्स को अलग पहचान देकर उनकी लिस्ट संबंधित थाना को देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पूजा समितियों को महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग प्रवेश व अलग निकास द्वार रखने का भी निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा की सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रामक खबरे फैलाने वलों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। इसके लिए एक अलग सेल का भी गठन किया गया है। ऐसा करने पर या ऐसी कोशिश करने वालों पर प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगा। एसएसपी ने कहा कि जबरन चंदा वसूलने वाले, इलीगल शराब बेचने वाले या माहौल को खराब करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में, कयुम खान, राम गोपाल भुवानिया, नागेंद्र कुमार सिंह, कमलेश सिंह, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मोहन राम, लक्ष्मण प्रसाद, महावीर हांसदा, भगत सिंह, गुरमीत सिंह, गुल्लू चौधरी, श्रीमती सुंदरी देवी, आनंद कुमार सिंह, योगेंद्र योगी, हातिम अंसारी, संजय जयसवाल, राजेश्वर प्रसाद यादव सहित अन्य सदस्यों ने सुझाव रखें। जिसमें सुचारू रूप से जलापूर्ति करने, स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने, साफ सफाई, सड़क की मरम्मत करने, पूजा के दौरान भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने, सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हए। बैठक के समापन से पूर्व उपायुक्त कहा कि सभी लोग श्रद्धा पूर्वक पर्व मनाएं। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि पानी, बिजली इत्यादि को लेकर जो भी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी गई है उसका समाधान करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। वहीं एसएसपी ने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देश का सभी पालन करें और आपसी सौहार्द बनाकर हर्षोल्लास त्योहार मनाएं। बैठक में उपायुक्त, माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी, अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी, कपिल चौधरी, नगर आयुक्त, रविराज शर्मा, अपर समाहर्ता, विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी, नारायण राम, डीएसपी हेडक्वार्टर 1, शंकर कामती, डीएसपी हेडक्वार्टर 2, डी.एन. बंका, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, नौशाद आलम, डीसीपी ट्रैफिक, अरविंद कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## झारखंड में जेएलकेएम की पूर्ण बहुमत की बनेगी सरकार : डिंपल चौबे



धनबाद। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी महिला मोर्चा धनबाद की जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की जेएलकेएम पार्टी प्रमुख जयराम महतो के विचारधाराओं से झारखंड के तमाम जनमानस उनसे प्रभावित हैं। हर जगह हमें लोगों का, महिलाओं का सहयोग व प्रोत्साहन मिल रहा है। इन 24 वर्षों में सभी राजनीतिक दलों से जनता त्रस्त हैं।समृद्ध राज्य होने के बावजूद भी झारखंड के लोग भुखमरी के कगार पर है। भ्रष्टाचार, शोषण चरम सीमा पर व्याप्त है। इस बार जनमानस ने बदलाव का संकल्प ले लिया है 1 निश्चित रूप से आने वाले चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ जेएलकेएम की सरकार बनेगी। वहीं पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया की घर-घर जाकर लोगों से मिले, उनकी समस्याओं को सुने, पार्टी हर स्तर तक सबकी समस्याओं को समाधान करने के लिए संकल्पित है। इस बार झारखंड में बदलाव निश्चित है। घर-घर लोग थाली में दिया और जल लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सदस्यों का अभिवादन कर रहे हैं। सिर्फ इसलिए की वर्षों बाद धरातल से जुड़ी मांगो को लेकर अधिकार को लेकर हम आगे बढ़े हैं और निश्चित रूप से लोगों के अधिकारों को दिला कर ही हम दम लेंगे 1

# एशियन हॉस्पिटल में गैस्ट्रो से संबंधित सभी जटिल बीमारियों का इलाज उपलब्ध




धनबाद । एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, कैप सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के अनुभवी और विशेषज्ञ गैस्ट्रो एंटेरोलॉजिस्ट डॉ. हिमांशु ने गैस्ट्रो से संबंधित समस्याओं के लक्षण और उनके समाधान हेतु बहुत ही महत्वपूर्ण बातें साझा की। धनबाद और आस पास के इलाके के मरिजों को गैस संबंध शिकायतें रहती है, पेट फूल जाता है या टाइट हो जाता है, गैस ज्यादा निकलती है, पेट से गुडगुड की आवाजें बहुत आती है, इन सभी शिकायतों के कारण अलग हो जाते हैं। ज्यादातार लोग खाली पेट गैस की गोली खाने लगते हैं लेकिन उनको राहत नहीं मिलती।कई मरीजों के पेट में लहर होती है जो खाना खाने से कम हो जाती है या फिर खाने के बाद भी सही नहीं होती, थोड़ा सा खाना खाने के बाद पेट भर जाता है,ऐसी समस्या को डायस्पेप्सिया कहा जाता है, जो एच.पाइलोरी बैक्टीरिया के पेट में संक्रमण होने की वजह से होता है। भारत की 80% जनता इस संक्रमण से ग्रस्त है, लेकिन इस कारण से दिक्कत सिर्फ 15-20% मरीजों को ही होती है। अपच के अलावा एच.पाइलोरी बैक्टीरिया की वजह से पेप्टिक अल्सर रोग और गैस्ट्रिक कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी भी होती है। जिन मैरीजॉन को अपच की शिकायत होती है, उनकी एंडोस्कोपी द्वार एच.पाइलोरी बैक्टीरिया की जांच की जाती है और 14 दिन को दवा के कोर्स के बाद ये मरीज ठीक हो जाते हैं। पेट के रोगियों को कब्ज या खुसाला न होने की शिकायत होती है 1 डॉ.हिमांशु ने हिंदी दैनिक अखबार के ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को बताया कि इस बीमारी की शिकायत बहुत ही आम बात है और ये हमारे खराब जीवन शैली की वजह से और दूसरी बीमारियों के कारण भी होती है। ज्यादतर कब्ज के मामले, कब्ज के कारण होने वाले विकार, जिनके रोगी को लगता है कि शौच के वक्त खुलासा नहीं हुआ। सुबह शौच में खुलासा होने के लिए कुछ चीजों का सही होना जरूरी है, जैसे कि, खाना टाइम से खाना, खाने में सलाद लेना, पानी अच्छे से पीना, एक्सरसाइज करना और रात में टाइम से सोना। अगर कोई भी रात का खाना 10-11 बजे खायेंगे तो उनको कब्ज की शिकायत रहने की पूरी संभावना होगी। रात का खाना सूरज ढलने के बाद ना खाये। कुछ मरीज़ों की आंत में रुकावट होने की वजह से कब्ज की समस्या होती है 1 इसके लिए कोलोनोस्कोपी की जाती है, जो एशियन हॉस्पिटल में उपलब्ध है।जिन मरीजों की कोलोनोस्कोपी नॉर्मल आती है उनके मलाशय के रास्ते के दवाब जांच की जाती है 1 इस जांच को एनो रेक्टलमेनी मेट्री कहते हैं, जो एशियाई जालान अस्पताल में की जाती है।यदि किसी को भी शौच के साथ ब्लड मिक्स हो कर आ रहा है और शौच कई बार हो रहा है तो ऐसे मरिज को इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज,आईबीडी होने की संभावना है, और ये देखा गया है के ये मरीज ज्यादातर पाइल्स का इलाज करा रहें हैं 1 आईबीडी एक गंभीर बीमारी है 1 जिसका इलाज डायग्नोसिस कन्फर्म होने के बाद जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए, जिन मरीजों की आईबीडी नियंत्रित नहीं रहती उन्हें आगे चलकर कैंसर होने का खतरा रहता है। आईबीडी नाभि के पास मरोड़ मार के दर्द और पतले मल की तरह होती है 1 जिसे वर्तमान में क्रोहन रोग से जाना जाता है 1उसकी जांच पेट के सीटी सैकन एवं कोलोनोस्कोपी द्वारा की जाती है। जिन मरीज़ों को बवासीर में खून आता है, उन्हें सिग्मायोडोस्कोपी की ज़रूरत होती है और उन्हें बवासीर में एक दवा डाली जाती है, जिस से से बवासीर से खून निकलना बंद हो जाता है और मरीज़ों को बवासीर की सर्जरी करवाने की ज़रूरत नहीं पड़ती। आगे डॉ.हिमांशु ने बताया कि जिन मरीज़ों को उल्टी में खून आता है,उनके कारणों में पेप्टिक अल्सर रोग, लीवर खराब हो जाना,शराब के सेवन से, क्रोनिक हेपेटाइटिस बी, सी, ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस, होती है ऐसे कारणों को एंडोस्कोपी की जांच द्वारा पता लगाया जाता है और यदि अल्सर की वजह से रक्तस्राव होता है तो एंडोस्कोपी द्वारा ब्लीडिंग को रोका जाता है,यदि लीवर खराब होने की वजह से उलटी में खून आता है तो उसको वैरिसियल ब्लीडिंग कहते है, जिसकी वैरिस की बैंडिंग की जाति और ग्लू या स्क्लेरोज़िंग एजेंट का इंजेक्शन लगाया जाता है। डॉ. हिमांशु ने बताया कि ये सारी जांच और इलाज की सुविधा एशियन जालान हॉस्पिटल में उपलब्ध है। उपचार के लिए फ़ाइब्रोस्कैन जैसी अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाता है, जिससे पता चलता है की लीवर कितना हार्ड हो गया है और फिर उस मर्ज के हिसाब से उपचार किया जाता है।मौके पर हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ, सी. राजन, डॉ, हिमांशु, पदाधिकारी ताजुदीन आदि मौजूद थे।

## वासदेवपुर कोलियरी में बीती रात चोरों ने सेंधमारी कर गाड़ी के पार्टस पुर्जे चोरी कर ले भागा



लोयाबाद । बसुदेवपुर कोलियरी में बीती रात को अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर 45000 रुपए की गाड़ी के पार्टस पुर्जे चोरी का ले भागा।बताया जाता है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने वासदेवपुर कोलयरी कार्यालय की पीछे के दीवार में सेंधमारी कर कार्यालय के अंदर प्रवेश कर अदंर के बंद पड़े रूम का ताला तोड़कर गाड़ी के टूल बॉक्स तथा कल पुर्जे काफी मात्रा में चोरी कर ले भागा है उसे समय वहां ड्यूटी पर तीन सुरक्षाकर्मी तथा सीआईएसएफ जवान ड्यूटी में मौजूद थे जिनके नाक के नीचे से इतनी बड़ी घटना घट गई और इन्हें भनक तक नहीं लगा।चुकी सुरक्षाकर्मी सुबह में ड्यूटी से घर जाने के क्रम में इस घटना की जानकारी हुई और तब इन्होंने प्रबंधक को इसकी सूचना दिया है। प्रबंधक ने चोरी गये सामानो की कीमत लगभग 45000 आंकी है इस बाबत प्रबंधक प्रदीप मिश्रा ने कहा कि यहां चोरों के आतंक से हम लोग खासे परेशान हैं महीने में एक दो बार चोरी हो ही जाती है थाने में इसकी लिखीत शिकायत कर दी गई है इस घटना की जांच की जाएगी।और दोषीयों पर कारवाई होगी।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।